वर्ष 73 अंक 163 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 13 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जो धोखा देता है, उसे हमेशा ऐसे लोग मिल जाते हैं जो धोखा खाने के लिए तैयार रहते हैं।
> -निकोलो मैकियावेली

**ओबीसी आरक्षणः** सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की केंद्र सरकार की अपील

# माता-पिता की सैलरी से तय नहीं होगी ओबीसी क्रीमी लेयर

### दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को ठहराया सही

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ओबीसी आरक्षण से जुड़े एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए केवल माता-पिता की आय या वेतन को आधार नहीं बनाया जा सकता। इसके साथ ही माता-पिता के पद, सामाजिक स्थिति और सेवा की प्रकृति को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र सरकार की अपील खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही ठहराया। कोर्ट के इस फैसले से उन कई उम्मीदवारों को राहत मिली है जिन्होंने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा पास की थी, लेकिन उन्हें ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि किसी स्पष्टीकरण पत्र के जरिए मूल नीति में बदलाव नहीं किया जा सकता। सरकारी व पीएसयू के बच्चों से अलग व्यवहार समानता के अधिकार के खिलाफ है।

### यह है मामला

यह विवाद यूपीएससी के उन उम्मीदवारों से जुड़ा था जिनके माता-पिता सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों या निजी संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने उनके माता-पिता के वेतन को आय में जोड़कर उन्हें ओबीसी की क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया था। इसके कारण उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिला और नौकरी से वंचित रहना पड़ा। इन उम्मीदवारों ने इस फैसले को चुनौती देते हुए सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) में याचिका दायर की थी। ट्रिब्यूनल ने उनके पक्ष में फैसला देते हुए सरकार को निर्देश दिया था कि उन्हें ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के तहत नियुक्ति दी जाए। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस आदेश को अदालत में चुनौती दी थी।



> 1993 के ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में वेतन और कृषि आय को सीधे आधार नहीं बनाया जाना था। हालांकि 2004 में जारी एक स्पष्टीकरण पत्र के आधार पर सरकार ने पीएसयू और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के वेतन को आय में जोड़ना शुरू कर दिया था।
> **- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

### निर्देशः छह माह में करें दोबारा समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह छह महीने के भीतर प्रभावित उम्मीदवारों के मामलों की दोबारा समीक्षा करे। जरूरत पड़ने पर उन्हें नियुक्ति देने के लिए अतिरिक्त पद भी सृजित किए जा सकते हैं।

### इसलिए महत्वपूर्ण है यह फैसला

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ओबीसी आरक्षण की नीति और उसके क्रियान्वयन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से यह विवाद चल रहा था कि ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने में माता-पिता की आय ही मुख्य आधार हो या उनकी सामाजिक स्थिति और पद भी देखा जाए। अदालत ने इस मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर नीति के कई भ्रम दूर कर दिए हैं। यह फैसला समानता के अधिकार के सिद्धांत को भी मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों के साथ अलग-अलग मानदंड अपनाना अनुचित भेदभाव है। यानी ओबीसी क्रीमी लेयर तय करते समय सभी के लिए समान और तार्किक मानदंड लागू करने होंगे।




दिल्ली में सीएम ने की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

# सरसों भुगतान और तुअर की 100 फीसदी खरीद को मंजूरी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार के साथ चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई केंद्रीय मंत्रियों से उनकी मुलाकात हुई, जिसमें प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत मध्यप्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए। इससे राज्य के हजारों सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने सीएम को तुअर की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद की स्वीकृति का पत्र भी सौंपा। इस फैसले से तुअर उत्पादक किसानों को उनकी पूरी उपज का सरकारी समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित होगा और बाजार में कीमत गिरने का जोखिम कम होगा।



### दलहन-तिलहन के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर सहमति

सीएम ने मध्यप्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने पर भी जोर दिया। केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम द्वारा मूंग, उड़द, चना, तिल, सरसों और ऑयल पाम जैसी फसलों के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। बैठक में पीएम फसल बीमा योजना से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि सोयाबीन जैसी फसलों के नुकसान का आकलन सैटेलाइट डेटा से नहीं, बल्कि क्रॉप कटिंग और रिमोट सेंसिंग दोनों तरीकों से किया जाए।

## जम्मूः पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई 8 करोड़ की हेरोइन

**जम्मू, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जम्मू के बिष्नाह क्षेत्र में पुलिस ने पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए गिराई गई 1.5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 8 करोड़ रुपये आंकी गई है। एक स्थानीय व्यक्ति ने अपने खेत में संदिग्ध बैग पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बैग की जांच की तो उसमें बड़ी मात्रा में हेरोइन मिली। यह बैग सीमा पार से आए पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए गिराया।

९00 करोड़ का ऑनलाइन निवेश घोटाला

# चार राज्यों में 15 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करीब 900 करोड़ रुपये के ऑनलाइन निवेश और पार्ट-टाइम जॉब फ्रॉड मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में 15 स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी के मुताबिक यह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का मामला है, जिसने पूरे देश के हजारों भारतीयों को फर्जी ऑनलाइन योजनाओं के जरिए करोड़ों रुपये का चूना लगाया।

सीबीआई ने यह मामला इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से मिली जानकारी के आधार पर दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि यह गिरोह सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर लोगों को ऑनलाइन निवेश और पार्ट-टाइम नौकरी के नाम पर लालच देता था।




ठग पहले लोगों से छोटी रकम निवेश करवाते थे और उन्हें नकली मुनाफा दिखाकर भरोसा जीतते थे।

फारूक अब्दुल्ला बोले- ऊपर वाले ने बचाया

# हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से चलाई थी गोली

**श्रीनगर, जेएनएन।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हमलावर ने सिर पर कुछ इंच दूर से गोली चलाई थी। गनीमत रही कि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर का हाथ ऊपर कर दिया और उन्हें गोली नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा- मुझे ऊपर वाले ने बचाया है। शादी से निकलते समय मैंने कुछ आवाज सुनी, मुझे लगा कि यह पटाखा है। बाद में मुझे बताया गया कि एक आदमी ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिससे हथियार ऊपर की ओर हो गया।



**स्वास्थ्य** विशेषज्ञ बोले- उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग जरूरी

# 13.8 करोड़ भारतीय किडनी रोग से प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में किडनी से जुड़ी बीमारियों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2023 में देश में करीब 13.8 करोड़ लोग किडनी रोगों से प्रभावित पाए गए हैं। ऐसे में उच्च जोखिम वाले लोगों की पहचान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू करना बेहद जरूरी हो गया है।

विश्व किडनी दिवस 2026 के अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किडनी रोग की जांच और इलाज की सुविधाएं सीमित हैं। इसलिए सरकार को जोखिम वाले समूहों की नियमित जांच के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।

इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी (आईएसएन) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से आग्रह किया है कि क्रॉनिक किडनी डिजीज को गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण से जुड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम में औपचारिक रूप से शामिल किया जाए। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में सीकेडी की दर तेजी से बढ़ रही है और यह 16 फीसदी से अधिक हो चुकी है। अनुमान है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो 2040 तक यह भारत में मौत के पांच प्रमुख कारणों में शामिल हो सकती है।

आईएसएन के अनुसार किडनी रोगों का बढ़ता खतरा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं, बार-बार होने वाली तीव्र किडनी चोट और पर्यावरणीय कारणों से जुड़ा हुआ है।

नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी बंसल के मुताबिक, भारत में किडनी रोग के कई कारण ऐसे हैं जिन्हें समय रहते रोका जा सकता है। इसलिए इलाज पर ही निर्भर रहने के बजाय रोकथाम और शुरुआती जांच पर ध्यान देना जरूरी है।

आईएसएन के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को दिए ज्ञापन में सुझाव दिया कि किडनी रोग की जांच को राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग कार्यक्रम के तहत शामिल किया जाए। इससे भारत में किडनी उपचार का मॉडल केवल डायलिसिस पर आधारित रहने के बजाय रोकथाम और शुरुआती उपचार पर केंद्रित हो सकेगा।



> किडनी रोग का बड़ा हिस्सा शुरुआती चरण में पहचान में ही नहीं आता। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक वह गंभीर स्तर पर पहुंच चुकी होती है। इससे मरीजों और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।
> **- डॉ श्याम बिहारी बंसल,** वरिष्ठ विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन





## पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त आज होगी जारी

**रीवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का वितरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को गुवाहाटी असम से किया जाएगा। यह दिन पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 13 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लाइव प्रसारण दिखाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में किसानों को प्रदान की जाती है।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433


# रसोई गैंस संकट: तहसीलदार व टीआई करायेंगे गैस सिलेंडर का वितरण

### कलेक्टर ने गठित की पांच टीमें, अलग-अलग गोदामों मे रहेंगे तैनात

### गोदामों में सिलेण्डर खत्म, ब्लैक के दाम बढ़े

जागरण, रीवा

रीवा में गैस संकट गहराता जा रहा है। अब चूल्हा जलाने के लिए तपती धूप में तपना पड़ रहा है। गैस गोदामों में बढ़ती उपभोक्ताओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सजगता बढ़ा दी है। गैस एजेंसियों की गोदाम में मजेस्ट्रियल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। अब तहसीलदारों की उपस्थिति में गैस सिलेंडर का वितरण होगा। इनके साथ पांच-पांच पटवारी व टीआई सहित थाने की पुलिस मौजूद रहेगी। जारी आदेश के मुताबिक तहसीलदार यतीश शुक्ल पुष्कर गैस एजेंसी, विंध्य मिश्रा पंवार गैस एजेंसी, दिलीप श्रीवास्तव रीवा गैस सर्विस, तेजपति सिंह बिछिया इंडेन रीवा, अरुण यादव गुढ़ पापुलर इंडेन रीवा, और राजीव शुक्ल की वर्तिका गैस रीवा की जिम्मेदारी दी गई है। यहां सवाल यह है कि जब लोगों की बुकिंग ही बंद तो वह सिलेंडर लेंगे कैसे। बुकिंग प्रकिया क्रेश कर दी गई है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है।

**कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद भी नहीं मिला सिलेण्डर :** गैस सिलेण्डर के लिए गुरुवार को भी लोग परेशान होते रहे। लोग सुबह से अपने खाली सिलेण्डर लेकर गैस गोदामों में पहुंच गए। शहर में सिर्फ मैदानी गोदाम में कुछेक सिलेण्डर दिए गए वह भी बुधवार को जो सिलेण्डर से भरा ट्रक आया था, उसमें से कुछ बचे थे, जिन लोगों को सिलेण्डर मिले उनकी पहले से बुकिंग थी, बाकी लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद बैरंग लौटना पड़ा। रतहरा गोदाम में गए लोगों में से तो किसी भी सिलेण्डर नहीं मिला, यहां पर सिलेण्डर थे ही नहीं, लोग इंतजार करने के बाद लौट गए।



### अब बुकिंग भी नहीं हो रही

उपभोक्ताओं ने बताया कि लोग सिलेण्डरों की बुकिंग करवा रहे हैं लेकिन अब बुकिंग भी नहीं हो रही, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। सिलेण्डर ब्लैक करने वाले सक्रिय हो गए हैं और इस परिस्थिति का भरपूर फायदा उठाते हुए माथा देखकर तिलक लगा रहे, यानी ब्लैक में सिलेण्डर 1800 से 2000 रुपए तक बेच रहे हैं, कोई तो इससे भी महंगा बेच रहे हैं। ये बात समझ से परे है कि जहां गैस एजेन्सी, गोदामों में गैस सिलेण्डर नहीं है तो ब्लैक करने वालों के पास सिलेण्डर कहां से आए? कुछ शहरों में लोगों के घरों से सिलेण्डर बरामद भी किए गए हैं, लेकिन शहर में जिम्मेदार सिलेण्डर की ब्लैक मार्केटिंग को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे।

### तीन माह बाद भी नहीं हुई बुकिंग



घोघर से सिलेण्डर लेने आए मां-बेटे ने अपना नाम तो नहीं बताया परन्तु यह जरूर बताया कि करीब तीन माह पूर्व उन्होंने सिलेण्डर लिया था, आज सुबह बुकिंग के लिए फोन लगाया तो वहां से उन्हें कहा गया कि मैदानी से जाकर सिलेण्डर ले लो, लेकिन मैदानी पहुंचने पर उन्हें सिलेण्डर नहीं दिया गया, करीब तीन घंटा से अधिक समय तक वे लोग वहीं बैठे रहे, जिसके बाद यहां के कर्मचारी गोदाम बंद करके चले गए। सिलेण्डर लेने आए संतोष शुक्ला ने बताया कि वे कल से सिलेण्डर के लिए चक्कर काट रहे हैं, उनका सिलेण्डर बुक है, किन्तु मैसेज नहीं आया, घर में एक ही सिलेण्डर है, जिससे खाना बनाने की दिक्कत हो रही है। शहर के लगभग सभी गैस गोदामों में भीड़ लगी रही, लोग अपना काम-धंधा छोड़कर सिलेण्डर ले जाने के घंटों इंतजार करते रहे, जिन्हें निराशा ही हाथ लगी।

### किस युग में ले जाओगे आदिम युग में...



महामानव ने बोला था गटर में पाइप लगाओ गैस निकलेगी उसमें आप भोजन पकाओ, चाय बनाओ, कहां है वह गैस, गैस के लिए शहर की जनता परेशान है। सुबह 5 बजे से शहर की बहन, बेटियां सड़कों के किनारे सिलेण्डर लिए बैठी रहती हैं, 1400 से 1500 रुपए में गैस की कालाबाजारी हो रही है। सिलेण्डर के लिए जनता जनार्दन परेशान है। कॉमर्शियल सिलेण्डर न मिलने से बेटियों की शादी रद्द हो रही है। कहां ले जाओगे महामानव, आदिम युग में ले जाओगे, फिर से चूल्हा जलवाओगे, क्या यही विकास है। सिलेण्डर तो पहुंचाओ, सिलेण्डर पाना हमारा अधिकार है और हम यह अधिकार प्राप्त करके रहेंगे।

कविता पाण्डेय

**पर्याप्त गैस सिलेंडर हैं, गुरुवार को 6181 लोगों को दिया: कलेक्टर :** कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की उपलब्धता है। गुरुवार को 6181 लोगों को गैस सिलेंडर दिए गए। उन्होंने कहा कि पिछली डिलिवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है अतः उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग कराकर ही गैस लें और गैस उनके घर पर पहुंचाई जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की गोदाम, वितरण स्थल व गैस ऑफिस में अनावश्यक भीड़ न लगे और कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने गैस वितरकों को व्यवस्था सुनिश्चित कराकर गैस वितरण के निर्देश दिये।

## अंचलों के अतिक्रमण को लेकर नोटिस, शहर के दिखाई नहीं दे रहे

### नाले, सड़क के किनारे व ऊपर तने पक्के निर्माण, अस्थाई कब्जों की भरमार



**जागरण, रीवा।** शहर में हुए स्थाई व अस्थाई कब्जों को लेकर जिम्मेदार निष्क्रिय हैं। शहर के नालों के किनारे, सरकारी सड़क के किनारे कब्जे हैं, अस्थाई कब्जों की शहर में भरमार है, लेकिन इन्हें आज तक किसी प्रकार का नोटिस दिए जाने की सूचना नहीं। शहर का ऐसा कोइ कोना या सड़क नहीं है जहां अतिक्रमण न हो।

समान चौराहे पर नाले पर ही एक फर्नीचर बनाने वाले ने दुकान बना ली है, जब यहां दुकान शुरू की गई थी उस समय जिम्मेदारों को चेताया गया था, लेकिन कब्जा नहीं हटा, कब्जाधारी ने अब स्थाई दुकान बना ली है। विक्रम पुल के समीप सड़क किनारे स्थित फुटपाथ पर निर्माण किया गया है, जिसका नामांतरण भी हो चुका है, धिरमा नाला के एक हिस्से में रीवा शहर लगता है तो दूसरे छोर पर मैदानी ग्राम पंचायत लगती है, नाले के दोनों और पक्का निर्माण हो गया है, लेकिन यहां कोई जिम्मेदार आज देखने भी नहीं आया। इसी नाले को आगे बंद कर दिया गया है, नाले की जमीन पर पक्की दुकानें व मकानों का निर्माण हो गया है, जिसे पहले प्रशासन ने ही तुड़वाया था, लेकिन इसके बाद भी यहां मकान, दुकानें बन गईं और बिक भी गईं, जिम्मेदार मौन साधे रहे। अमहिया नाले के दोनों ओर निर्माण हो गए हैं, वार्ड 24 में सड़क पर ही निर्माण करके सड़क को संकरा कर दिया गया है, इस क्षेत्र के लोगों की मानें तो अवैध कब्जा हटाना तो दूर आज तक कब्जा करने वाले को नोटिस तक नहीं दिया।

### अस्थाई कब्जों का बढ़ता जा रहा दायरा

शहर के तीनों ओवर ब्रिज बनने के बाद से ही इनके नीचे अवैध दुकानें संचालित हो रही हैं, जिला पंचायत कार्यालय के सामने दुकानें लग रही हैं, मुख्य बाजार के फुटपाथ अवैध कब्जों से पटे पड़े हैं, लोगों के चलने के लिए बनाए गए फुटपाथ का उपयोग अवैध दुकान लगाने वाले कर रहे हैं, किन्तु इन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही, जिसके चलते शहर में अस्थाई कब्जे का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

## रतहरा जंक्शन कार्य का उप मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रतहरा जंक्शन के विस्तारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रतहरा जक्शन शहर का प्रमुख स्थल हैं जहां पानी का भराव होता है इसके व्यवस्थित ढंग से बन जाने से तथा ड्रेनेज की सुचारू व्यवस्था होने से जल भराव नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि आवागमन को सुचारु बनाने के लिये अतिरिक्त कैरीवे भी बनायें, ताकि रिंगरोड से बायपास व शहर की यातायात व्यवस्था को सुविधा हो। रतहरा जंक्शन के सौन्दर्यीकरण कार्य सहित अन्य कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ने दिये।

## उप मुख्यमंत्री ने राघवाचार्य महाराज से लिया आशिर्वाद



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने अमहिया निवास में पूज्य राघवाचार्य जी महाराज का स्वागत किया तथा उनसे आशिर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज जी का दिव्य सानिध्य प्राप्त करना विशिष्ट अनुभूति रही।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी के दिव्य विवाह का किया गया मनोहारी चित्रण



**जागरण, रीवा।** शहर के स्थित चिरहुलानाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह का अत्यंत भव्य और मनोहारी चित्रण किया गया। कथा व्यास बाल संत आचार्य आयुष कृष्ण (कान्हा) जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की पावन कथा का अत्यंत भावपूर्ण कथा का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की बारात बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रद्धालुओं ने अपने पुत्र-पुत्रियों के विवाह की भांति पूरे विधि-विधान से मंगल गीतों और भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी का दिव्य विवाह संपन्न कराया। मंदिर परिसर से निकली भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, फूलों की वर्षा और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## गर्मी आते ही बढ़ी देशी फ्रीज की मांग

### मटकी, मटके सहित सुराही की जगह-जगह सजी दुकानें

**रीवा।** गर्मी की शुरुआत होते ही शहर में मटकों की मांग बढ़ गई है। जगह-जगह मटकी, मटके, सुराही की दुकानें सज गई हैं, लोग बड़ी संख्या में मटके खरीदकर ले जा रहे हैं। छोटी मटकी से लेकर बड़े मटकों के साथ ही सुराही, नल वाले मटकों की बिक्री हो रही है, जिनके दाम 60 रुपए से लगाकर 300 रुपए तक हैं। मटका बनाने वाले दुकानदारों ने बताया कि शहर में फ्रीज तो बिक रहे हैं, इसके अलावा अधिकतर लोग मटके भी खरीदकर ले जा रहे हैं। खासकर गरीब व आम आदमी मटकों पर ही निर्भर रहते हैं, यूं तो 12 महीने घरों से मटकों की बिक्री करते हैं, लेकिन गर्मी आते ही मटकों की मांग जोर पकड़ लेती है, मटका व्यापारियों ने बताया कि अभी गर्मी और बढ़ने पर मटकों की बिक्री और भी बढ़ने की संभावना है।



## रेलवे स्टेशन में बढ़ी यात्रियों की भीड़, होली कर लौट रहे लोग

### विभिन्न शहर जाने वाली ट्रेनें चल रहीं फुल



**जागरण, रीवा।** होली का त्योहार होते ही होली मनाने आए अपने घर आए लोगों का लौटना शुरू हो गया है। होली, पंचमी, अष्टमी पर्व मनाने के बाद अब लोग अपने कार्य क्षेत्र लौट रहे हैं, जिससे रेलवे स्टेशन में विभिन्न शहरों को जाने वाली ट्रेनों के समय यात्रियों की खासी भीड़ जुट रही है, टिकट खिड़की में टिकट खरीदने वालों को कतार में लगकर टिकट लेना पड़ रहा है। शहर से चलने वाली ट्रेनें फुल चल रही हैं, अधिक दूरी तक सफर करने वालों ने पूर्व से ही अपने टिकट आरक्षित करवा लिए हैं जबकि कम दूरी वाले यात्रियों को कतार में लग टिकट प्राप्त करना पड़ रहा है। गुरुवार को शटल के समय भी रेलवे स्टेशन में यात्रियों की खासी भीड़ देखने को मिली।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: नगर निगम में हुई ज्ञानवर्धन कार्यशाला

### महिला सफाई मित्रों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित

### डॉक्टरों की टीम द्वारा महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**जागरण, रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा महिला सफाई मित्रों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए ज्ञानवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर निगम के टाउन हॉल में आयोजित कार्यशाला के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ज्ञानवर्धन कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिला सफाई मित्रों एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारियों ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से महिला सफाई मित्रों द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ज्ञानवर्धन कार्यशाला में महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, साफ-सफाई तथा सुरक्षित कार्य पद्धति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि महिलाएं अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता और संतुलित आहार को अपनाएं तो कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा महिलाओं का रक्तचाप, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

## स्टैंड से निकालकर बसें सड़क पर आड़ी खड़ी कर देते हैं चालक

### 112 में सवार पुलिस कर्मियों ने सायरन बजाया, तब जाकर हटी बसें



**जागरण, रीवा।** नए बस स्टैंड में खड़ी बसों को अपने गंतव्य तक ले जाने वाले चालक स्टैंड से बसों को निकालकर सड़क पर ही आड़ी करके खड़ी कर देते हैं और सवारियों को पुकारते हैं, जिससे सड़क का आवागमन बंद हो जाने से जाम लग जाता है, गुरुवार दोपहर भी समान बस स्टैंड से निकलीं दो बसें सड़क पर ही आड़ी करके खड़ी कर दी गईं। जबकि एक बस पहले से ही सड़क को घेरे खड़ी थी, जिसके चालक-परिचालक सवारियों को पुकार रहे थे। इसके बाद स्टैंड से निकली एक और बस बीच में खड़ी कर चालक परिचालक सवारियों को पुकारने लगे, जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया, जिस समय बसों को यहां खड़ा किया गया था उस समय यहां पर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे, कुछ देर बाद सिरमौर चौराहे की ओर से आने वाले 112 वाहन में सवार पुलिस कर्मियों ने अपने वाहन का सायरन बजाकर व माइक पर चिल्लाकर बसों को हटाने के लिए निर्देश दिए जिसके बाद यहां से बसें हटाई गईं, 112 के वाहन चालकों को भी कई बार बसें हटाने के लिए बोलना पड़ा। ये स्थिति यहां ही नहीं, नए बस स्टैंड के साथ ही पुराने बस स्टेंड के सामने भी सहजता से देखी जा सकती है।

## आउटडोर मीडिया नियम के तहत ननि ने की सख्त कार्रवाई

### अवैध बैनर एवं होर्डिंग जब्त कर काटा चालान

### रेड टैप एवं लॉ पीनोज पिज्जा ने 23,600 रुपये जमा कर मौके पर कराया पंजीयन



**जागरण, रीवा।** शहर में आउटडोर मीडिया नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नोडल अधिकारी आउटडोर मीडिया के नेतृत्व में नगर निगम की टीम द्वारा जोन 02 में अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ चालानी कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान रेड टैप एवं लॉ पीनोज पिज्जा द्वारा मौके पर ही 23,600 रुपये की राशि जमा कराते हुए पंजीयन कराया गया। कम्पोजिट मदिरा दुकान झिरिया, जॉकी सहित अन्य दुकानों द्वारा अवैध बैनर एवं होर्डिंग की जब्ती एवं 4,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा पूर्व में संबंधित दुकानदारों एवं संस्थानों को नोटिस जारी कर आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के अनुरूप पंजीयन कराने एवं अवैध होर्डिंग-बैनर हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस उपरांत भी नियमों का पालन न करने पर निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई।


पायनियर स्कूल (Pioneer School)
प्रथम 50 छात्रों को प्रवेश शुल्क माफ
नर्सरी से 10वीं तक प्रवेश प्रारंभ
• घर तक वाहन सुविधा
• शांत वातावरण / एक एकड़ का कैम्पस
• सभी शिक्षक पोस्ट ग्रेज्यूट
Pioneers School of Excellence
अनंतपुर, सूरज नगर, रीवा | संपर्क नंबर :- 9826877767, 83700 73017

REWA COLLEGE OF EDUCATION
NH-30, PRAYAGRAJ ROAD, RATAHARA, REWA (M.P.)
Email Id-ritrewa2003@gmail.com | Mob : 9425343999
Applications are invited for B.Ed. course for the following post. Interested candidate may apply within 7 days. Appointment will be made under college code-28 (APS University, Rewa) Salary according to NCTE / UGC norms.

| S. No. | Name of Post | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1 | Principal -1 | As per U.G.C. / NCTE norms |
| 2 | Asst. Professor Education-3, Arts-2, Math-1, Life Sc.-1, Fine Arts-1, Physical Edu.-1, Music-1 | |

Director
RCE Rewa

REWA INSTITUTE OF TECHNOLOGY
Approved By AICTE New Delhi, Recognized by DTE M.P. Govt. and Affiliated to APSU Rewa
Email Id-ritrewa 2003@gmail.com | Mob : 9826084326
Applications are invited for MBA course for the following post. Interested candidate may please apply within 7 days. Appointment will be made under college code-28 (APS University, Rewa) in the U.G.C./AICTE Norms.

| S. No. | Name of Post | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1 | Principal | As per U.G.C./ AICTE norms Specialization in Finance/Marketing/ H.R.& IT |
| 2 | Professor-1 | |
| 3 | Associate Professor-5 | |
| 4 | Assistant Professor- 6 | |

Director
RIT Rewa

## न्यूज कार्नर

### 8 सरपंच, पूर्व सरपंच एवं पूर्व सचिव के विरुद्ध वारंट जारी



**जिपं सीई का निर्देश जेल को सुपुर्द कर दें जानकारी**

**रीवा।** विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव को वसूली की राशि जमा न करने पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों से कहा है कि संबंधितों को वारंट तामील कराकर सेंट्रल जेल में सुपुर्दगी कराकर अवगत करायें। पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बधवा कोठार नईगढ़ी के बहादुर साकेत, पूर्व सचिव रामसुंदर साकेत एवं दिलीप कुमार पटेल, पूर्व सरपंच भोलगढ़ बबिता साकेत, पूर्व सचिव भगवानदीन दाहिया, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बुढ़िया उमा सिंह एवं पूर्व सचिव लवकुमार शर्मा, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जोगिनहाई औसेरी कोल एवं तत्कालीयन सचिव धीरज सिंह, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अकौरी ललितादेवी एवं पूर्व सचिव प्रतिभा उर्मालिया, सरपंच ग्राम पंचायत सोनौरी श्यामबाबू साहू एवं सचिव अमर सिंह सहित पूर्व सचिव ग्राम पंचायत सदहना संतोष सिंह, पूर्व सचिव ग्राम पंचायत बुसौल संतोष तिवारी, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पलिया 351 विष्णु कोल, पूर्व सरपंच हरदोली रमेश कुमार एवं अवधेश ट्रेडर्स जवा के प्रोपाईटर अवधेश सिंह के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर सेंट्रल जेल में सुपुर्दगी के आदेश दिये गये हैं।

### मतदान के दौरान जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य

**रीवा।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान के समय प्रत्येक मतदाता को राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के द्वारा जारी परिचय पत्र के अलावा अन्य कोई परिचय पत्र मान्य नहीं होगा, ऐसे अधिवक्ता जिनके परिचय पत्र खो गए हैं या नष्ट हो गए हैं, वे राज्य अधिवक्ता परिषद से अपना परिचय पत्र स्वयं बनवा लें या अधिवक्ता संघ रीवा के कार्यालय सचिव से उक्त संबंध में सम्पर्क कर सकते हैं।

# दुआरी तालाब में किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने ढहाया

● **हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

● **तालाब में अतिक्रमण कर बनाये गये 23 अवैध निर्माण को किया गया जमींदोज**



जागरण, रीवा

जिला प्रशासन द्वारा अंततः दुआरी तालाब में अवैध रूप से बसी दलित बस्ती को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। यहां बसे लोगों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण विरोध काम नहीं आया। दुआरी तालाब से अतिक्रमण कर बनाये गये 23 अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा इन्हें बेदखल करने के लिए पूर्व में नोटिस दी गई थी। नोटिस मिलने के बाद परेशान लोगों ने जिला कलेक्टर के पास पहुंच अपना आशियाना बचाने की गुहार भी लगाई थी। लेकिन हाईकोर्ट में दायर अवमानना याचिका के कारण जिला प्रशासन भी असहाय नजर आया। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए हाईकोर्ट द्वारा सन् 2014 में आदेश दिया गया था लेकिन गरीब दलितों के कारण जिला प्रशासन कार्यवाही करने से बच रहा था, अवमानना प्रकरण के चलते प्रशासन को कार्यवाही के लिए मजबूर होना पड़ा। इस तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए श्यामनंदन मिश्रा द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, किन्तु प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर अवमाना याचिका दायर की गई थी, जिसकी अगली सुनवाई 17 मार्च को है और जिला प्रशासन को कोर्ट के आदेश की अवमानना से बचने के लिए इस दिन तालाब का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पूर्ण कर जवाब देना है। प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा द्वारा की जा रही है। कार्यवाही के संबंध में नायब तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि दुआरी तालाब की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर लगभग 23 मकान बने हुए थे। इन्हें हाइकोर्ट के निर्देश पर तोड़ा गया है। इस मामले में पहले भी राजस्व न्यायालय से 2023 में कार्रवाई हो चुकी है। इसके अलावा उच्च न्यायालय ने सन् 2014 में निर्देशित किया था कि जितनी भी ऐसी जल संरचनाएं हैं, जहां पर अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है, वहां से सभी को हटाने का निर्देश दिया गया था। इस मामलों को लेकर कोर्ट की अवमानना का प्रकरण भी दायर किया गया था। लिहाजा कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के बाद अब उच्च न्यायालय को इसी महीने प्रशासन को सूचित करना है कि इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है।

### खुले में पड़ा है गृहस्थी का पूरा सामान

प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के बाद तालाब को अतिक्रमणमुक्त तो कर दिया गया लेकिन घर उजड़ने के बाद दलितों की गृहस्थी का पूरा सामान तालाब में खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ था। इन लोगों के पास रहने के लिए के लिए कोई और इंतजाम नहीं है। राजमणि साकेत, भगवानदीन साकेत, दशरथ साकेत, रामकुमार साकेत, परमदास साकेत, रामकुमार साकेत, भीम साकेत, शरद कुमार साकेत आदि ने बताया कि वे पिछले चार दशक से अधिक समय से तालाब की मेड़ पर घर बना कर रहे थे और मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार पाल रहे थे लेकिन अब रहने का ठिकाना भी छीन लिया गया है। कलेक्टर के पास गये थे लेकिन कोई राहत नहीं मिली। अब केवल ऊपर वाले का ही सहारा बचा है।

### एक दिन पहले किया था सरपंच के घर का घेराव

दुआरी दलित बस्ती के लोग नोटिस मिलने के बाद अपने घर उजड़ने से बचाने के लिए बुधवार को सरपंच के घर का भी घेराव किया था। इन लोगों ने इसके लिए सरपंच को जिम्मेदार समझा और अपना गुस्सा निकलते हुए सभी सरपंच के घर पहुंच गए थे। लेकिन सरपंच चंद्रावती यादव ने बताया कि इस मामले में उनका कोई रोल नहीं है। सरपंच द्वारा बस्ती को बचाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की गई थी कि बेदखल किए जाने वाले परिवारों को कहीं भी भूमि का आवंटन किया जाए। इनके पास अन्यत्र घर बनाने के लिए कहीं भी भूमि नहीं है।

# जानकारी के अभाव में हेल्थ हेल्पलाइन-104 का नहीं मिल रहा लाभ

**स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो शिकायत भी होगी**

**जागरण, रीवा।** कई बार अचानक परिवार का कोई सदस्य बीमार पड़ जाता है, हम तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन लगाते हैं लेकिन कई बार एम्बुलेंस समय रहते मरीज तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसी विषम परिस्थिति में यदि सीधे डॉक्टर की सलाह मिल जाती है तो गंभीर मरीज के साथ उनके परिजनों को काफी मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी डॉयल 104 ऐसी ही आपात स्थिति में मरीजों की सहायता से संचालित है, हालांकि इसका समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने से लोग इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य से जुड़ी सेवा का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस निःशुल्क 104 हेल्थ हेल्पलाइन के माध्यम से लोग अपनी मानसिक समस्या एवं शारीरिक समस्या पर भी इस हेल्पलाइन पर सुझाव ले सकते हैं। वहीं किसी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में बरती जाने वाली लापरवाही की शिकायत भी इसमें दर्ज कराई जा सकती है।

### विशेषज्ञ देते हैं जरूरी सलाह

जानकारी अनुसार 104 नंबर पर डायल करने पर हेल्थ इन्फॉर्मेशन सेंटर में बैठे डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मी चिकित्सीय जानकारी देते हैं। यह सुविधा सुबह 8 बजे से रात को 8 बजे तक संचालित की जा रही है। यहां मरीजों को बीमारी से संबंधित परामर्श के साथ-साथ दवाओं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी भी दी जाती है। इस दौरान पूरे समय एक प्रशिक्षित एवं अनुभवी मनोवैज्ञानिक उपलब्ध रहते हैं।

### परामर्श भी होगा संभव

बताया गया कि सामान्य सिरदर्द हो, तेज बुखार या फिर अन्य कोई भी बीमारी हो, विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा सकता है। इसके अलावा किसी अस्पताल में सुविधाओं में कमी या लापरवाही बरती जा रही हो तो उसकी शिकायत भी इस हेल्पलाइन 104 के माध्यम से किया जा रहा है।

104 HEALTH HELPLINE
INFORMATION • ADVICE • COMPLAINTS

### इस तरह काम करती है हेल्पलाइन

जानकारी अनुसार हेल्पलाइन 104 चार चरणों में काम करती है, जिसमें मानसिक परामर्श अंतर्गत मनोवैज्ञानिक टेलीफोन के माध्यम से उन लोगों की सहायता करते हैं, जो मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता, पोस्ट ट्रॉमा रिकवरी, एचआईवी, एड्स, एसटीआई, किशोर संबंधी समस्याओं से ग्रस्त हैं। चिकित्सकीय परामर्श में साधारण स्वास्थ्य परेशानियों जैसे कफ, बुखार, सर्दी, आहार, पोषण, त्वचा रोग, सफाई संबंधी आम समस्याओं का निराकरण किया जाता है। इसी तरह तीसरे चरण में चिकित्सा की जानकारी में अस्पतालों, अन्य संस्थानों, डायग्नोस्टिक केंद्रों की जानकारी दी जाती है और चौथे चरण में शिकायत पंजीकरण के अंतर्गत 104 हेल्पलाइन टीम सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा की कमी, लापरवाही, भ्रष्टाचार आदि से संबंधी शिकायतों को रिकॉर्ड करती है। इसके बाद शासन शिकायतों का निराकरण कराया जाता है।

> हेल्थ हेल्पलाइन-104 स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पाने और शिकायत दर्ज कराने के लिए उपयोगी है। भारत सरकार द्वारा यह सुविधा दी जा रही है। जिससे आम जन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें।
> **डॉ. केबी गौतम, डीएचओ-2 रीवा**

# लालगंज चक्काजाम मामला: कांग्रेस के पूर्व व वर्तमान जिला अध्यक्ष व युकां अध्यक्ष सहित 38 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**देवलहा जलप्रपात में मिले नाबालिग के शव को सड़क में रखकर उग्र प्रदर्शन मामले में प्रशासन ने लिया एक्शन**

**जागरण, रीवा।** देवलहा प्रपात में मिले नाबालिग के शव का सड़क में रखकर उग्र प्रदर्शन मामले में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष, वर्तमान जिला, युकां अध्यक्ष सहित 38 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई जबकि एक दर्जन से अधिक की पहचान की जा रही है।

दरअसल मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के देवलहा जलप्रपात में 16 साल के विवेक विश्वकर्मा पिता लवकुश विश्वकर्मा निवासी डिहिया का शव सोमवार को मिला था। नाबालिग 24 फरवरी से लापता था। शव मिलने के बाद नाराज परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लालगंज तिराहे पर चकाजाम कर दिया था। इसके चलते घण्टों आवागमन बाधित रहा। प्रदर्शनकारी नईगढ़ी थाना प्रभारी गोविंद तिवारी के वाहन को भी घेरते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। देवलहा जलप्रपात में लापता हुए किशोर की लाश मिलने के बाद हुए प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने करीब तीन दर्जन लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को देवलहा जलप्रपात में से किशोर के शव को निकाला गया था। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दी थी। इस दौरान मौके पर तनाव की स्थिति बन गई थी। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन के दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने का मामला सामने आया साथ ही घण्टों इसके चलते आवागमन बाधित रहा। इस पर नईगढ़ी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 38 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिन पर एफआईआर दर्ज की गई है उनमें पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम, वर्तमान जिला अध्यक्ष हरि लाल कोल, युका जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी का नाम प्रमुख है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में फिर से चर्चा और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेहूं की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेहूं काटने की अनुमति नहीं दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

# मुंबई से थार चोरी कर भागा आरोपी लालगांव में कारतूस बेचते पकड़ाया

**लालगांव पुलिस ने जिंदा कारतूस किये बरामद**



**जागरण, रीवा।** मुंबई से थार जीप चोरी कर भागा आरोपी रीवा में जिंदा कारतूस की बिक्री करते पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से गढ़ थाना क्षेत्र की लालगांव चौकी पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी के संबंध में पुलिस ने मुंबई पुलिस को भी जानकारी दी है। बताया गया कि काले रंग की जीप में सवार होकर आरोपी युवक कारतूस की बिक्री करने आया था, जिसकी सूचना पुलिस को मिल गई। सूचना के बाद एसडीओपी मनगवां प्रतिभा शर्मा के निर्देश पर लालगांव चौकी पुलिस ने भटवा हिनौती के समीप घेराबंदी की, जैसे ही वाहन में सवार होकर आरोपी पहुंचा तो पुलिस ने उसको रोक लिया। उसकी तलाशी लेने पर दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने जब आरोपी से वाहन के संबंध जानकारी ली तो वह चोरी की निकली। पकड़े गए आरोपी की पहचान सूरज सिंह बिसेन उर्फ अभिजीत पिता प्रकाश नारायण सिंह 26 वर्ष निवासी सोनवर्षा थाना गढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी मुंबई में रहकर कैब चलाता था। एक सप्ताह पहले पनवेल न्यू मुंबई से उसने एक जीप चुराई थी जिसको लेकर वह रीवा आ गया। आरोपी गाड़ी से उत्तर प्रदेश के बांदा गया था, जहां पर उसने दो जिंदा कारतूस खरीदे थे, जिसको बिक्री के लिए वह लेकर आया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन व चोरी का वाहन जब्त किया है।

# नर्सिंग होम्स एवं क्लिनिक संचालक कराएं पंजीयन, नहीं तो होगी कार्रवाई

**सीएमएचओ ने दिए आदेश, जल्द शुरू होगा एक्शन**

**जागरण, रीवा।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत निजी क्षेत्र के समस्त नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालय, परामर्श केंद्र, औषधालय, योगशाला, एक्स-रे, डेंटल क्लीनिक सहित सभी क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेन्ट के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के संबंध में मप्र उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन 1997) यथा संशोधित तिथि 17 जनवरी 2007 एक्ट की धारा 3 के तहत समस्त नर्सिंग होम्स (जहां पर मरीज भर्ती होते हैं) समस्त क्लीनिक स्थापनाएं (पैथालाजी लैब, एक्सरे लैब, डियोथैरपी लैब, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी लैब) एवं आयुर्वेदिक होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा संबंधी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा चलाए जाने वाली क्लीनिक का एमपी ऑनलाइन किस्योक के माध्यम से पंजीयन एवं लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है, लेकिन देखा गया है कि बहुत से बिना पंजीयन ही अपनी संस्था चला रहे हैं। बीच में इसको लेकर सीएमएचओ डॉ.यत्नेश त्रिपाठी ने आदेश भी जारी किए गए। कहा गया था कि प्रक्रिया के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से नागरिक सेवाओं में जाकर मप्र लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आइकॉन पर क्लिक कर किस्योक के माध्यम से अपना आवेदन दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन संबंधित संस्थाओं द्वारा पंजीयन की कार्रवाई अभी तक संपन्न नहीं की गई हो, वे एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जल्द से जल्द संपन्न कराएं। पंजीयन नहीं कराने वालों के विरूद्ध अधिनियम के तहत उक्त धारा 3 के उल्लंघन करने पर अधिनियम 1973 की धारा 8 (क), (एक) तथा (दो) के अंतर्गत जुर्माने तथा 3 माह तक के कठोर कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा अपात्र एवं अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा एलोपैथी चिकित्सा पद्धति में चिकित्सा व्यवसाय करने पर मप्र मेडिकल काउंसिल एक्ट 1987 धारा 24 के अंतर्गत 3 वर्ष तक के कठोर कारावास तथा 5 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा इस बात का ध्यान रखा जाए कि नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिकल्स स्थापनाओं का बिना पंजीयन के संचालन एक अतिगंभीर अपराध है। निरीक्षण या छापामार कार्यवाही के दौरान पंजीयन संबंधी दस्तावेज न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मनाया गया विश्व किडनी दिवस




**जागरण, रीवा।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा में 12 मार्च को विश्व किडनी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील अग्रवाल ने पिछले एक वर्ष में अस्पताल में सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को सम्मानित किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा में किडनी ट्रांसप्लांट संभव हो सका है, जिससे भविष्य में और भी जिंदगियां बचाई जा सकेंगी। सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल में आने वाले किडनी के रोगियों को किडनी स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श देने के साथ ही बेहतर इलाज प्रदान किया जाता है। डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला यूरोलॉजी विभाग एवं प्रभारी अंग प्रत्यारोपण ने जानकारी दी कि विगत वर्ष से अभी तक अस्पताल में 9 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। पूर्व में विंध्य क्षेत्र के मरीजों को ट्रांसप्लांट के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। ये सभी ऑपरेशन शासन की आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क किए गए हैं। इस वर्ष की थीम किडनी हेल्थ फॉर आल, केयरिंग फॉर पीपुल, प्रोटेक्टिंग दल प्लैनेट पर चर्चा करते हुए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. रोहन द्विवेदी ने बताया कि किडनी शरीर का अति महत्वपूर्ण अंग है, जिसकी कार्यप्रणाली की समय-समय पर जांच करानी चाहिए। बेहतर किडनी स्वास्थ्य के लिए अधिक पानी पीना और संतुलित आहार लेना अनिवार्य है। डॉ. रामचंद्र पटेल ने सचेत किया कि वायु और जल प्रदूषण भी किडनी खराब होने का कारण बन सकते हैं, इसलिए पर्यावरण की शुद्धता भी स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रोहन द्विवेदी ने उपस्थित समस्त नर्सिंग स्टाफ, डायलिसिस टेक्नीशियन का आभार व्यक्त किया।

# वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन पदों के सृजन की जरूरत

**कमिश्नर सभागार में बैठक: राज्य पुनर्गठन आयोग सचिव को दिए गये सुझाव**



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग द्वारा कमिश्नर सभागार में आयोजित बैठक में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में सुझाव लिए गए। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि समय के साथ प्रशासनिक कार्यों की प्रकृति में परिवर्तन हो रहा है। कार्य को बेहतर करने के लिए प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन आवश्यक है। कई विभागों के सेटअप में पुराने पदों को समाप्त करने तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन पदों के सृजन की जरूरत है। स्वीकृत पदों के लंबे समय से रिक्त रहने के कारण भी विभागीय कार्यों में विपरीत असर पड़ रहा है। आमजनता को भी इससे परेशानी होती है। प्रशासनिक व्यवस्था की कठिनाइयों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों के सुझाव शामिल करें। बैठक में राज्य पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षय सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक इकाइयों तथा विभागों के पुनर्गठन के संबंध में आयोग सुझाव ले रहा है। इन सुझावों के आधार पर ही शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रशासनिक व्यवस्थाओं और कठिनाईयों के संबंध में तार्किक तथा व्यावहारिक सुझाव दें। नवीन पदों के सृजन के संबंध में कारण सहित पूरा विवरण दें। सुझाव प्राप्त करने के लिए वाट्सऐप ग्रुप बनाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। इसमें उपयोगी सुझाव दें।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्य पुनर्गठन आयोग को कई सुझाव दिए। बैठक में छात्रावासों में नियमित रसोईया और चौकीदार की तैनाती, रिक्त पदों की पूर्ति, विकासखण्ड और तहसील स्तर के सभी कार्यालयों में आवश्यक संसाधन तथा अधिकारी और कर्मचारी की पदस्थापना के सुझाव दिए गए। बैठक में कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान, अवकाश, आवास व्यवस्था, क्षेत्र में भ्रमण के लिए वाहन व्यवस्था, आधुनिक सूचना और संचार तकनीक का विभागीय कार्यों में उपयोग करने के लिए प्रिशिक्षित नियमित कर्मचारी तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का भी सुझाव दिया गया। बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित अंतराल से विभागीय प्रशिक्षण का भी सुझाव दिया गया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक ने न्यायालयीन प्रकरणों की दावा-आपत्ति तैयार करने के लिए संभाग स्तर पर शासकीय अधिवक्ता की नियुक्ति का सुझाव दिया। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपयोगी सुझाव दिए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# सियासी ड्रामों से बरबाद न हो संसद का समय

*संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ, लेकिन हर बार की तरह हंगामे, नारेबाजी, पोस्टरबाजी की बलि चढ़ गया। अजीब सियासी ड्रामा देखने को मिला। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था, जिसे कार्यसूची में रखा गया। अर्थात् प्रस्ताव पर चर्चा होगी और फिर मत-विभाजन होगा। कायदे से विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का आगाज करना चाहिए था, लेकिन उसने ईरान युद्ध और उससे प्रभावित हालात पर वैकल्पिक चर्चा की नई मांग की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर को अपना वक्तव्य शोर के बीच ही पढ़ना पड़ा। उधर राज्यसभा में भी ईरान युद्ध पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिए गए। अविश्वास प्रस्ताव स्पीकर के खिलाफ था, लिहाजा विपक्ष की नई मांग को खारिज कर दिया गया और स्पीकर के मुद्दे पर चर्चा के लिए आग्रह पीठासीन अधिकारी ने किया और संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने भी कहा। नतीजतन हंगामा होता रहा। अंततः लोकसभा की कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित करनी पड़ी।*

*सवाल है कि लोकसभा में विरोधाभास की स्थिति थी, लेकिन राज्यसभा में ईरान युद्ध पर चर्चा क्यों नहीं कराई गई? वीपी सिंह और अटलबिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान हमारी संसद ने ऐसे युद्धों, हमलों पर चर्चा की थी और हमलावर आक्रांता देश की निंदा की थी। लिहाजा ऐसी चर्चाओं की संसदीय परंपरा रही है। कमोबेश राज्यसभा में तो अविश्वास प्रस्ताव जैसा कोई महत्वपूर्ण विषय कार्यसूची में नहीं था। ईरान और खाड़ी के अन्य अरब देशों में तबाही का जो दौर चल रहा है, भारत उससे अछूता नहीं है। बल्कि भारत भी प्रभावित हो रहा है, बेशक सरकारी सूत्र कुछ भी दावे करते रहें। यदि ईरान युद्ध 15 और दिन जारी रहा, तो तेल 150 डॉलर तक महंगा होना लगभग तय है। चूंकि ईरान के लगातार हमलों के मद्देनजर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत आदि खाड़ी देशों ने तेल और गैस के उत्पादन कम कर दिए हैं अथवा बंद करने पड़े हैं, क्योंकि रिफाइनरियां, तेल डिपो और ठिकाने धू-धू करके जल रहे हैं। नतीजतन विश्व में तेल और गैस का व्यापक संकट सामने दिख रहा है। कोई भी देश मुगालते में न रहे। अमरीका को लेकर 1929 वाली 'महामंदी' के आकलन सामने आ रहे हैं। युद्ध के 10 दिनों में अमरीका को करीब 6 अरब डॉलर खर्च करने पड़े हैं। यह उसके बजट से परे की यथार्थ स्थिति है। भारत की बात करें, तो हमारे 4 लाख टन बासमती चावल का निर्यात अवरुद्ध हो गया है। करीब 41,000 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात फंसा है। करीब 5000 करोड़ रुपए की दवाओं का निर्यात रुक गया है। चीनी, चाय, मांस, फल और डेयरी उत्पादों की कीमत करोड़ों में है, जो युद्ध के कारण फंसे हुए हैं। अनुमान है कि करीब 1 लाख करोड़ रुपए का भारतीय निर्यात प्रभावित हुआ है, जाहिर है कि इसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। क्या ऐसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए? सांसद शशि थरूर का कहना उचित है कि संसद हमारे लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, वहां बहस होनी चाहिए। संसद 'नोटिस बोर्ड' नहीं है कि मंत्री ने वक्तव्य दे दिया और मुद्दे का इति सिद्धम। खाड़ी देशों के साथ भारत का 200 अरब डॉलर का कारोबार है। यदि भारत पर युद्ध का कोई भी असर नहीं है, तो बेंगलुरु में होटलों ने बंद होने की घोषणा क्यों की है? राजधानी दिल्ली में भी रेस्तरां एसोसिएशन ने कमर्शियल गैस की उचित आपूर्ति न किए जाने पर होटल, रेस्तरां बंद करने की चेतावनी क्यों दी है? तेल कंपनियों ने वितरकों को गैस सप्लाई रोकने के आदेश क्यों दिए हैं? जरूर ऐसा कुछ है, जो सरकार देश से छिपा रही है। अलबत्ता संसद में चर्चा तो करनी ही चाहिए। दलीय राजनीति के कारण असल मुद्दों पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है। यह देशहित में नहीं है। दलीय राजनीति को किनारे रखकर चर्चा होनी चाहिए।*

प्रसंगवश

# एचपीवी टीकाकरण एक सराहनीय कदम

*भारत द्वारा 14 वर्षीय लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने का कदम ऐसे समय में विज्ञान के समर्थन में सशक्त संदेश है जब पूरी दुनिया में टीकाकरण-विरोधी भावनाएं खतरनाक रूप से तेजी पकड़ रही हैं।*

*टीकों से परहेज का असर अमेरिका में साफ दिख रहा है जहां वर्तमान में 26 राज्यों में खसरा की महामारी पांव पसार रही है। एचपीवी टीकाकरण केवल निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में और प्रशिक्षित स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में संचालित किया जायेगा। साथ ही, कुशल स्वास्थ्य-देखभाल टीमें वैक्सीन लगाने के बाद निगरानी और 'टीकाकरण के पश्चात होने वाली प्रतिकूल घटनाओं' (एईएफआई) से निपटने के लिए तैयार रहेंगी।*

*विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित एक खुराक वाली वैक्सीन इस्तेमाल में लायी जायेगी। इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल) कैंसर के लगभग सभी मामलों में एचपीवी की उच्च-जोखिम वाली किस्मों, खासकर 16 व 18, से लगातार संक्रमण ही कारण होता है। भारत में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के कुल मामलों में 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इन्हीं दोनों किस्मों का है। साक्ष्य इस तथ्य की ओर भी इशारा करते हैं कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को एचपीवी टीकाकरण और नियमित जांच के जरिए काफी हद तक रोका जा सकता है,और अगर जल्दी पता लग जाए और तुरंत इलाज शुरू हो जाए तो यह ठीक हो सकता है।*

*वैश्विक स्तर पर, 90 से ज्यादा देश एक खुराक वाला एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम लागू कर रहे हैं। कई देशों में व्यापक टीकाकरण के बाद एचपीवी संक्रमण, कैंसर-पूर्व घावों (प्री-कैंसरस लीजन्स) और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की घटनाओं में काफी कमी देखी गयी है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर ऐसा विरल कैंसर है जिसमें टीका एक बेहतरीन निवारक साबित हुआ है।*

*भारत में ग्रीवा कैंसर का बोझ ही इस निर्णय को एक बेहद अहम जीवन-रक्षक हस्तक्षेप बनाने के लिए काफी है। डब्ल्यूएचओ से जुड़े क्षेत्रों में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र का गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की घटनाओं (नये मामलों) और मृत्यु दर में दूसरा सर्वोच्च स्थान है, जिसमें भारत का योगदान 65 फीसदी से ऊपर है। भारत में महिलाओं में यह दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिस के बारे में अनुमान लगाया गया कि साल 2022 में देश में 127,526 नये मामले सामने आये और इससे 79,906 मौतें हुईं।*

*राष्ट्रीय स्तर पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच का विस्तार चिंताजनक रूप से निम्न है, और 30-49 साल की केवल 1.9 फीसदी महिलाओं की जांच की जा रही है। देश में कई स्थानों पर तो अभी जांच अभियन की शुरुआत भी नही हो सकी है। हालांकि, एचपीवी वैक्सीन के काले अतीत को भुलाया नहीं जा सकता। साल 2009-10 में आंध्र प्रदेश और गुजरात में एक परीक्षण का हिस्सा रही सात लड़कियों की मौत हो गयी थी। आईसीएमआर की जांच में दावा किया गया कि जो कारण थे वो शायद वैक्सीन से जुड़े नहीं थे।*

*हालांकि, इन सभी मामलों में मौत की वजह पक्के तौर पर स्थापित नहीं की जा सकती। इसने सभी 'टीकाकरण के पश्चात होने वाली प्रतिकूल घटनाओं' एईएफआई की पहचान करने और उनकी छानबीन करने की जरूरत की ओर भी, एक प्रमुख चिंता के रूप में, ध्यान दिलाया। चूंकि सरकार स्वास्थ्य संबंधी कई फायदों वाली इस कवायद को शुरू करने जा रही है, अच्छा होगा कि वैक्सीन के भंडारण के लिए ठीक से काम कर रही कोल्ड चेन, पूर्ण पारदर्शिता और देशभर में एईएफआई की ध्यानपूर्वक रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर ली जाए।*



# अनक्खातो-छंदजातो...



दुनिया को खोजने वाला आदमी... खुद अपने से कितना अनजान है...भला कौन जाने... ? नित नये अविष्कार कर... नित नयी वैज्ञानिक खोज करने वाला इंसान... खुद अपना अविष्कार करने में कितना असमर्थ है... भला कौन जाने... ? मंगल और चाँद तक पहुंचने वाला मानव अपने ही मन के अंतःकरण तक पहुंचने में कितना असहाय है... भला कौन जाने ... सामान चाहे दुनिया भर का जुटा लो... दौलत चाहे जहान भर की इकट्ठी कर लो... लेकिन अगले पल तुम और तुम्हारा वजूद रहेगा भी कि नहीं... भला कौन जाने...?

**कुसुम सी सूरत, सुमन सी सुगन्ध लिए**
**गर्व से भरे यह सुदर्शन चेहरे तुम्हारे,**
**विष भले फूल हैं**
**शायद तुम्हें मालूम न हो,**
**सिर चढ़ा लोभ-लालच की धूल**
**तुमने की है इक भूल,**
**शायद तुम्हें मालूम न हो,**
**अरे SS तुम इंसान हो...!**
**तुम हो करुणा के समंदर,**
**बरस सकती हैं खुदाई घटाएँ भी तुम पर**
**फिर भी तुम हो तृष्णा से भरपूर,**
**शायद तुम्हें मालूम न हो**
**पत्थर की हथेली पर,**
**खिलाये हैं जिन्होंने गुलाब**
**अरेSS तुम वही मेहनतकश इंसान हो,**
**शायद तुम्हें मालूम न हो...**

जिन्दगी भर निज स्वार्थ में दर-दर भटकते रहे... ठोकरों पर ठोकर खाते रहे... और बार-बार आधे-अधूरे मन से उस 'रहीम' की चौखट पर जाकर... अपने तुम सुख-चैन की दुआएँ माँगते रहे... और जब तुम पर दया कर... उस परवरदिगार आलम ने तुम्हें ज़रा सा जो अपने रहमो-करम से नवाज़ दिया... या कि किसी पद-पोस्ट-धन-दौलत से तुम्हें तनिक सा भर दिया... तो तुम उसे अपनी मेहनत... अपना करम... अपना भाग्य... अपनी शोहरत मानने लगे...? भले ही कोई कितना भी कामयाब मनुष्य क्यों न हो जाये... पर उसकी नैय्या बीच मझधार न जाने कब डूब जाये... भला कौन जाने... ?

**कश्तियाँ जीवन तट की**
**अब भी हैं उद्यात तरंगों बीच**
**फिर भी शीर्ष पर उसकी कृपा का मस्तूल है**
**शायद तुम्हें मालूम न हो...**

तुम जीवन को बाहर ढूँढ़ने की भूल कहीं मत कर बैठना... जिंदगी को धन-दौलत से सँवारने की गल्ती कहीं मत कर बैठना... सुख-चैन को जीवन का ध्येय समझने का भ्रम कहीं मत पाल बैठना...जीवन संसार से नहीं... जीवन 'जीवात्मा' से चलता है... जिस दिन 'आत्मा की सोन चिरइया' इस देह के पिंजरे को छोड़ उड़ चली ना SS...उसी पल सारा रुपया-पैसा... धन-दौलत... पद-पदवी... इज्जत-शोहरत यहीं धरी की धरी रह जायेगी...




अगर जीवन जीने का तरीका सीखना है तो... सबसे पहले अपने हर करम में 'उसका' रहम देखना सीखना होगा... बिना 'परमात्मा' के 'आत्मा' की सत्ता पूर्ण नहीं... और.. बिना 'आत्मा' के तो जीवन की सत्ता ही नहीं...आदमी अपने जीवन की आखिरकार इतनी कम कीमत क्यों आंकता है कि... अगर व्यापार में घाटा लग गया... या कि धंधे में दिवाला निकल गया... तो उद्यत हो गये आत्महत्या कर लेने को... परीक्षा में फेल हो गये तो लगे खुदकुशी करने को... प्रेम में असफल हो गये तो... लगे जहर पीने को...

मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या जीवन व्यापार के लिए है... या कि... व्यापार जीवन के लिए है...? ज्ञान जीवन के लिए है... ? या... ज्ञान के लिए है जीवन... ? क्या यह जीवन सिर्फ शारीरिक प्रेम के लिए है... या कि फिर...आत्मिक प्रेम के लिए भी है यह जीवन...? हमारी मानव जाति... हम सब मनुष्य... भले ही वह किसी भी रंग-रूप-धर्म-देश-भाषा के हों... आखिर कितना अपमान और कितनी अवहेलना करते हैं हम सब उस परमात्मा की... ? हमारे जीवन में सफलता के चन्द क्षण आये... तो हम भूल बैठते हैं उसकी कृपा को और अपने जीवन को स्वयं अपनी ही उपलब्धि मानकर... उस अनंत-विराट परमेश्वर के वजूद को ही नकारते हुए... स्वयं को 'अहम् ब्रह्मास्मि' ही मान बैठते हैं... खुद ही अपने ब्रह्मा बन बैठते हैं... फिर तो खुद अपने भाग्य के रचयिता बन बैठते हैं हम...और जरा सा दुःख आया नहीं कि... निराश हो... आपने जीवन को ही समाप्त कर देने पर उतारू हो जाते हैं... मैं कहना और समझाना चाहता हूँ... उन सबको... जो अपने-अपने जीवन में निराश हो... अपने अनमोल जीवन को आत्मदाह कर... खत्म कर देने पर उतारू हो जाते हैं कि...

**देह तुम्हारी मंदिर है...**
**तपोवन है तुम्हारा अंतःस्थल**
**शायद तुम्हें मालूम न हो...**

इस देह का निर्माण उस देवता के मंदिर के रूप में किया गया है...जिस देवता का वर्णन करने के लिए संसार की किसी भी भाषा के पास शब्द ही नहीं हैं... जिसके सही-सही अर्थ को समझा सके ऐसी कोई व्याकरण... ऐसी कोई 'ग्रामर' दुनिया की किसी भी भाषा में आज तक नहीं बनी... उस असीम... अनंत... अज्ञात... अच्युत... को वर्णित करने का कोई उपाय ही नहीं है... गौतम बुद्ध 'उसे' अपने उपदेशों में 'अनक्खातो-छंदजातो' कहते हैं... जिसका अर्थ... है छंदों में... वाणी में... जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता... कोई उसे परमात्मा कहता है... तो कोई उसे 'खुदाया'... कोई उसे 'मसीहा' पुकारे... तो कोई उसे कहे 'गुरुद्वारा'...तो कोई करे 'साहिब बन्दगी'... चाहे उसे निर्वाण कहो... चाहे उसे आत्मदेव कहो... परन्तु न तो वह आत्मा में समाता है... न ही वह मोक्ष या निर्वाण में विराजता है...शब्द तो भावों की अभिव्यक्ति हैं... और भाव तो उसी विराट से आते हैं...जो 'अनक्खातो-छंदजातो' है... या यों कहें कि... संसार भर की ज्ञात-अज्ञात भाषाओं में जितने शब्द हैं... वह सब... शरीर रूपी मंदिरों के छोटे-छोटे अंगना हैं... और 'वह' 'परमात्मा' तो पूरे का पूरा आकाश है... वह निराकार... एक ऐसा क्षितिज है... जो इस सम्पूर्ण 'यूनिवर्स' को... सभी सौरमंडलों को...समस्त आकाशगंगाओं को... ब्रह्माण्ड में सर्वव्याप्त अंतरिक्ष के अणु-अणु को आच्छादित कर रहा है...

तो फिर भला चिंतन कीजिये... उस अनंत-विराट आंतरिक्ष से भी वृहद क्षितिज का... हमारे मानव समाज के द्वारा रचे गये... अलग-अलग धर्मों के अलग-अलग मंदिरों के... छोटे-छोटे से अंगना में... भला वह कैसे सम्पूर्ण स्वरूप में उतारा जा सकता है... ? जिस मंदिर का जितना बड़ा आंगन होगा...उस अंगना के हिस्से में 'अनक्खातो' अवर्णनीय... अनंत... अद्भुत...निराकार... निरंजन... नित्यानंद... निर्गुण... निरभिमान... नित्य...नूतन... परमात्मा का उतना ही तो अंश भाग समायेगा...

आखिर उस विशाल अनंत क्षितिज का एक छोटा सा टुकड़ा ही सा तो उस प्रांगण के नसीब में आयेगा जितना उसमें समा सकेगा...? तभी तो कहता हूँ उसे और उसकी महिमा को... उसकी कृपा को उसके रंग-रूप-आकार-निराकार को... शब्दों के बंधन में न तो बांधा जा सकता है...न ही शब्दों में वर्णित किया जा सकता है... और न ही शब्दों से उसे समझा जा सकता है... क्योंकि... शब्दों की सीमा है... और वह असीम है...शब्द आंगन है... तो वह पूरा आकाश है...

मनुष्य का जीवन सिर्फ धन-सम्पदा - सुख-चैन-घर-परिवार के लिए नहीं बना है... यह तो सब साधन हैं... मानव के शरीर रूपी मंदिर के... उस 'अनक्खातो-छंदजातो' रूपी देवता को नवैद्य अर्पित करने के... जिस प्रकार से हिन्दू धर्म में भगवान की प्रतिमा के आगे... घंट-घड़ियाल बजा कर ...नवैद्य-भोग लगाकर फिर आँख मूँद कर... हाथ जोड़कर... यह प्रार्थना करनी होती है कि... मूरत में बसी हुई ईश्वरी शक्तियाँ... उन्हें अर्पित इस नवैद्य के सूक्ष्म तत्वों को आकर ग्रहण करें... ठीक उसी प्रकार से शरीर के इस मंदिर के हमें 'आत्मदेव' को... ईश्वर प्रदत्त साधन-संसाधनों का नैवेद्य अर्पित कर...संसार के द्वारा दिये गये भौतिक नेत्र मूँदकर... अपने आंतरिक आध्यात्मिक नेत्रों से...अपने ही आत्मदेव की प्रतिमा को निहारते हुए... अपने हर 'करम' में... उसके 'रहम' की सराहना करनी होगी... तभी होती है उसकी आरती...उसकी वास्तविक और सच्ची इबादत... यही होती है उसकी पूजा... यही होती है उसकी मनचाही नमाज़...

जिस दिन संसार को देखने और समझने की ऐसी दृष्टि मानव को मिल जायेगी... उसी दिन से... उसका अपने और अपनों के प्रति...जगत और जगतपिता के प्रति... नज़रिया बिल्कुल बदल जायेगा... उस दिन से... उस पल से... वह 'अनक्खातो' देवता और कुछ नहीं... वरन् स्वयं जीता-जागता मनुष्य ही हो जायेगा... और तब बदल जायेंगे हमारे इंसानी जीवन के सब मूल्य...और... तब हमारे सामने होगा एक ही सत्य कि...

**वास्तव में कर्ता भी तुम्हीं हो,**
**और कर्म भी तुम्हीं हो**
**तुम्हीं आत्मा हो, और तुम्हीं ही अनात्मा हो**
**तुम्हीं सुन्दर गुलाब हो,**
**और प्रेमी बुलबुल भी तुम्हीं हो**
**तुम्हीं फूल हो और भ्रमर भी तुम्हीं हो**
**हर चीज़, हर शय तुम्हीं हो,**
**भूत और प्रेत भी तुम्हीं हो**
**देवता और देवदूत भी तुम्हीं हो,**
**पापी और महात्मा भी तुम्हीं हो**
**सब के सब तुम्हीं हो, तुम्हीं हो,**
**तुम्हीं हो, तुम्हीं हो...**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

पश्चिम एशिया में जंग

ज्यादातर मुस्लिम देश अमेरिका के साथ या उसके पिछलग्गू

# अमेरिका से टकराने का दम सिर्फ ईरान में

सुहेल वहीद



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी मुल्कों पर हमले के लिए हाल ही में खेद जताने के साथ-साथ यह भी कहा कि हमने सिर्फ अमेरिकी सैनिक अड्डों को निशाना बनाया और हम उन पर तब तक हमले नहीं करेंगे, जब तक उनकी जमीन से हम पर हमला नहीं होता। ऐसे बयानों के जरिये पैगाम दिया जाता है। पड़ोसी मुल्कों में मौजूद अमेरिकी फौजियों के ठिकाने पर हमले बदस्तूर जारी हैं।

अमेरिका से ईरान की दुश्मनी का इतिहास काफी पुराना है। पिछली सदी के पचास के दशक में भी ईरान के सत्ता-परिवर्तन में अमेरिका की बड़ी भूमिका थी। फिर, 1979 में इस्लामी क्रांति के दौरान तेहरान में अमेरिकी दूतावास के 52 लोगों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। इराक से जंग में सद्दाम हुसैन को ठिकाने लगाने के लिए अमेरिका ने भले ईरान का साथ दिया हो, पर ईरान हमेशा से अमेरिका-विरोधी रहा है। ईरान के अलावा शायद ही कोई मुस्लिम देश हो, जो अमेरिका से इस तरह मोर्चा लेता रहा हो। तुर्की तो अपने यहां अमेरिकी परमाणु हथियार तक रखने की अनुमति देता है। पाकिस्तान को अमेरिका का पिट्ठू कहने में किसी को कोई झिझक नहीं। जाहिर है, अमेरिका से लोहा लेने का कलेजा मुस्लिम देशों में सिर्फ ईरान के पास है।

चंद दिनों पहले शहीद हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने एक बार कहा था, 'हमारे यहां बच्चों को सोने से पहले रात में लोरी नहीं, कर्बला सुनाई जाती है'। कर्बला वही जगह है, जहां यजीद की सेना ने इमाम हुसैन को उनके 72 निहत्थे साथियों के साथ मार दिया था। कर्बला अब इराक में है। इसी की याद में हर साल मोहर्रम मनाया जाता है। शिया मुसलमान इमाम हुसैन की शहादत पर मातम करते हैं, अंगारों पर चलकर, अपने को लहूलुहान करके इमाम हुसैन के साथ हुई नाइंसाफी और अपने दुख-दर्द का इजहार करते हैं।

मशहूर हिंदी उपन्यास आधा गांव में राही मासूम रजा लिखते हैं, 'मौला के लिए तो वे अपना सिर कटा सकती थीं। वे भी शिया औरतों की तरह यह अरमान किया करती थीं कि न हुई वे कर्बला में, वरना वे भी हम्माद को मौला पर निसार कर देतीं। ये शिया औरतें अपने बच्चों को निसार (न्योछावर) करने के ख्वाब जरूर देखती हैं।' शिया मुसलमान अपने मजहबी अनुष्ठानों और परंपराओं में अधिक कट्टर माने जाते हैं। उनके अंदर अपनी मजहबी मान्यताओं के लिए कुर्बानी देने का जज्बा कुछ ज्यादा होता है, जैसा राही मासूम रजा आधा गांव में बयान कर रहे हैं।

अयातुल्ला अली खामेनेई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों खूब वायरल हो रहा है, जिसमें एक नन्हा ईरानी बच्चा उनसे कहता है कि वह शहीद होना चाहता है। खामेनेई उससे कहते हैं, 'पहले बड़े हो जाओ, खूब पढ़ो, वैज्ञानिक बनो, इस्लाम के लिए उपयोगी हो जाओ, अस्सी-नब्बे के हो जाओ, फिर शहीद हो जाना।' ईरान की फौजी ताकत, तेवर और तकनीक का शायद यही पसमंजर है। ईरान जितना मजहबी मामलों में कट्टर है, उतना ही विज्ञान और तकनीक के मामलों में भी आगे है। शिया मुसलमानों की छवि वैसी 'आधुनिकता-विरोधी' की नहीं है, जैसी सुन्नी मुसलमानों की बनी हुई है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस ने आधुनिकता की राह पकड़ी है, तो देवबंदी, बरेलवी, अहले हदीस फिरकों के मौलवी उन्हें कोई बहुत सराह नहीं रहे हैं।

अयातुल्ला खामेनेई की मौत पर शिया मुसलमानों के जैसे प्रदर्शन कश्मीर, लखनऊ, हैदराबाद में नजर आए; जैसे पिछले साल ईरान के इजरायल पर हमले के बाद खामेनेई के पोस्टर समेत दिख रहे थे; जैसे अक्सर मोहर्रम में नजर आते हैं, वैसे किसी सामाजिक मुद्दे पर शायद ही कभी नजर आए हों। आम तौर पर शिया मुसलमान किसी भी सामाजिक मुद्दे पर सुन्नियों के साथ सड़कों पर कम ही आते हैं। कुलीन गर्व-भाव से भरे शिया मुसलमान सिर्फ अपने मजहबी मामलों में सक्रियता दिखाने के लिए जाने जाते हैं।

ईरान शिया मुसलमानों का धुरी देश है। यह पूरी दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जो सैन्य, रक्षा, तकनीक, परमाणु कार्यक्रम से लेकर असलहों तक के मामले में अमेरिका पर कतई निर्भर नहीं है। हिज्बुल्लाह, हमास, यमन और हूती विद्रोहियों को वह असलहों और सैन्य तकनीक सप्लाई करता है।

हिज्बुल्लाह को ईरान की संपत्ति कहा जाता है। ईरान के अलावा शिया बहुल देश इराक, अजरबैजान, कुवैत, बहरीन, जॉर्डन और अफगानिस्तान तक में 'शिया मिलिशिया' जैसे तेज-तर्रार मजहबी संगठन उभरकर सामने आए हैं, जो कथित रूप से ईरान के हाथों पाले-पोसे गए हैं। पिछले वर्षों में हमास के इजरायल पर हमले, गाजा की दर्दनाक तबाही, हिज्बुल्लाह की लड़ाई, सीरिया के संकट, ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर शिया मुसलमान आगे नजर आए हैं। तालिबान के उभरने, फिर वापस काबुल की सत्ता हासिल करने, ओसामा बिन लादेन व आईएसआईएस की परवरिश आदि में अमेरिका का हाथ रहा है। यह 'इस्लामिक आतंकवाद' के नाम से हिट हुआ, यह सुन्नी मुसलमानों का कारनामा था। बाकी मामलों में शिया मुस्लिम आगे रहे हैं।

जिस कालखंड में अरबों की रईसी ने आसमान छुआ, उसी दौर में ईरान कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के कारण जूझता रहा है। स्वाभाविक रूप से उसे पड़ोस की खुशहाली अखर रही थी, जो उसी अमेरिका की बदौलत हासिल हुई थी, जिसने उसे तरसने पर मजबूर कर रखा था। पहले 1979, फिर 2018 और फिर 2023 में ईरान पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के खिलाफ मुस्लिम देशों में बेचैनी न के बराबर रही है। तब पड़ोसी अरब उसके लिए आगे नहीं आए, तो अब अरबों के बीच अमेरिकी चौधराहट के अड्डों पर चोट करने में उसे मुश्किल नहीं हो रही।

ज्यादातर मुस्लिम देशों समेत दुनिया के अधिकांश हिस्सों में अमेरिका और इजरायल का विरोध बढ़ता जा रहा है, क्योंकि जब-तब गैर-जरूरी दखलंदाजी से कई देश परेशान नजर आ रहे हैं। इस तरह ईरान को बिन मांगा वैचारिक सहयोग मिल रहा है। दरअसल, पश्चिम एशिया के देशों में आई खुशहाली, संचार व आधुनिक सुविधाओं के कारण मजहबी संकीर्ण विचारों की उपेक्षा बढ़ रही है। मशहूर शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक ने बीस बरस पहले लखनऊ की ईदगाह में सुन्नी इमाम के पीछे ईद की नमाज पढ़कर एक नई शुरुआत की थी, खाड़ी देशों में अब यह लगभग सामान्य हो चुका है। दुबई, कुवैत, अबू धाबी, रियाद, मनामा वगैरह में आधुनिकता की यूरोपीय शैली परवान चढ़ चुकी है, उसमें मजहबी विभाजन अब उनको मंजूर नहीं।

खुला मंच

# अमरीकादेशे पितामहे, इजरायलदेशे फादरलैंडे

पीए सिद्धार्थ

एक हाथ में उत्तल लैंस और दूसरे में रिचार्जेबल टॉर्च लिए झुन्नू लाल जी सवेरे-सवेरे अपने घर के सामने बिना ढक्कन वाले मैनहोल के पास खड़े होकर, गुनगुनाते हुए कुछ ढूंढने का उपक्रम कर रहे थे। पिछले महीने इस मैनहोल पर लगा ढक्कन किसी गाड़ी के पहिये से टूट गया था। तब उन्होंने उसके चारों ओर झाड़ियां रख दी थीं ताकि उसमें दिल्ली, नोएडा या गुरुग्राम के हादसों की तरह कोई चोटिल न हो। नगर निगम वालों ने कसम उठा ली थी कि जब तक उन झाड़ियों में घुन नहीं लग जाता, वे उन झाड़ियों की रक्षा करते रहेंगे।

नगर निगम के आयुक्त ने झुन्नू लाल जी को बाकायदा पत्र लिखकर धन्यवाद किया था। राज्य स्तरीय समारोह में झुन्नू जी को सम्मानित करने की घोषणा की थी ताकि लोग भी बिना ढक्कन वाले मैनहोल पर झाड़ियां रखने की प्रेरणा प्राप्त कर सकें। दरअसल, सिर्फ एक मैनहोल पर ढक्कन लगाना नगर निगम के प्रोटोकोल में नहीं शामिल था। इस पुनीत कार्य के लिए कम से कम सौ मैनहोल के ढक्कन टूटे होने चाहिए थे। सौ से कम ढक्कन लगवाने में कमीशन इतनी कम थी कि इससे न नेता जी के हाथ गरम हो सकते थे, न नगर निगम के...।

मैंने झुन्नू जी के पास पहुंचकर पूछा, 'मान्यवर, आप दिन के उजाले में क्या ढूंढ़ रहे हैं?' वह हंसते हुए बोले, 'व्यवस्था ढूंढ रहा हूं। कहीं दिखती नहीं। अतीत में न्यायपालिका का सहारा लेने पर पड़ी मिल जाती थी। जब से न्यायपालिका नें भ्रष्टाचार' का चैप्टर हटाया है, यह भ्रम भी टूट गया है। सोच रहा हूं कि क्यों न इसे डंकापति के फादरलैंड में ढूंढूं। लेकिन आजकल वहां युद्ध चल रहा है। डंकापति ने यूक्रेन-रूस युद्ध में फंसे विद्यार्थियों को निकलवाने के लिए जंग रुकवा दी थी। मुझे विश्वास है कि अपने शांति प्रिय चरित्र के चलते वह मेरी मदद करने के लिए ईरान के साथ हो रहे युद्ध को रुकवा देंगे।'

मैं सहमते हुए बोला, ' डंकापति शायद आपको छोड़ भी दें। लेकिन न्यायालय की अवमानना पर आप सलाख़ों के पीछे धकेले जा सकते हैं। सालों जेल में सड़ने से तो बेहतर होगा कि आप इजरायल में व्यवस्था ढूंढते हुए ईरान की मिसाइल से ढेर हो जाएं।' वह हंसते हुए बोले, 'क्या फर्क पड़ता है जब देश हित पहले ही गिरवी रख दिए गए हों। अब सोचता हूं कि पंडित द्वारा कोई शुभ कार्य में बोले जाने वाले 'जम्बूद्वीपे, भारतवर्षे, भरतखण्डे आर्यावर्ते को संशोधित कर दें और बोला करें-'अमरीकादेशे पितामहे, इजरायलदेशे फादरलैंडे, जम्बूद्वीपे, भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्ते...।'

# 20 हजार विद्यार्थियों के लिए महज दो छात्रावास

## किराये की छत तलाशने को मजबूर हैं विद्यार्थी

जागरण,रीवा

छात्रहित का ढिंढोरा पीटने वाले उच्च शिक्षा विभाग ने जिले के छात्र-छात्राओं को छात्रावास की सुविधा से मोहताज कर रखा है। विकास की एक लम्बी यात्रा कर चुके विभाग के पास रीवा जिले में मात्र दो छात्रावास हैं। जिसमें से एक जीडीसी का महिला छात्रावास और एक टीआरएस कॉलेज में है। ज्ञात हो कि जिले के 18 सरकारी कॉलेजों में 20 हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें विभाग ने छत मुहैया कराने के लिए अभी तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किए।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर गांव या दूसरे जिलों से रीवा पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यहां रहने की कोई सुविधा विभाग ने नहीं दी है। इसके चलते दूर से आने वाले गरीब छात्र-छात्राओं को किराये के मकानों का सहारा लेना पड़ता है, जहां छात्र-छात्राओं की मजबूरी का फायदा भी मकान मालिकों द्वारा उठाया जाता है। यही नहीं, रहने की सुविधा न मिलने के कारण कई हुनरमंद छात्र-छात्रा उच्च शिक्षा से महरूम हो रहे हैं। बता दें कि रीवा जिले में उच्च शिक्षा देने वाले 18 सरकारी कॉलेज विभाग ने स्थापित किये हैं। यानी नियमानुसार प्रत्येक कॉलेज के पास कम से कम एक-एक बालक एवं बालिका छात्रावास अनिवार्य रूप से होना चाहिए। यह बात और है कि इनमें से कुछ सरकारी कॉलेजों के पास खुद का भवन ही नहीं है, छात्रावास सुविधा तो दूर की बात है।




### आजाक विभाग के पास हैं 4 छात्रावास

बताया जाता है कि विभाग द्वारा देय जिले में एकमात्र छात्रावास के अलावा आजाक विभाग के लगभग 4 छात्रावास हैं, जिनमें केवल अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को रहने की सुविधा है। ऐसी स्थिति में पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए छत की तलाश करनी पड़ती है।

### इन कॉलेजों में सर्वाधिक मांग

अधिकाधिक छात्र संख्या वाले कॉलेजों में सर्वप्रथम टीआरएस कॉलेज का नाम शामिल है, जिसमें बाहरी छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत है। इसलिए उक्त कॉलेज को महिला एवं पुरुष छात्रावास की आवश्यकता है। ऐसे ही जीडीसी कॉलेज, पीएम श्री मॉडल साइंस कॉलेज, न्यू साइंस कॉलेज एवं संस्कृत कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए छात्रावास की सुविधा विभाग को प्राथमिकता के आधार पर देनी चाहिए।

# कर्म-ज्ञान व भक्ति मार्ग मनुष्य को बनाते हैं उत्कृष्ट: राजकुमार

## स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर समाज में जागरुकता का दिया संदेश

### राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का पाँचवा दिन











जागरण,रीवा। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट परिसर में आयोजित 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन की शुरुआत प्रातःकालीन गतिविधियों से हुई। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर समाज में जागरुकता का संदेश दिया तथा गुरुओं के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। प्रातः सत्र सहभागी विश्वविद्यालयों के स्वंसेवको के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं समूह गान, समूह लोक नृत्य आदि का आयोजन किया गया।

बौद्धिक सत्र के प्रारंभ में राज्य एनएसएस अधिकारी मनोज अग्निहोत्री द्वारा अतिथियों का शॉल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रथम वक्ता उप कार्यक्रम सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल अशोक कुमार श्रोती ने राज्य स्तरीय शिविर की भूमिका पर उद्बोधन देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय शिविर युवाओं के नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न जिलों और महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवकों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है, जिससे उनमें राष्ट्रीय एकता, सहयोग और सामूहिक कार्य की भावना विकसित होती है। राज्य स्तरीय शिविरों के माध्यम से स्वयंसेवकों को नेतृत्व कौशल अनुशासन, टीमवर्क, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सेवा भावना का प्रशिक्षण दिया जाता है। विभिन्न व्याख्यान, समूह चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा ग्रामीण विकास से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। इन शिविरों में विशेषज्ञों और अनुभवी वक्ताओं द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास तथा समसामयिक सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाता है। इससे स्वयंसेवकों का दृष्टिकोण व्यापक होता है और वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित होते हैं। इस प्रकार राज्य स्तरीय शिविर स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिबद्धता का विकास कर उन्हें राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करते हैं। द्वितीय वक्ता के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य स्तरीय शिविरों में सहभागिता युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती है। श्रम का दैनिक जीवन में बहुत महत्व है। श्रेष्ठ मनुष्य ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना विकसित भारत 2047 अभियान में अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाने को तैयार है, मनुष्य को उत्कृष्ट बनाने के लिए कर्म मार्ग, ज्ञान मार्ग एवं भक्ति मार्ग अतिआवश्यक है। शिविर के अनुभवों को दैनिक जीवन में उतारने एवं समाज कल्याण हेतु आगे आने हेतु प्रेरित किया। युवा संवाद सत्र में शैलेंद्र सिंह अपर कलेक्टर (सीईओ जिला पंचायत), जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों ने स्वयंसेवकों को पंचायत व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को टोपी का वितरण भी किया गया। अंत में आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## न्यूज कार्नर

### अरविंद श्रीमाली का साधना शिविर 12 अप्रैल को



रीव। आज के समय में जब हम अपने बच्चों को साधना और पूजा-पाठ से दूर कर रहे हैं, तब यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम उन्हें संस्कारों की ओर मोड़ें। दिन के 24 घंटों में से कम से कम एक घंटा साधना के लिए देना केवल धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति का आधार है। इसी श्रृंखला में आगामी 12 अप्रैल को रीवा की पावन भूमि पर एक दिव्य साधना शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वयं से साक्षात्कार करने का एक अवसर है। पर्व मैरिज गार्डन, सतना रोड पर आयोजित होने वाले इस शिविर में गुरुदेव अरविंद श्रीमाली का प्रत्यक्ष सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज को पुनः अपनी जड़ों से जोड़ना और शक्तिपात दीक्षा के माध्यम से साधकों की भौतिक एवं धार्मिक उन्नति के मार्ग खोलना है।

### विवि विधि में विभाग में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



रीवा। अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व पूर्व विभागाध्यक्ष स्व. प्रो. सीडी सिंह का गत तीन मार्च को गोरखपुर के एम्स हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के उपरांत स्वर्गवास हो गया था। गुरुवार को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के विधि विभाग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ श्रद्धा सिंह, डॉ देवेंद्र पाण्डेय, रेखा शुक्ला, जितेन्द्र सिंह मझियार, जगदीश पाण्डेय, सौरभ सिंह सहित सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए हुए कार्यों एवं विधि विभाग के पहले संस्थापक रहते हुए उनके द्वारा छात्रों के हित में एवं विधि विभाग के हित में सराहनीय कार्य को याद किया।

### टीआरएस में जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जागरण,रीवा। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत माह जनवरी से अप्रैल की साप्ताहिक प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन करने के अनुक्रम में उद्भव टीआरएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय के छात्रों हेतु सातवें जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में गुरुवार के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एफिनिटी ग्लोबल वोकेशन्स के फाउंडर रवि मिश्रा रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रवि मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को अलग-अलग सेक्टर में स्टार्टअप शुरू करने और नए भारत के कैरियर ऑप्शन के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.आरके दुबे नोडल अधिकारी उद्भव इनक्यूबेशन टीआरएस फाउंडेशन डॉ.सुनील कुमार सोधिया, डॉ.दिलीप तिवारी, डॉ.अतुल शुक्ला, डॉ.आरती उपाध्याय, प्रो.बीना शुक्ला, प्रो.ऊषा तिवारी, श्रवण ताम्रकार व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीके स्कूल में नीट एवं जेईई हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन

## गरीब तथा जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को अवसर




रीवा। संभागयुक्त रीवा बी एस जामोद की विशेष पहल तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग नीरव दीक्षित के निर्देशानुसार रीवा संभाग के सभी जिला मुख्यालयों पर बोर्ड परीक्षा उपरांत गरीब तथा जरूरतमंद परिवारों से संबंधित शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए नीट तथा जेईई परीक्षाओं हेतु तैयारी के लिए निःशुल्क कक्षाओं का आयोजन किया जाना है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य तथा प्रायोगिक परीक्षाओं के पूर्ण होने के साथ छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में गंभीरता से जुटते हैं। संभाग आयुक्त रीवा ने निर्देशित किया है कि जो छात्र-छात्राएं गरीब परिवारों से संबंधित हैं उनकी भी परीक्षा तैयारी समुचित रूप से विभाग के योग्य शिक्षकों के माध्यम से कराई जाय। संयुक्त संचालक नीरव दीक्षित द्वारा संभाग के सभी जिलों में स्कूल शिक्षा विभाग के योग्य शिक्षकों द्वारा जिला स्तर पर प्रतियोगी कक्षाओं के संचालन हेतु जिला नोडल अधिकारियों के माध्यम से इन कक्षाओं के व्यवस्थित संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं। रीवा जिले में प्रवीण कुमारी कन्या सांदीपनि विद्यालय को भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान व अंग्रेजी कक्षाओं हेतु चयनित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक राजेश मिश्र को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पीके स्कूल के प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह, उप प्राचार्य मुन्ना लाल पटेल, उत्कृष्ट विद्यालय रीवा के डॉक्टर प्रभाकर द्विवेदी, डॉक्टर रामनारायण तिवारी तथा डॉक्टर विनय दुबे सहित विषय विशेषज्ञों द्वारा उक्त कक्षाओं का संचालन किया जाना है। पीके स्कूल के प्राचार्य द्वारा विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 सविता मिश्रा से संपर्क हेतु कहा गया है ।

# शिक्षकों को नहीं मिल पाएगी गर्मी की छुट्टी

## 10वीं और 12वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा को लेकर जारी समय सारिणी से आक्रोश

जागरण,रीवा। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षा मार्च माह के पहले सप्ताह में ही समाप्त हुई है और अब द्वितीय यानी दूसरी परीक्षा का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा 7 मई से शुरू होंगी और लगभग हर रोज ही परीक्षा होगी। इसमें गेप केवल रविवार का ही दिया गया है। अब इन परीक्षाओं के पहले ही दोनों ही कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी घोषित करने की चुनौती है। हालांकि शिक्षकों ने इस आदेश पर अप्रसन्नता जाहिर की है। उनका कहना है कि गर्मी का अवकाश उन्हें मिल ही नहीं पाएगा। इस मामले पर आगामी दिनों में शिक्षक संघ आंदोलन कर सकता है। मंडल द्वारा सभी संबद्धता प्राप्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों को जारी किए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2026 की द्वितीय परीक्षाओं परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा रहा है। इसके अनुसार यह परीक्षाएं मई माह में आयोजित होंगी। 12 वीं कक्षा की परीक्षा 7 मई गुरुवार को बायोटेक्नोलॉजी के पेपर से शुरू होगी और 25 मई को राजनीति शास्त्र के पेपर के साथ समाप्त होगी। वहीं 10वीं की परीक्षाएं भी इसी दिन यानी 7 मई गुरुवार को हिन्दी के पेपर से शुरू होंगी और 19 मई को अंग्रेजी के पेपर के साथ समाप्त होंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक का रखा गया है। द्वितीय परीक्षा में वे परीक्षार्थी शामिल होते हैं जो फेल हो गए हों या फिर कम अंक मिले हों। इसके साथ ही उन्हें भी मौका दिया जाता है जो कि मुख्य परीक्षा में किन्हीं कारणों से शामिल होने से चूक गए हों। इसके लिए प्रति प्रश्नपत्र 500 रुपयों की फीस भी चुकानी होगी।

PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 15 मार्च रविवार को रीवा में



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज,थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी × मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 15 मार्च 2026 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक×डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्टोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 6 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -advt.

# भव्यता और धूमधाम से मनाया जाएगा श्री झूलेलाल जयंती



रीवा। वरुण देवता भगवान श्री झूलेलाल जयंती (चेट्रीचंड्र) मनाने हेतु श्री झूलेलाल सेवा मण्डल द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अध्यक्ष विनोद पुरुस्वानी ने बताया 18 मार्च को रूप बसंत म्यूजिकल पार्टी द्वारा भक्तिमय संगीत संध्या एवं 19 मार्च को भोपाल एवं बुरहानपुर से आने वाले कलाकारों द्वारा एक शाम सिंधीयत के नाम और साथ में निःशुल्क आनंद मेला 20 मार्च शुक्रवार को, दोपहर में भोग साहब एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। 20 मार्च को शाम 6 बजे मानस भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका प्रकाश चौराहा घोड़ा चौराहा वेंकट रोड होते हुए बंबा घाट में समापन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रहलाद सिंह संतूलाल आहूजा हुकुमत राय होतवानी लद्धा राम ठारवानी जयपाल पुरी नंदलाल कोटवानी घनश्याम दास काकवानी नरेश काली सतीश सुंदरानी गुलाब नागपाल सुरेश रामचंदानी पप्पन पंजवानी श्याम वाधवानी मुकेश हिरवानी अमित ठारवानी राजेश वाधवानी महेश आहूजा विजय खुबानी दिलीप आसनानी एवं समाज के सभी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# छात्राओं को सफल उद्यमी बनने किया प्रेरित

## जीडीसी में उद्यमिता जागरुकता विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जागरण,रीवा। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा के स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शेडमैप उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश द्वारा महाविद्यालय में 'उद्यमिता जागरुकता विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को उद्यमिता विकास हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य द्विवेदी जिला उद्यमिता विकास केन्द्र प्रबंधक, मुख्य वक्ता हरिओम सोनी, जिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम संयोजक तथा अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मेजर विभा श्रीवास्तव द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत डॉ. आरपी गुप्ता विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रभारी स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया तथा का मंच का संचालन डॉ.उपमा श्रीवास्तव वाणिज्य विभाग के द्वारा किया गया। उद्यमिता विकास जागरुकता का विषय 'महिला उद्यमिता' था। हरिओम सोनी जिला कार्यक्रम के समन्वयक ने छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करते समय स्वयं के कौशल को पहचानने और उसके विकास के लिए सतत प्रयास द्वारा सफल उद्यमी बनने प्रेरित किया। रीवा की प्रतिष्ठित महिला उद्यमी साबिया अंसारी ने छात्राओं को सफल उद्यमी बनने के महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उद्यमिता विकास केन्द्र के प्रबंधक आदित्य द्विवेदी ने छात्राओं को हर सम्भव सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया, छात्राओं को प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र प्राचार्य डॉ. मेजर विभा श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.महेन्द्रमणि द्विवेदी, वाणिज्य विभाग के प्रो.विपिन विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-14) का फाइनल मुकाबला

# पहले दिन गेदबाजों का रहा बोलबाला, पूरे दिन के खेल में गिरे 21 विकेट

## सतना ने पहली पारी में 15 रनों की प्राप्त की लीड



जागरण,रीवा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में एमपीसीए क्रिकेट मैदान में स्व.असद खान 'गब्बर' स्मृति अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता( अंडर-14) के तहत मेजबान रीवा एवं सतना की टीमों के बीच खेले आरंभ हुये 2 दिवसीय फाइनल मैच के पहले दिन के खेल में गेंदबाजों का जलवा रहा तथा पहले दिन के खेल में कुल 21 विकेट गिरे। उक्त जानकारी देते हुये रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन ने सह सचिव देवेश शुक्ला ने बताया कि पहले दिन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली रीवा की टीम के बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन करने में नकामयाब रहे। क्योंकि रीवा की बल्लेबाजी की रीढ़ कहे जाने वाले अर्णव त्रिपाठी गुरुवार को बड़ी पारी नहीं खेल सके, नतीजन रीवा की पहली पारी मात्र 115 रनों के योग पर सिमट गयी। रीवा की ओर से अर्णव त्रिपाठी ने सर्वाधिक 24 रन बनाये जबकि सुभाष साहू एवं अद्वित तिवारी ने 17-17 रन बनाये। सतना की ओर जबरदस्त गेंदबाजी करते हुये सार्थक पांडेय ने 31 रन देकर 5 विकेट लिये, उनके अतरिक्त सूर्यांश त्रिवेदी एवं नमन त्रिपाठी ने 2-2 विकेट लिये। रीवा की पहली पारी के खत्म होने के बाद सतना ने पहली पारी का आगाज किया तथा एक समय उनका स्कोर 5 विकेट पर 115 रन था व उनकी टीम एक बड़ी लीड लेने में सफल होती दिख रही थी किंतु उसके बाद सतना के अंतिम 5 विकेट मात्र 15 रन के अंदर गिर जाने से उनकी टीम 130 के योग पर ही आउट हो गयी। सतना की ओर से यशदीप शर्मा ने सर्वाधिक 49 रन बनाये जबकि यथार्थ सिंह ने 19 रन एवं आरव पाण्डेय ने 14 रनों की पारियाँ खेलीं। रीवा के स्पिन गेंदबाज अद्वित तिवारी ने सराहनीय गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये 36 रन देकर 6 विकेट हासिल किये। सार्थक मिश्रा ने भी 3 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। इस प्रकार सतना को पहली पारी में 15 रनों की मामूली लीड प्राप्त हो गयी। दिन के शेष बचे खेल में रीवा की टीम के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया तथा दूसरी पारी में रीवा के 1 विकेट पर 66 रन बने है। कप्तान अर्णव त्रिपाठी 38 रन एवं आरव शुक्ला 24 रन बनाकर नाबाद हैं। इस प्रकार पहले दिन के खेल में दोनों ही टीमों ने काफी प्रतिस्पर्धात्मक खेल दिखाया, जिससे मैच बराबरी पर दिख रहा है। सुहैल खान एवं गौरव मिश्रा के द्वारा फाइनल मैच में अंपायरिंग का दायित्व निभाया जा रहा है जबकि शिवांशु पाण्डेय मैच के स्कोरर हैं। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य व रीवा डिवीजन के प्रभारी भोपाल के हर्ष पाण्डेय मैच के दौरान उपस्थित रहे। चूँकि इस प्रतियोगिता में किये गये प्रदर्शन के आधार पर रीवा संभाग की अंडर-14 टीम के संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाना है, अतः फाइनल मैच के दौरान सभी संभागीय चयनकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शांति धाम में गुलजार दादी का अव्यक्त आरोहण दिवस मनाया

रीवा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति धाम झिरिया में गुलजार दादी का पांचवा अव्यक्त आरोहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के अनुयायियों ने दादी की याद में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए और उनके जीवन से प्रेरणा ली। साथ ही दादी जी के निमित्त भोग लगाया गया और उनकी स्मृतियों को संस्थान की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लता दीदी ने सभी से साझा किया। उन्होंने दादी जी के जीवन के बारे में बताया और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ. मेजर विभा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में प्रोफेसर सोनल अग्रवाल, संध्या गौतम, श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव, डॉ. विकास श्रीवास्तव तथा साकेत श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नशा मुक्ति भारत अभियान के नोडल निदेशक वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश भाई ने सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर गायक नीलेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार सेन, विजय बेंजामिन, ललिता पाण्डे, अंकू तिवारी, संध्या श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com

**NOTICE**

GeM Bid No.: GEM/2026/B/7289402 dated 25.02.2026
(CAMROC of Complete Fire Fighting and Fire Alarm System)
(Corrigendum)

Corrigendum related to the bid has been uploaded on the GeM Portal. Interested bidders may visit the GeM Portal/website (www.cancerinstitute.edu.in) for further details.

Advt No:- KSSSCI/Tender-30 /2025-26 DIRECTOR

## संक्षिप्त खबरें

### एनआईटीटीटीआर में आज आरटीआई पर व्याख्यान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर ) में एक विशेष व्याख्यान सत्र सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के मूल सिद्धांत विषय पर आयोजित कर रहा है। यह सत्र संसथान के राजीव गांधी सभागार में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस सत्र को मुख्य वक्ता केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) नई दिल्ली के सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी संबोधित करेंगे। उक्त व्याख्यान का उद्देश्य प्रतिभागियों को आरटीआई अधिनियम के मूल सिद्धांतों, इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इससे संस्थानों में पारदर्शिता की व्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून के प्रभावी अनुपालन को तय करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। निटर भोपाल ने संबंधित संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों और आरटीआई से संबंधित मामलों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लेने के लिए नामांकित करें। यह सत्र पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और आरटीआई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित होगा।
जवाब पेश न करने पर दस हजार की कॉस्ट लगाई है।

### मुख्यमंत्री आज डालेंगे लाड़ली बहना की किस्त

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना की 34 वीं किस्त शुक्रवार को महिलाओं के खाते में डाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगाँव में आयोजित सम्मेलन में योजना में लाभांवित 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। प्रत्येक हितग्राही महिला के खाते में राज्य सरकार द्वारा 1500 रुपए डाले जाएंगे। जून 2023 से शुरू हुई इस योजना के तहत सरकार अब लाड़ली बहनों को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें कौशल उन्नयन, रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को लाड़ली बहना सम्मेलन में लगभग 122 करोड़ रुपए लागत के 54 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 62 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

**122 करोड़ के 54 विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन व लोकार्पण**

### पीडब्ल्यूडी की विभागीय समिति के अध्यक्ष बने दुबे

**जागरण न्यूज, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण भवन में सोमवार को अधीक्षण यंत्री, मंडल क्रमांक एक में पदस्थ अतुल दुबे सहायक ग्रेड-3 को निर्माण भवन का (तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मप्र) विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संघ मप्र के कोषाध्यक्ष मोहन अय्यर ने बताया कि इस अवसर पर तृतीय कर्मचारी संघ मप्र के संरक्षक एसएस रजक, एलएन कैलासिया, पंजवानी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विजय रघुवंशी, महामंत्री प्रेमकहार, प्रमोद रिछारिया, पुष्पेन्द्र करोड़े, ज्ञानेश्वर, रत्नेश सौंधिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने निर्माण भवन में उपस्थित होकर नियुक्ति आदेश प्रदान किया एवं सभी के द्वारा बधाई दी गई।

# प्रदेश में दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य

## सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करेगी राज्य सरकार, निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार होगी

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। 11 मार्च को जारी आदेश में कहा गया था कि कुछ दुग्ध उत्पादक (जो डेयरी सहकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं) तथा दूध विक्रेता खाद्य व्यवसाय गतिविधियों का संचालन बिना पंजीकरण कराए अथवा बिना लाइसेंस प्राप्त किए कर रहे हैं। यह परामर्श दिया जाता है कि वे अपने संचालन प्रारंभ करने अथवा जारी रखने से पूर्व अनिवार्य रूप से एफएसएसएआई के साथ अपना पंजीकरण कराएं। इस संबंध में प्रदेश के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेश प्राप्त होते ही नई व्यवस्था लागू करवा दी जाएगी



### कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो

सभी राज्यों में दूध में मिलावट से संबंधित घटनाओं के दृष्टिगत पंजीकरण-लाइसेंसिंग आवश्यकताओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। केंद्र तथा सभी राज्यों की प्रवर्तन प्राधिकरणों से अनुरोध है कि वे संबंधित अधिकारियों और केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे यह सत्यापित करें कि ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों एवं दूध विक्रेताओं के पास वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र अथवा लाइसेंस उपलब्ध हो।

### मप्र में 213 लाख टन दूध का उत्पादन

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

### राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भी रखें ध्यान

प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में दूध कारोबारियों की निगरानी बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी के पास आवश्यक पंजीकरण या लाइसेंस हो। साथ ही दूध संग्रह और परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों तथा भंडारण व्यवस्था की समय-समय पर जांच भी की जाए। एफएसएसएआई ने राज्यों को विशेष पंजीकरण अभियान चलाकर ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान करने को भी कहा है जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से संबंधित गतिविधियों की निगरानी और अनुपालन की रिपोर्ट हर महीने 15 और 30 या 31 तारीख तक प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्र ने भी मांगी दूध उत्पादन की रिपोर्ट

दूध उत्पादन और बिक्री को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए पंजीकरण या लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। एफएसएसएआई के अनुसार कुछ दूध उत्पादक और विक्रेता बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय चला रहे हैं, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों को अपने कारोबार को जारी रखने या शुरू करने से पहले एफएसएसएआई के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। केंद्र ने दूध उत्पादन की रिपोर्ट भी मांगी है।

# भोपाल में 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन



**जागरण, भोपाल।** भोपाल में 30 और 31 मार्च को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के युवा विधायक जुटेंगे। भोपाल में विधानसभा के विधान परिषद भवन में युवा विधायक सम्मेलन में तीन राच्यों के युवा विधायक दो दिनों तक संसदीय प्रणाली पर विचार मंथन होगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि युवा विधायक सम्मेलन की तैयारी चल रही है। करीब 70 से 80 युवा विधायक इस सम्मेलन में शामिल होंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से इस सम्मेलन में शामिल होने वाले युवा विधायकों की लिस्ट मांगी है। विधानसभा सचिवालय की मानें तो भोपाल में होने वाले युवा विधायक सम्मेलन में करीब 45 साल से कम उम्र के विधायक शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा इस सम्मेलन की तैयारियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। इस युवा विधायक सम्मेलन में एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय शामिल होंगे। विधानसभा सचिवालय ने इस सम्मेलन के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्षों को भी आमंत्रण भेजे हैं।

**मप्र-छत्तीसगढ़ और राजस्थान के 70 से ज्यादा विधायक होंगे शामिल**

# सिलेंडर के लिए जिलों में बनाएं कंट्रोल रूम, अफवाहें रोकें

## सीएस जैन ने वीसी से ली बैठक, डीजीपी मकवाना सहित आला अफसर हुए शामिल

**जागरण, भोपाल।** ईरान-अमेरिका तनाव के बीच शासन-प्रशासन ने प्रदेश में गैस और अन्य ईंधन की उपलब्धता को लेकर कसावट तेज कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बिगड़ना नहीं चाहिए।

जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर गैस आपूर्ति व्यवस्था मजबूत रखें और अफवाहों पर भी सख्ती से रोक लगाएं। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एसीएस शिवशेखर शुक्ला एवं रश्मि अरूण शमी सहित अन्य आला अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक में एलपीजी सहित अन्य ईंधनों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सीएस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू गैस वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि रिफिल बुकिंग, ओटीपी जनरेशन और गैस वितरण में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए गैस कंपनियों को भी अपने सर्वर और तकनीकी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए जाएं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा की जाए और जरूरत पड़ने पर तुरंत समाधान किया जाए।



बैठक में मुख्य सचिव ने विभिन्न शहरों में पीएनजी के कनेक्शन की जानकारी ली और कलेक्टर्स से कहा कि वे अधिकाधिक उपभोक्ताओं को पाइप लाइन गैस प्रणाली से जोड़ें। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का उसी दिन संतुष्टि पूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और इनकी आपूर्ति लगातार जारी है।

### डीजीपी बोले - सोशल मीडिया पर नजर रख सख्त एक्शन लें

डीजीपी मकवाना ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेट फार्म पर गलत सूचनाओं और अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहाकि संपूर्ण व्यवस्था में सुरक्षात्मक इंतजाम सुनिश्चित करें। कहीं भी अवैध जमाखोरी या कालाबाजारी की स्थिति न बने।

### इलेक्ट्रिक भट्टी, इंडक्शन जैसे विकल्पों पर जोर

बैठक में यह भी बताया गया कि कई जिलों में कलेक्टरों ने होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन संचालकों से चर्चा कर रसोई गैस के स्थान पर इलेक्ट्रिक भट्टी और इंडक्शन जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। मुख्य सचिव ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य जिलों में भी ऐसे कदम उठाने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, जारी रहेगी आपूर्तिः मुख्यमंत्री

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली प्रवास के दौरान भी प्रदेश में गैस आपूर्ति पर नजर रखे रहे। उन्होंने कहाकि प्रदेश में नागरिकों को रसोई गैस संबंधी परेशानी नहीं होगी। प्रदेश में घरेलू रसोई गैस सहित पीएनजी और सीएनजी की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिडिल ईस्ट-एशिया में युद्ध की स्थितियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रीगण सजग हैं। केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कालाबाजारी रोकने के पूरे प्रबंधन किए गए हैं। देश में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिये वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया जारी है। घरेलू पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति बिना कटौती के हो रही है। रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वर्तमान में एलपीजी उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है। प्रदेश में गैस की निर्बाह आपूर्ति के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों की समिति का गठन भी किया गया है।

# कैदियों की परीक्षा कराने इग्नू ने जेलों में बनाए केंद्र

## दस अप्रैल तक जमा होंगे विद्यार्थियों के फार्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जून 2026 टर्म-एंड-एग्जामिनेशन (टीईई) (ओएलडी एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए) एक जून से शुरु होंगी। परीक्षाएं पेन एंड पेपर और आनलाइन मोड पर होंगी। जून 2026 टीईई के लिए परीक्षा फॉर्म भरने, प्रोजेक्ट जमा करने तथा प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन लिंक पहले ही खोल दिया गया है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि जून 2026 टर्म-एंड परीक्षाओं का आयोजन भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र के तहत 16 परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी कई कार्यक्रमों के तहत अपनी परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि उज्जैन, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), इंदौर एवं भोपाल केंद्रीय कारागार में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि बंदी विद्यार्थी भी अपनी परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकें। क्षेत्रीय निदेशक पांडे बताया कि भोपाल में मोतीलाल साइंस कालेज और कैरियर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि इंदौर में तीन परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्वालियर, मंदसौर, उज्जैन, झाबुआ, शिवपुरी, महू, खंडवा एवं नर्मदापुरम में भी परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हैं। विद्यार्थी 10 अप्रैल तक सामान्य शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं, जबकि 11 से 24 अप्रैल तक 1100 रुपये के विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म जमा किया जा सकेगा।

### हाईकोर्ट ने सेवा में वापस लेने का सुनाया आदेश

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सेवा से बर्खास्तगी का आदेश अनुचित पाया। इसी के साथ नौकरी पर वापस लेने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता ग्वालियर निवासी आकाश चौहान की ओर से अधिवक्ता नीलेश कोटेचा, एमबी शर्मा व नम्रता कोटेचा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 2010 में अदालत में सहायक ग्रेड-थ्री की नौकरी हासिल की थी। उसने आवेदन-प्रपत्र में पत्नी के साथ चल रहे प्रकरणों का जिक्र नहीं किया था। नौकरी मिलने के बाद पत्नी के साथ सिविल व क्रिमनल केस का उल्लेख कर दिया। दरअसल, पत्नी दुर्भावनावश सिविल व क्रिमनल केस दायर कर रही थी। बार-बार शिकायत कर परेशान कर रही थी। शिकायतों के आधार पर हुई जांच में हर बार याचिकाकर्ता निर्दोष साबित

# पैक्स से 10 लाख किसानों को जोड़ने के लिए अप्रैल में चलेगा अभियान

## सारंग ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

**जागरण, भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग की वर्तमान गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) और विपणन सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए एक विशेष कमेटी गठित की जाए। कमेटी सहकारी संस्थाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर उनके संचालन, संरचना और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव देगी। 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि वर्ष को ध्यान में रखते हुए सहकारिता



संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। पैक्स को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत इकाई के रूप में विकसित करना है। इसके लिए पैक्स की सदस्यता बढ़ाने अप्रैल में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जाए, जिसके तहत लगभग 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। किसानों को सहकारिता से जोड़ने से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और किसानों को संस्थागत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। मंत्री श्री सारंग ने खाद वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डबल लॉक की स्थिति में नगद भुगतान के माध्यम से पैक्स के जरिए खाद वितरण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

**राहत** शुल्क ज्यादा होने के कारण कॉलेज संचालक नहीं दिखा रहे थे दिलचस्पी, सिर्फ निरंतरता के लिए आवेदन करना होगा

# पुराने नर्सिंग कॉलेजों पर नहीं लगेगा संबद्धता शुल्क

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अब पुराने नर्सिंग कालेजों को संबंधित विश्वविद्यालयों से संबद्धता लेने के लिए शुल्क देने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें सिर्फ निरंतरता के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद संबंधित विवि कमेटी गठित कर उनका निरीक्षण कराएगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कालेजों को निरंतरता दी जाएगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के संबद्धता शुल्क लेने के प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग को हस्तक्षेप करना पड़ा है। जबलपुर के आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्धता समाप्त होने के बाद प्रदेश के सभी नर्सिंग कालेजों को अपने से संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता लेना थी। इस संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिए। बीयू ने आवेदन करने के लिए लिंक भी खोल दी, लेकिन संबद्धता



शुल्क के नये कालेजों की तरह लेने का आदेश जारी कर दिया। इसमें हरेक सीट पर करीब 25 हजार रुपये आ रहा था। मप्र नर्सिंग कालेज सीटों पर प्रवेश दे चुका है, लेकिन बीयू ने संबद्धता जारी नहीं की। प्रवेश होने के बाद कालेजों ने संबद्धता के लिए आवेदन शुल्क देने से इंकार कर दिया। क्योंकि उनका कहना है कि जब वह पुराने कालेज हैं, तो उनसे संबद्धता शुल्क को किया जा रहा है। वे सिर्फ निरंतरता शुल्क देंगे, जो हरेक विद्यार्थी का करीब दो हजार रुपये है। इससे लेकर बीयू दो बार तिथि पैनाल्टी लगाकर अंतिम तिथि में बढ़ोतरी भी की, लेकिन 40 कालेजों में से सिर्फ सरकारी आधा दर्जन कालेजों ने आवेदन किए थे। क्योंकि उन्हें संबद्धता शुल्क में छूट थी। निजी कालेज सामने नही आए। बीयू की संबद्धता शुल्क लेने की हठबद्धता की सूचना विभाग तक जा पहुंची। तब विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहाकि पुराने कालेजों से संबद्धता शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनसे सिर्फ निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता को निरंतरत किया जाएगा। विभाग के आदेश के बाद अब बीयू निरंतरता के लिए आवेदन करेगा। बीयू नर्सिंग काउंसिल के मापदंडों को परखने के लिए कमेटी गठित कर कालेजों का निरीक्षण कराएगा। निरीक्षण रिपोर्ट के आने के बाद ही बीयू कालेजों की निरंतरता जारी करेगा।

### ऐसे हुई तिथि में बढ़ोतरी

बीयू को करीब 40 कालेजों को संबद्धता देनी है। आवेदन जमा करने पहली बार कालेजों को 25 दिसंबर तक सामान्य शुल्क के साथ समय दिया था। 31 दिसंबर तक 25 फीसदी विलंब शुल्क के साथ आवेदन करना था। उक्त तिथि में भोपाल के जीएमसी और बीएमएचआर सी, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ के नर्सिंग कालेज ही आवेदन कर पाए थे। अब निजी कालेजों के आवेदन जमा होने के बाद बीयू उक्त कालेजों का निरीक्षण कराने जांच दल तैयार करेगा। उनके निरीक्षण कराकर रिपोर्ट तैयार कराएगा, जिसके आधार निरंतरता जारी की जाएगी।

### फीस के लिए संबद्धता जरूरी

कालेज विद्यार्थियों से वर्तमान सत्र में कितनी फीस लेंगे यह निर्णय अभी तक नही हो सका है। क्योंकि संबद्धता के अभाव में प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति कालेजों की फीस निर्धारित नहीं कर रही है। कालेज बीयू द्वारा निर्धारित किए गए संबद्धता शुल्क को जमा कर देते, तो विद्यार्थियों की फीस में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने फीस पर नियंत्रित करने के लिए निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता जारी करने के आदेश दिया है। अब कालेजों को विवि से संबद्धता मिल जाएगी और वे फीस कमेटी में आवेदन कर फीस का निर्धारण कराएंगे।

"विभाग ने आदेश दिए हैं कि पुराने नर्सिंग कालेजों से संबद्धता शुल्क नहीं लिया जाएगा। उनसे सिर्फ निरंतरता शुल्क लेकर संबद्धता को निरंतर किया जाएगा। कालेजों के आवेदन जमा करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी।

■ प्रो समर सिंह,
कुलसचिव, बीयू

# विकास के लिए पूंजीगत व्यय सर्वोच्च प्राथमिकताः देवड़ा

**जागरण, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में मध्यप्रदेश के राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक आकलन राज्य की वित्तीय अनुशासन और विकासोन्मुख नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है और निवेश का माहौल लगातार बेहतर हुआ है। मध्यप्रदेश की राजकोषीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। नीति आयोग द्वारा जारी दूसरी वार्षिक फिजिकल हेल्थ रिपोर्ट में राज्य के वित्तीय प्रबंधन और राजस्व प्रदर्शन का सकारात्मक मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश ने वर्ष 2021-22 से लगातार राजस्व अधिशेष बनाए रखा है, जो मजबूत कर-संग्रह और राच्य के अपने राजस्व स्रोतों में वृद्धि का परिणाम है। दूसरी वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि राच्य की राजस्व प्राप्तियां सकल राच्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से जीएसटी, आबकारी और व्यापार करों की प्रभावी वसूली के कारण संभव हुई है। फिस्कल हेल्थ इंडेक्स राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन का व्यापक और तुलनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करता है तथा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को प्रोत्साहित करता है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राच्य सरकार विकास को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधोसंरचनात्मक विकास के लिए पूंजीगत व्यय 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जो एक नया कीर्तिमान होगा। वर्तमान में पूंजीगत व्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4.8 प्रतिशत है।



# अंतरिक्ष से दिखा भारत का अद्भुत नजारा



वॉशिंगटन, जेएनएन। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से ली गई एक शानदार तस्वीर सामने आई है, जिसमें भारतीय शहर रोशनी से जगमग दिख रहे हैं। इस तस्वीर को आईएसएस के ऑफिशियल एक्स हैंडल से शेयर किया गया है,जिसमें भारतीय उपमहाद्वीप अंधेरे आसमान के नीचे दिखाया गया है और उसमें लाइटों के गुच्छे एक जाल की तरह दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर को उस समय खींचा गया जब स्पेसक्राफ्ट अरब सागर के ऊपर से गुजरा और हिमालय क्षेत्र की ओर चला गया।

### बॉयफ्रेंड से शादी के बाद मोनालिसा बोलीं

## मैंने हिंदू रीति-रिवाज से की शादी

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुई गर्ल मोनालिसा एक बार फिर चर्चाओं में है। मोनालिसा ने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी कर ली। दोनों ने ये शादी केरल के पूवर में अरुमानूर श्री नैनार देवा मंदिर में की। शादी की वीडियो भी वायरल हो रही है। मोनालिसा ने शादी के बाद कहा, उन्होंने फरमान खान के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी की है। यह लव जिहाद नहीं है। उसने कहा, मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। शादी के बाद पति के साथ मोनालिसा तिरुवंतपुरम स्थित तम्पानूर पुलिस स्टेशन पहुंची। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मांगी। पुलिस पूछताछ के दौरान केरल में शादी करने की बात कही तो उन्होंने कहा कि उन्हें लगा कि यहां वे सामाजिक, धार्मिक दबाव से दूर सुरक्षित तरीके से रह पाएंगे। इस दौरान पुलिस ने कागजातों की भी जांच की,जिसमें बालिग पाई गई। इसके बाद पुलिस ने साथ जाने की अनुमति दी।



**इंदौर की रहने वाली हैं मोनालिसा**

मोनालिसा मूल रूप से इंदौर की रहने वाली हैं, जबकि फरमान महाराष्ट्र से हैं। दोनों की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी और वहीं से उनका रिश्ता शुरू हुआ। मोनालिसा के पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे, क्योंकि दोनों अलग-अलग धर्म से हैं। आरोप है कि उन्होंने मोनालिसा पर परिवार के रिश्तेदार से जबरन शादी करने का दबाव भी बनाया। इसी दौरान मोनालिसा केरल के तिरुवनंतपुरम के पास पूवर में अपनी पहली मलयालम फिल्म नागम्मा की शूटिंग कर रही थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब थरूर ने लिखा अय्यर को ओपन लेटर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं शशि थरूर और मणिशंकर अय्यर के बीच तनाव और बढ़ गया है। थरूर ने गुरुवार को अय्यर के ओपन लेटर का जवाब ओपन लेटर से दिया है। थरूर ने कहा है कि विदेश नीति पर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इससे किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। अय्यर ने 10 मार्च को अपने लेटर में विदेश नीति पर थरूर के रुख की आलोचना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि थरूर ने अमेरिका-इजराइल और ईरान से जुड़े मुद्दों पर भारत के नैतिक रुख को कमजोर किया है। उन्होंने कहा, भारत को शक्तिशाली देशों के दबाव में चुप नहीं रहना चाहिए और गांधी-नेहरू की नैतिक राजनीति से प्रेरणा लेनी चाहिए।



### बेटे के साथ मिलकर मां ने की बेटी की हत्या

**लखनऊ, जेएनएन।** उप्र में एक महिला और उसके बेटे ने कथित तौर पर अपनी 19 साल की बेटी की हत्या कर दी, क्योंकि वे एक हिंदू युवक के साथ उसके रिश्ते से नाराज थे। गाजीपुर पुलिस ने कथित हत्या के लिए मां और बेटे की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना गांव के बाहर एक खेत में हुई, जो फतेहपुर जिले के गाजीपुर पुलिस स्टेशन की सीमा में आता है। आरोपी मां की पहचान 48 साल की अफसाना और उसके 26 साल के बेटे अफसर के तौर पर हुई है, जिन्हें बाद में सोमवार शाम को टिकरी मोड़ गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया, जब वे भागने की योजना बना रहे थे। पुलिस को बेटी की लाश, जो पैगमपुर बकरी गांव की रहने वाली थी, 2 मार्च को रहस्यमयी हालात में मिली थी।

**हिंदू युवक से रिश्ते से नाराज थे परिजन**

### आतंकी फंडिंग मामले में शबीर को मिली जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह को गुरुवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि इस मामले में ट्रायल में हो रही लंबी देरी का कोई संतोषजनक कारण सामने नहीं आया है, इसलिए आरोपी को जमानत दी जा रही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश सुनाया। अदालत ने शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस और एनआईए की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला दिया। शबीर अहमद शाह को जून 2019 में गिरफ्तार किया गया था। बाद में 4 अक्टूबर 2019 को एनआईए ने मामले में दाखिल दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में उन्हें आरोपी बनाया था।



### हरियाणा: कांग्रेस करेगी विधायकों की बाड़ेबंदी

**चंडीगढ़, जेएनएन।** कांग्रेस विधायकों को हिमाचल शिफ्ट करने की तैयारी कर रही है, वहीं भाजपा ने गुजरात के डिप्टी सीएम संघवी को चुनाव ऑब्जर्वर बनाया है। संघवी गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। राज्यसभा चुनाव में वोटों की टूट-फूट रोकने कांग्रेस विधायकों की बाड़ाबंदी करेगी। 13 मार्च को चंडीगढ़ में सभी विधायकों का लंच रखा गया है। इसके बाद विधायकों को एक साथ लग्जरी बसों में हिमाचल ले जाया जा सकता है, जहां डिनर का इंतजाम किया है। हालांकि,नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार कह रहे हैं कि पार्टी के विधायक कहीं नहीं जाएंगे। सब एकजुट हैं। इसके बावजूद केंद्रीय नेतृत्व किसी तरह का रिस्क लेने को तैयार नहीं है। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद और प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी साथ रहेंगे।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध: अमेरिकी चेतावनी के बाद ईरान ने रखी 3 शर्तें

# कानूनी मान्यता, हर्जाना और मांगी गारंटी

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि तेहरान शांति के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए तीन शर्तें सामने रखी हैं। उन्होंने कहा, रूस और पाकिस्तान के नेताओं से बात की है और इलाके में शांति के लिए ईरान की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को खत्म करने का एकमात्र तरीका ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता देना, हर्जाना देना और भविष्य में होने वाले हमलों को रोकने इंटरनेशनल गारंटी साबित होनी चाहिए। इसके पहले ट्रंप युद्ध जल्द खत्म करने की बात कह चुके हैं।

ईरानी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय में आया है, जब लड़ाई रोकने कूटनीतिक कोशिशें तेज हो गई हैं। रूस ईरानी नेतृत्व के साथ करीबी संपर्क बनाए हुए हैं और दुश्मनी खत्म करने की अपील कर रहा है। इस बीच पेजेश्कियान ने जंग रोकने के लिए शर्त रखकर बता दिया है कि ईरान युद्ध रोकने को तैयार है, लेकिन अमेरिका और इजरायल के सामने झुकने को तैयार नहीं है। ऐसे में सवाल है कि ईरान इतनी मजबूती से कैसे बात कर रहा है।

**ट्रंप के पास जंग खत्म करने का कोई प्लान नहीं:** राष्ट्रपति ट्रंप 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ, तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी, लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। इसके बाद मंगलवार को ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने सांसदों को बंद कमरे में जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी प्रांत कनेक्टिकट के डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने एक पोस्ट में लिखा, प्रशासन के पास होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा सुरक्षित तरीके से खोलने का कोई प्लान नहीं है। प्रशासन के अंदर भी कुछ अधिकारी इस बात को लेकर निराश हैं कि युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा है। हालांकि, वे यह बात सीधे राष्ट्रपति ट्रंप से कहने से बच रहे हैं, क्योंकि ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा है।



### सुप्रीम लीडर मुजतबा की अमेरिका को धमकी नहीं खुलेगा होर्मुज स्ट्रेट, जारी रहेंगे हमले

**तेहरान, जेएनएन।** तेल अवीव ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद अपने पहले बयान में अमेरिका को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद किया जाना चाहिए, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे। ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाए गए संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा। सुप्रीम लीडर बनने के बाद यह मुजतबा खामेनेई का पहला सार्वजनिक संदेश है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले दिन मोजतबा खामेनेई के पैर में फैक्चर हो गया था और उन्हें हल्की चोटें भी आई थीं। वह उसी हवाई हमले में घायल हुए थे, जिसमें उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातोल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।

### तेल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत

अमेरिका-ईरान युद्ध में अब तेल टैंकरों पर हमले शुरू गए हैं। इसी तरह का एक हमला इराक के पास अमेरिकी मालिकाना हक वाले ऑयल टैंकर सेफसी विष्णु पर हमला हुआ है। 11 मार्च को हुए इस हमले में एक भारतीय की मौत हो गई है। इराक स्थित भारतीय दूतावास ने भी हमले में एक भारतीय की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बाकी 15 भारतीय क्रू मेंबरों को बचा लिया गया है। उन्हें एक सुरक्षित ठिकाने पर ले जाया गया है।

### तेल की कीमत बढ़ने से बहुत पैसा बना रहे: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को ईरान के साथ बढ़ते तनाव के कारण तेल की बढ़ती कीमतों और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करके दिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें बढ़ने से अमेरिका को भी फायदा होता है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। इसलिए जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमें भी काफी फायदा होता है। लेकिन मेरे लिए सबसे ज्यादा अहम बात यह है कि एक 'खतरनाक ताकत' ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका जाए, क्योंकि इससे मिडिल ईस्ट, पूरी दुनिया को खतरा हो सकता है। उन्होंने लिखा,'मैं ऐसा कभी होने नहीं दूंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ईरान के बढ़ते हमलों की वजह से दुनिया को तेल की सप्लाई में इतिहास की सबसे बड़ी रुकावट का सामना करना पड़ सकता है।

### रिपोर्ट: ईरान में सरकार नहीं गिरा पाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन अमेरिका और इजराइल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को यह जानकारी दी है। एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में ट्रंप ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि, अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा।

### संसद में नियम सर्वोपरि प्रधानमंत्री भी नियम से ऊपर नहीं : बिरला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद गुरुवार को पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों। बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा, यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है। उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है। ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया।



### मणिपुर के उखरुल में बढ़ा तनाव

## 21 लोगों की रिहाई के बाद 2 लापता युवकों के शव मिले

**गुवाहाटी/इम्फाल, जेएनएन।** मणिपुर के उखरुल जिले में कुकी और तांगखुल नागा समुदायों के बीच बढ़ते तनाव के बीच दो कुकी युवकों के शव मिलने से हालात और गंभीर हो गए हैं। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया जब कुछ घंटों पहले ही बंदी बनाए गए 21 लोगों को रिहा किया गया था।

अधिकारियों के अनुसार गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों को मापीथेल पहाड़ी क्षेत्र के जंगल में दो युवकों के शव मिले। उनकी पहचान थेंगिन बैते (थावाई कुकी गांव) और थांगबोइमांग खोंगसाई (शांगकाई गांव) के रूप में हुई है। यह वही इलाका है जहां बुधवार सुबह दोनों समुदायों के सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई थी। मणिपुर विधानसभा में गृह मंत्री गोविंदास कोथौजाम ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6.30 से 9 बजे के बीच मापीथेल पहाड़ी क्षेत्र में दो सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई। यह झड़प उस समय शुरू हुई जब दो कुकी ग्रामीणों के कथित अपहरण की खबर सामने आई। गोलीबारी में एक नागरिक लालमिनथांग हाओकिप को हल्की गोली लगी, जिसे इलाज के लिए कांगपोकपी जिले के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। अधिकारियों के मुताबिक तांगखुल स्वयंसेवक कथित रूप से थावाई कूकी क्षेत्र में पोपी की खेती रोकने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान दो ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया गया, जिसके बाद दोनों समुदायों के हथियारबंद लोग आमने-सामने आ गए और गोलीबारी शुरू हो गई। कुकी समूहों ने इम्फाल-उखरुल सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी।



### तिरंगे के अपमान का आरोप

## हार्दिक पांड्या के खिलाफ बेंगलुरु में शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक टी-20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में हुए जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या ने तिरंगे का उचित सम्मान नहीं किया। वकील का आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या तिरंगा ओढ़कर मैदान में दौड़ते और नाचते हुए दिखाई दिए और बाद में उसी तिरंगे के साथ मंच पर लेट गए, जो राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा के खिलाफ माना जा सकता है। शिकायतकर्ता ने कहा कि टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान में खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। एक वीडियो में हार्दिक पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़े हुए नजर आते हैं। आरोप है कि इसी दौरान वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेट गए थे, जबकि तिरंगा उनके कंधे पर ही था। वकील का कहना है कि इस तरह का व्यवहार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के अनुरूप नहीं है और इसे तिरंगे के अपमान के रूप में देखा जा सकता है। शिकायत में प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 का हवाला दिया गया है।



## दीपिका पादुकोण का पेरिस इवेंट छूटा

**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को हाल ही में एक बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते युद्ध तनाव का असर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री तक पहुंच गया है। इसी कारण दीपिका को पेरिस में होने वाले एक खास इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होने का प्लान कैंसिल करना पड़ा। दीपिका को फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने वाले एक बड़े फैशन शो में हिस्सा लेना था। वह इस इवेंट के लिए पहले से तैयारियां भी कर चुकी थीं और उनकी टीम लगातार इसकी प्लानिंग कर रही थी। लेकिन मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सुरक्षा कारणों से कई फ्लाइट्स प्रभावित हो गईं, जिसकी वजह से उनका पेरिस जाना संभव नहीं हो पाया। दीपिका को 9 मार्च के आसपास पेरिस के लिए रवाना होना था, लेकिन अचानक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने और ट्रैवल अनिश्चितता के कारण उनकी टीम को आखिरी वक्त में यह फैसला लेना पड़ा कि वह इस बार इवेंट में शामिल नहीं होंगी। बताया जा रहा है कि दीपिका इस इवेंट के लिए अपने आउटफिट और स्टाइलिंग की तैयारियां भी कर चुकी थीं। वह एक ग्लोबल लग्जरी ब्रांड की एंबेसडर होने के नाते इस शो में शामिल होने वाली थीं। ऐसे में उनका इस इवेंट से पीछे हटना फैशन और एंटरटेनमेंट जगत में चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, फिलहाल दीपिका की तरफ से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक मौजूदा हालात को देखते हुए उनकी टीम ने सुरक्षा और यात्रा संबंधी दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया। ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर सिर्फ राजनीति या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब इसका असर अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स और मनोरंजन जगत पर भी साफ दिखाई देने लगा है।



### रहस्य — आर्कियोलॉजिस्ट अब भी कर रहे चीनी सम्राट हुआंग के मकबरे को खोलने से मना

# खतरनाक जालों से भरा 2,200 साल पुराना मकबरा

**बीजिंग, जेएनएन।** पुराना चीनी इतिहास रहस्यों से भरा है, लेकिन किन शि हुआंग की कब्र की जगह के आसपास की साजिश का मुकाबला बहुत कम लोग कर सकते हैं। तीसरी सदी बीसी में मिडिल किंगडम को एक करने वाले इस आदमी ने अपने पीछे बहुत बड़ी विरासत छोड़ी है। शानक्सी प्रांत में शीआन के पास मौजूद उनका मकबरा, वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के बीच आज भी उत्सुकता जगाता है। पुरानी कहानियों और आज की वैज्ञानिक खोजों के बीच, इस मकबरे की कहानी एक ऐतिहासिक थ्रिलर जैसी है। किन शि हुआंग ने चीनी इतिहास पर एक गहरी छाप छोड़ी। 247 बीसी में किन राज्य के राजा बने, उन्होंने ६ दुश्मन राज्यों को जीतने की ठानी और आखिरकार पहला एक चीनी साम्राज्य बनाया। उनके राज में कई शानदार कामयाबियां हुईं। इनमें ग्रेट वॉल के शुरुआती हिस्से का कंस्ट्रक्शन, 32 किमी लंबी लिंग्कू कैनाल की खुदाई और अपना खुद का बड़ा मकबरा बनाना, जो बहुत बड़ा काम था। अकेले इस आखिरी प्रोजेक्ट में करीब 700,000 मजदूर लगे और इसे पूरा होने में 38 साल लगे यानी 246 से 208 बीसी तक। कंस्ट्रक्शन का बड़ा पैमाना सम्राट की ताकत और उनकी बड़ी चाहत, दोनों को दिखाता है।

कहा जाता है कि इस चीनी सम्राट के मकबरे में दो हजार सालों से एक ऐसा खतरा छिपा हुआ था, जिसे छुआ तक नहीं गया था। मकबरे का सबसे मशहूर हिस्सा बेशक टेराकोटा आर्मी है। 1974 में खोजे गए ये लगभग 8,000 असली साइज के मिट्टी के सैनिक सम्राट की मौत के बाद की जिंदगी में रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। हर मूर्ति अनोखी है, जिसके चेहरे की बनावट और कवच पर डिटेल है। फिर भी इस अनोखी खोज के बावजूद किन शि हुआंग का असली दफनाने का कमरा कभी नहीं खोला गया।



**अमरता का विरोधाभास**

मजे की बात यह है कि किन शी हुआंग की हमेशा रहने वाली जिंदगी की तलाश ने शायद उनकी मौत को जल्दी कर दिया। मौत को हराने के विचार से पागल, बादशाह ने कथित तौर पर मरकरी वाली अमृत पी ली, यह मानते हुए कि उनमें जादुई गुण होते हैं। ये दवाएं दरबार के जादूगरों ने बताई थीं और अमरता का वादा करने वाली कहानियों से प्रेरित थीं। लेकिन, उनकी जिंदगी बढ़ाने के बजाय, इस तरीके ने शायद उन्हें जहर दे दिया। किन शी हुआंग की मौत सिर्फ 49 साल की उम्र में हो गई। उनकी मौत के कुछ समय बाद ही उनका साम्राज्य खत्म हो गया। फिर भी उनकी विरासत दो हजार साल से ज्यादा समय तक कायम रही। सम्राट की सीलबंद कब्र दुनिया भर के इतिहासकारों, आर्कियोलॉजिस्ट और जिज्ञासु विजिटर्स की कल्पना को आज भी खींचती है। आखिर में, किन शी हुआंग की कहानी एक अजीब उलझन दिखाती है। अमरता की अपनी बेचैन खोज में, उन्होंने एक ऐसा स्मारक बनाया जो नाजुक और हमेशा रहने वाला दोनों है।

## मदद के बहाने कार्ड बदलकर रुपए पार करने वाला गिरफ्तार

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के सिवनी का एक शातिर युवक जबलपुर में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी की वारदात कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को सिवनी के तिलक वार्ड रेलवे स्टेशन के पास निवासी विनोद गौतम (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग एटीएम बूथ पर पहुंचता था। फिर मदद के बहाने लोगों के एटीएम कार्ड बदलता और भाग जाता था। दूसरी एटीएम में कार्ड लगाकर उनके बैंक खाते खाली कर देता था। एएसपी पल्लवी शुक्ला ने बताया कि आरोपियों के पास अलग-अलग बैंक के 66 एटीएम कार्ड और 5500 रुपए नकद मिले हैं। वारदात में प्रयोग किए जाने वाली एक मोपेड और एक सोने की झुमकी भी आरोपी के कब्जे से जब्त की है। आरोपी कुछ समय से शहर में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के बैंक खाते से रुपए निकाल रहा था। कुछ समय पूर्व गोरखपुर निवासी बीएस सिडाम का एटीएम बदलकर उनके खाते से एक लाख छह हजार 160 रुपए निकाले थे। इसी प्रकार की घटना अधारताल के संजय नगर निवासी मेंस पार्लर के संचालक रोहित सेन, ओमती के नया मोहल्ला निवासी रसीदउद्दीन, बेलबाग के कांचघर हनुमान टोरिया निवासी विजय कुमार चौधरी के साथ हुई थी। सभी मामले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान घटना वाले सभी एटीएम बूथों के सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई कि संदेही एक ही युवक दिखा। पूछताछ के बाद संदेही के सिवनी के होने का पता चला।

## ऑफ बीट

### झूठा है 'पैरासिटामॉल आइसक्रीम' का दावा




*हाल ही में सोशल मीडिया पर एक अजीब दावा तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि सिरदर्द के इलाज के लिए 'पैरासिटामॉल फ्लेवर वाली आइसक्रीम' बनाई गई है। तस्वीर में एक आइसक्रीम के ऊपर पैरासिटामॉल एचटीपी 500 एमजी लिखी दवा की स्ट्रिप भी दिखाई देती है। कई लोग दावा कर रहे हैं कि इस आइसक्रीम को खाने से सिरदर्द ठीक हो जाता है। हालांकि, इस दावे की जांच में सामने आया है कि यह कोई असली खाने वाला प्रोडक्ट नहीं है। दरअसल यह तस्वीर 2016 में नीदरलैंड के एक पेस्ट्री शॉप द्वारा बनाई गई एक कॉन्सेप्ट या प्रदर्शनी का हिस्सा थी। इसे बाजार में बेचने के लिए कभी लॉन्च नहीं किया गया था। जानकारी के मुताबिक यह केवल एक क्रिएटिव फूड आर्ट या पेस्ट्री डिजाइन था, जिसे ध्यान आकर्षित करने के लिए बनाया गया था। इसका दवा या मेडिकल ट्रीटमेंट से कोई संबंध नहीं है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी कहना है कि किसी भी दवा की निश्चित और सुरक्षित खुराक होती है। पैरासिटामॉल जैसी दवा को मिठाई या आइसक्रीम के रूप में लेना बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे अनजाने में दवा की मात्रा ज्यादा हो सकती है। डॉक्टरों के अनुसार पैरासिटामॉल का ओवरडोज लिवर के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है और गंभीर मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।*

**पश्चिम एशिया में युद्ध का असर:** लगातार तीसरे दिन गैस की किल्लत, इंडक्शन की मांग में 50 फीसदी का उछाल

# संसद में दावा: पेट्रोल-डीजल एलपीजी की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में ईंधन संकट की आशंकाओं पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी संभावित बाधा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच मंत्री ने कहा कि सरकार ने वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है। उन्होंने कहा कि यदि संघर्ष लंबा भी चलता है, तब भी भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित रहेगी और घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योगों के लिए बिजली उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह समय अफवाह फैलाने का नहीं है।

हालांकि सरकार के दावे के इतर, देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगह सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत कई राज्यों में घरेलू और कॉमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडर तय कीमत से कहीं ज्यादा दाम पर बेचे जा रहे हैं। हालात यह हैं कि जहां घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 900 से 1000 रुपए है, वहीं कई जगह इसे 1700 से 1800 रुपए तक में बेचा जा रहा है।

कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई शहरों में रेस्टोरेंट संचालकों ने गैस की जगह इंडक्शन या लकड़ी-कोयले के चूल्हों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

इधर, भारत सरकार ने बताया है कि ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संपर्क बनाए रखा गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार हाल के दिनों में भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच तीन बार बातचीत हुई है, जिसमें जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।


गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते लोग। फोटोः एचसी वर्मा

### 50 से 60 फीसदी गिरे ऑनलाइन फूड ऑर्डर

एलपीजी की किल्लत का असर ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेक्टर पर भी पड़ा है। 'गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन' के मुताबिक जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म पर फूड ऑर्डर 50 से 60 फीसदी तक कम हो गए हैं।

### ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर इंडक्शन आउट ऑफ स्टॉक

इस बीच, इंडक्शन कुकटॉप की मांग अचानक तेजी से बढ़ गई है। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन कुकटॉप की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है और कई ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर यह प्रोडक्ट आउट ऑफ स्टॉक हो गया है। अमेजन, फ्लिपकार्ट और ब्लिंकिट जैसे प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इंडक्शन कुकटॉप का स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है।

### इंडक्शन की कीमतें दोगुना तक बढ़ीं

इंडक्शन कुकटॉप की मांग बढ़ने के साथ ही इसकी कीमतों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। आमतौर पर भारत में इंडक्शन कुकटॉप की शुरुआती कीमत 1300 से 2000 रुपए के बीच होती है। मिड-रेंज मॉडल 2000 से 3500 रुपए तक मिलते हैं, जबकि प्रीमियम मॉडल की कीमत 3500 से 4500 रुपए या उससे अधिक तक जाती है। हालांकि हाल के दिनों में मांग बढ़ने के कारण कई ब्रांड के इंडक्शन कुकटॉप की कीमतों में 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में इनकी बिक्री तेजी से बढ़ी है।



### सरकार उठा रही है हर संभव कदम

"कुछ लोग स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं और अनावश्यक घबराहट फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है और घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# जमीनी हकीकत: ब्लैक में बिक रहे सिलेंडर, बुकिंग में भी देरी

### मप्र: छठवें दिन भी सर्वर ठप, भोपाल में ढाई दिन में सिलेंडर पहुंचाने का आदेश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल सहित पूरे मप्र में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलेवरी नहीं हो रही है। इसके अलावा नई बुकिंग में भी लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एलपीजी गैस बुकिंग के लिए कंपनियों द्वारा बनाया गया सर्वर बीते छह दिन से ठप है। इधर भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर बयान जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि जिले में सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं कोई कमी नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि गुरुवार को दिन भर विभिन्न गैस एजेंसी के बाहर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। जिन लोगों के पास किसी भी कंपनी की किताब नहीं है, उन्हें 1500 से 1700 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है। गैस एजेंसियों के कर्मचारी बाजार में कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं।

**2 लोगों से 16 सिलेंडर जब्त:** भोपाल में फूड डिपार्टमेंट ने गांधीनगर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में शाहिद मियां के बेटे लईक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मौके से 16 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। इससे पहले 11 मार्च को अशोक गार्डन स्थित आशा गैस वाले के यहां भी छापा मारा गया था। इसमें भी दर्जन भर से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए थे।

**चूल्हा जलाने धूप में तप रहे लोग:** शहर में लोग सिलेंडर के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। कई जगह लोगों को सिलेंडर मिलने में 3 से 4 घंटे तक का समय लग रहा है। लोगों का कहना है कि दो-तीन दिनों से बुकिंग करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा।

**लगातार फोन से ठप्प हो गया सर्वर:** भोपाल गैस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गुप्ता का कहना है कि लोगों में डर का माहौल है, इसलिए लगातार बुकिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वर ठप्प होने से ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है, इसलिए सप्लाई में देर लग रही है।

### कैश-फॉर-क्वेरी मामला

## महुआ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लोकपाल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में लोकपाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट ने पहले लोकपाल के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें सीबीआई को महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी दी गई थी। लोकपाल की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ शुक्रवार को सुनवाई कर सकती है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर 2025 को लोकपाल के 12 नवंबर 2025 के आदेश को रद्द कर दिया था। इस आदेश में लोकपाल ने सीबीआई को 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दी थी। हाईकोर्ट ने यह फैसला महुआ मोइत्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनाया था, जिसमें उन्होंने लोकपाल के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि इस मामले में अपनाई गई प्रक्रिया लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों से अलग है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस एचवी शंकर की पीठ ने कहा था कि लोकपाल ने कानून के प्रावधानों की व्याख्या और समझ में त्रुटि की है। अदालत के अनुसार अपनाई गई प्रक्रिया कानून की मूल भावना और उसके उद्देश्य के अनुरूप नहीं थी।

### भारत समेत 16 देशों की अमेरिका ने शुरू की जांच, कहा-

# 'अनुचित' व्यापार मिला तो लग सकता है भारी टैरिफ

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने भारत, चीन और यूरोपीय संघ समेत अपने 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई व्यापार जांच शुरू कर दी है। अमेरिकी प्रशासन ने 'सेक्शन 301' के तहत यह जांच शुरू की है, जिसके आधार पर इन देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया जा सकता है।

अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर ने बताया कि इस जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या कुछ देश अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल करके अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि जांच में ऐसे सबूत मिलते हैं तो अमेरिका इन देशों से आने वाले सामानों पर भारी टैरिफ लगा सकता है।

अमेरिका ने यह भी संकेत दिया है कि वह जबरन श्रम (फोर्स्ड लेबर) से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए अलग से जांच शुरू कर सकता है। जांच की प्रक्रिया अप्रैल में सुझाव लेने और मई में सार्वजनिक सुनवाई के बाद जुलाई तक पूरी होने की संभावना है।

### किन देशों पर हो रही जांच

इस जांच के दायरे में भारत, चीन, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे शामिल हैं।

### जांच क्यों शुरू की गई

पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए कुछ वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से व्यापारिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। प्रशासन ने फरवरी में अस्थायी रूप से 10 फीसदी का वैश्विक टैरिफ लगाया था, जिसकी समयसीमा जुलाई में समाप्त हो रही है।

### क्या है 'सेक्शन 301'

'सेक्शन 301' अमेरिका के 1974 के ट्रेड एक्ट का हिस्सा है। यह अधिकार देता है कि यदि कोई देश अनुचित व्यापारिक नीतियों के जरिए अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचाता है, तो उसके खिलाफ जवाबी टैरिफ या प्रतिबंध लगा सकते हैं। अमेरिका उन देशों की जांच कर रहा है जो अपने सामान को सस्ते दामों पर अमेरिकी बाजार में उतार देते हैं।

### भारत के लिए क्या मतलब

2025 में अमेरिका के साथ भारत का वस्तु व्यापार अधिशेष घटकर लगभग 45 अरब डॉलर रह गया। फिर भी भारत जांच के दायरे में शामिल है। अगर भारत की नीतियां अमेरिका के अनुसार अनुचित पाई जाती हैं, तो भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है।

## अमेरिका पेशावर में अपना वाणिज्य दूतावास स्थायी रूप से बंद करेगा, विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह अमेरिकी कांग्रेस को इसकी औपचारिक सूचना दे दी है। पेशावर में स्थित यह वाणिज्य दूतावास अफगानिस्तान सीमा के सबसे नजदीक अमेरिकी राजनयिक मिशन माना जाता था। वर्ष 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी सैन्य अभियान से पहले, उसके दौरान और उसके बाद यह मिशन एक महत्वपूर्ण परिचालन और लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में काम करता रहा था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार इस दूतावास को बंद करने से हर साल लगभग 75 लाख डॉलर (करीब 62 करोड़ रुपये) की बचत होगी। मंत्रालय का कहना है कि इस फैसले से पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रीय हितों या कूटनीतिक गतिविधियों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

### प.एशिया से भारतीयों की वापसी

## एयर इंडिया ने की 58 विशेष उड़ानों की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइन ने घोषणा की है कि भारतीय नागरिकों की घर वापसी के लिए 58 विशेष और नियमित उड़ानें संचालित की जाएंगी। एयर इंडिया ने बताया कि इन उड़ानों के जरिए पश्चिम एशिया के कई प्रमुख शहरों से भारतीयों को देश लाया जाएगा। इन शहरों में रियाद, जेद्दा, मस्कट, दुबई, अबू धाबी, शारजाह, सलालाह, बहरीन, दोहा, कुवैत और तेल अवीव शामिल हैं। ये उड़ानें भारत के दिल्ली, मुंबई, कोझिकोड और बेंगलूरु जैसे प्रमुख शहरों तक संचालित की जाएंगी जो नियमित और अतिरिक्त उड़ानों के जरिए भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगी। एयरलाइन के अनुसार इन विशेष उड़ानों के माध्यम से सैकड़ों भारतीयों को सुरक्षित भारत लाया जाएगा।

# महंगा हो सकता है बोतलबंद पानी कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर अब भारत के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर उद्योग पर भी दिखाई देने लगा है। वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और सप्लाई चेन में आई बाधाओं के कारण बोतलबंद पानी बनाने की लागत तेजी से बढ़ रही है। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है और बोतलबंद पानी महंगा हो सकता है।

गर्मी का मौसम शुरू होने से ठीक पहले इस उद्योग पर बढ़ता लागत दबाव चिंता का विषय बन गया है। कई पैकेज्ड वाटर कंपनियों ने अपने वितरकों को पत्र लिखकर बताया है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते कुछ कंपनियों ने वितरण स्तर पर कीमतें बढ़ाना भी शुरू कर दिया है। उद्योग से जुड़े आंकड़ों के मुताबिक बोतल बनाने में इस्तेमाल होने वाले पॉलीमर की कीमत में बड़ा उछाल आया है।



### 5 अरब डॉलर का बाजार

भारत का पैकेज्ड वाटर बाजार करीब 5 अरब डॉलर का है और यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है। देश में भूजल की गुणवत्ता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। कई अध्ययनों के मुताबिक भारत में करीब 70 प्रतिशत भूजल किसी न किसी रूप में प्रदूषित है।

### 135 देशों ने की ईरान के हमलों की निंदा

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें ईरान द्वारा खाड़ी देशों पर हमलों की कड़ी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में ईरान से तुरंत सभी हमले रोकने की मांग की गई है। बहरीन की ओर से पेश प्रस्ताव को भारत समेत 135 देशों ने सह-प्रायोजित किया। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 13 ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान से दूरी बनाई।

# सागर: 1 साल से नहीं आया पति, 4 बच्चियों को कुएं में फेंककर महिला ने लगाई फांसी

### पांच माह की है चौथी बच्ची, बेटा न होने का सामाजिक दंश भी दे रहा था तनाव

**जागरण, सागर।** सागर के केसली में परिवारजनों के जागने के पहले ही घर से चार मासूम बच्चियों को लेकर गायब हुई महिला के कदम से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। महिला ने अपनी चारों बच्चियों को गांव की ही कुएं नुमा बावड़ी में फेंक दिया। फिर खुद ने भी पास के पेड़ पर फंदा डालकर जान दे दी। सबसे बड़ी बच्ची 7 साल तो सबसे छोटी मात्र पांच माह की थी। महिला के इस कदम के पीछे तनाव को कारण बताया जा रहा है। उसका पति एक साल से घर नहीं आया है।



सविता बाई (28) पत्नी चंद्रभान लोधी अपनी चार बेटियों, ससुर और छोटी बहन के साथ रहती थी। परिवारजन जागे तो महिला व उसकी चारों बेटियां अंशिका (7), रक्षा (5), दीक्षा (3) और पांच महीने की मनीषा घर में नहीं मिलीं। तलाश करने पर महिला का शव एक पेड़ पर लटकता दिखा।

### एक साल से घर नहीं आया पति

सविता की शादी 9 साल पहले चंद्रभान से हुई थी। पति जबलपुर में बस में हेल्परी करता है। परिवार से संपर्क भी वह लंबे समय से नहीं कर रहा था। इसी बात से महिला तनाव में रहती थी। केसली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पति-पत्नी के संबंधों में कहीं बेटा न होना तो कारण नहीं है। वहीं बेटा न होने को लेकर महिला पर कोई सामाजिक दबाव तो नहीं था। मगर गांव में एक साथ पांच मौतों से सन्नाटा पसर गया है। पुलिस के साथ ग्रामीण भी पांच माह की बच्ची की तलाश में जुटे हैं।

## रिपोर्ट: एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां पर भर्ती होगी कम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर यह आशंका लगातार जताई जा रही है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां खत्म हो सकती हैं। हालांकि एक नई रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल एआई के कारण व्यापक स्तर पर नौकरियां खत्म होने के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन एंट्री-लेवल भर्ती में धीमापन दिखाई देने लगा है। एआई कंपनी एंथ्रोपिक की रिपोर्ट 'लेबर मार्केट इम्पैक्ट ऑफ एआई: अ न्यू मेजर एंड अर्ली इविडेंस' में कहा गया है कि 2022 के अंत में चैट जीपीटी के आने के बाद से उन क्षेत्रों में बेरोजगारी में कोई स्पष्ट बढ़ोतरी नहीं देखी गई, जहां




एआई का प्रभाव ज्यादा माना जाता है। लेकिन शुरुआती संकेत यह बताते हैं कि खासकर युवाओं की भर्ती की रफ्तार कुछ कम हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार 22 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं के लिए नौकरी मिलने की दर में करीब 14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है जो एआई से अधिक प्रभावित माने जाने वाले पेशों में प्रवेश कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि एआई का असर सबसे पहले नई भर्ती पर दिखाई दे सकता है, न कि बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी के रूप में।

# दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब अरबपति एलन मस्क



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क जल्द ही इतिहास रच सकते हैं। उनकी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है और वे दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि मस्क का कहना है कि उनकी संपत्ति बैंक खाते में नकद के रूप में नहीं रखी है। हाल ही में उद्यमी पीटर डायमंडिस के साथ बातचीत में मस्क ने कहा, मेरी संपत्ति असल में उन कंपनियों में मेरी हिस्सेदारी है, जिन्हें मैंने बनाया है। यह ऐसा पैसा नहीं है जो बैंक में पड़ा हो। मस्क के मुताबिक, उनकी कंपनियां उपयोगी तकनीक और सेवाएं बना रही हैं, इसलिए उनकी वैल्यू बढ़ती जा रही है।

**तेजी से बढ़ रही मस्क की संपत्ति :** फोर्ब्स के मुताबिक एलन मस्क पहले से ही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अक्टूबर 2025 के बाद उनकी नेटवर्थ तेजी से बढ़ी और यह 500 अरब डॉलर, 600 अरब डॉलर, 700 अरब डॉलरऔर अब 800 अरब डॉलर के स्तर को पार कर चुकी है। मस्क की कुल संपत्ति टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्सएआई में उनकी हिस्सेदारी से बनती है। यह रकम इतनी ज्यादा है कि यह गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संयुक्त संपत्ति से भी ज्यादा हो चुकी है। फोर्ब्स के मुताबिक, मस्क की कुल संपत्ति 840.6 बिलियन डॉलर है, जो भारतीय करेंसी में 77.61 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।

**स्पेस एक्स आईपीओ से मिल सकता है बड़ा बूस्ट :** विश्लेषकों का मानना है कि स्पेस एक्स का संभावित आईपीओ मस्क की संपत्ति को और तेजी से बढ़ा सकता है। हाल ही में उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स और एआई कंपनी एक्स एआई के मर्जर के बाद दोनों की संयुक्त वैल्यू लगभग 1.25 ट्रिलियन डॉलर आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि स्पेस एक्स का आईपीओ करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन पर आ सकता है।

**पुरस्कार** 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होगा बीसीसीआई का वार्षिक अवॉर्ड समारोह

# गिल क्रिकेटर ऑफ द ईयर, द्रविड को लाइफटाइम अचीवमेंट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह में भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं भारत के महान बल्लेबाज और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को प्रतिष्ठित कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा।

बीसीसीआई का वार्षिक अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय क्रिकेट से जुड़े कई खिलाड़ियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित करने की योजना है। घरेलू क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि इन पुरस्कारों को लेकर बीसीसीआई की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार समारोह में इन नामों की घोषणा की जाएगी। गिल का साल 2025 में प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और टीम की कई अहम जीतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टेस्ट क्रिकेट में गिल ने 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में 70 से अधिक की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उन्होंने 490 रन बनाए और भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम योगदान दिया।



2025 में तीनों फॉर्मेट को मिलाकर गिल ने 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनके इसी प्रदर्शन के कारण उन्हें बीसीसीआई का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया जा रहा है।

भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिने जाने वाले राहुल द्रविड़ को इस बार कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। द्रविड़ ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में टेस्ट क्रिकेट में 13,288 रन और वनडे में 10,889 रन बनाए। बल्लेबाजी के साथ-साथ उन्होंने कोच के रूप में भी भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में भारत ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने 2024 का टी-20 विश्व कप जीता और वनडे विश्व कप के फाइनल तक भी पहुंची।

### मिताली को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। दिग्गज खिलाड़ी मिताली का अंतरराष्ट्रीय करियर करीब 23 साल लंबा रहा। उन्होंने 1999 में मात्र 16 की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। मिताली ने 232 वनडे में 7805 रन बनाए, जो महिला क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12 मैचों में 699 रन बनाए और 214 रन की पारी खेलकर दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय और सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनीं।





### अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान आयुष म्हात्रे भी होंगे सम्मानित

इस समारोह में भारत को अंडर-19 वनडे विश्व कप जिताने वाले कप्तान आयुष म्हात्रे को भी सम्मान दिया जाएगा। उन्हें लाला अमरनाथ अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

# कलेक्ट्रेट परिसर का अतिक्रमण तत्काल हटाया जाय : मऊगंज कलेक्टर

## सीएम राइज स्कूल का कार्य समय पर पूर्ण करने के दिये निर्देश



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विकासखंड क्षेत्र ढेरा में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को निर्देशित किया कि विद्यालय भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मऊगंज में निर्माणाधीन नवीन कलेक्ट्रेट भवन के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर भी कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास किए गए अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे शासकीय भूमि सुरक्षित रह सके और निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने देवतालाब क्षेत्र में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के लिए उपयुक्त शासकीय भूमि चिन्हित करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए शीघ्र भूमि चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीम मऊगंज राजेश मेहता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तर पर रोजगार मेलों के विस्तार के निर्देश

## रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना प्राथमिकता

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। बैठक में पिछले वर्ष आईटीआई छात्रों के प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रमुख कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों की संख्या एवं प्लेसमेंट प्रतिशत की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्लेसमेंट दर बढ़ाने हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, नेशनल अप्रेंटिसिप प्रमोशन स्कीम के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कर युवाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में माइनिंग ब्रांच प्रारंभ करने में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर इसे जल्द शुरू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के डाटा, स्वीकृत ऋण, ऋण उपयोग एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी संकलित करने के निर्देश भी दिए गए। अप्रेंटिसशिप के अवसरों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री जैन ने स्थानीय उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाने तथा अधिक युवाओं को अप्रेंटिसशिप से जोड़ने की कार्ययोजना के निर्देश दिए। नियमित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने, रोजगार एवं अप्रेंटिस मेले नियमित रूप से आयोजित करने तथा निजी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। रोजगार मेलों का विस्तार ब्लॉक स्तर तक करने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने आधुनिक ट्रेड्स ईवी, सोलर एवं डिजिटल स्किल्स प्रारंभ करने तथा अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। डिजिटल एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने, आईटीआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुनः कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में परियोजना अधिकारी एपी द्विवेदी उप संचालक कृषि ,जिला कौशल समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन चाकघाट में 14 मार्च से



**चाकघाट, नि.प्र.।** स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर में श्री सीताराम वैदिक धर्म संस्कृति प्रचारक मंडल अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अखंड भारत धर्म जागरण यात्रा के वाहक एवं कथावाचक अरविंद शुक्ला के श्री मुख से संगीतमय श्री राम कथा एवं आध्यात्म चर्चा प्रति दिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आप समस्त क्षेत्र वासियों एवं नगर के सभी धर्मानुरागी बंधुओं को श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त होगा । कथावाचक अरविंद शुक्ला एवं सन्यासी की संसार यात्रा अखंड भारत धर्म जागरण यात्रा के दौरान चाकघाट नगर के श्री हनुमान मंदिर में नगर वासियों के सहयोग से उक्त श्री राम कथा का आयोजन 14 मार्च दिन शनिवार से आगामी 20 मार्च दिन शुक्रवार तक अनवरत वाचन करेंगे। आयोजक ने क्षेत्र एवं नगर के समस्त धर्म प्रेमी बन्धुओं, माताओं एवं बहनों तथा नवयुवकों से अपील है कि उक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं, व पुण्य लाभ अर्जित कर अपना आगम राममय करें ।

# घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित करायें : कलेक्टर

**मऊगंज, नि.प्र.।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण आयात में हुई रुकावट को देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिये हैं कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को किया जाए। ऑयल कंपनी द्वारा घरेलू परिवारों को नियमित रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए, एलपीजी वितरण में और भी उपाय शुरू किए गए हैं। पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इस परिस्थिति में उपभोक्ताओं के मध्य गैस की आपूर्ति को लेकर अफवाह के कारण गैस एजेंसी के प्रतिष्ठानों /गोदामों में भीड़ एवं कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इस हेतु पूर्व तैयारी। एहतियात के रूप में प्रतिदिन संबंधित आवश्यक सेवा (एलपीजी गैस) को देखते हुए एजेंसी । प्रतिष्ठानों /गोदाम स्थल में गश्त । सुरक्षा प्रदान कराया जाना सुनिश्चित करें। जिले से समस्त थाना प्रभारी प्रत्येक गैस एजेंसी । प्रतिष्ठानों । गोदाम स्थल में घरेलू गैस सिलेंडर की नियमित सप्लाई व एलपीजी वितरण हेतु गश्त । सुरक्षा प्रदान करें।

# महावीरन हनुमान मंदिर शाहपुर में श्रीमद् भागवत कथा की 21 मार्च से बहेगी बयार

**हनुमना, नि.प्र.।** खटखरी ग्राम पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता राजू गुप्ता ने संवाददाता को बताया कि मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर में स्थित एवं विराजमान प्राचीन श्री महावीरन हनुमान जी महाराज का बहुत ही दिव्य मंदिर है। जहां पर 21 मार्च दिन शनिवार से 27 मार्च दिन शुक्रवार तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्त दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ एवं दिव्य दरबार का आयोजन किया गया है एवं 27 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का प्राकट्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक समस्त भक्तजन महावीरन हनुमान मंदिर शाहपुर के होंगे एवं कथा व्यास पंडित श्री लक्ष्मी नारायण (वृंदावन वाले) पीठाधीश्वर विज्ञान धर्म सरकार अतः सभी धर्म प्रेमियों सनातन प्रेमियों से आग्रह है कि हनुमाना तहसील अंतर्गत शाहपुर श्री महावीरन हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में पहुंचकर भागवत कथा का रसपान करें और अपने जीवन को कृतार्थ करें।

# रामायण कथा मानवता की पाठशाला है : राघवाचार्य महाराज

## हनुमंता ग्राम में हो रहा है श्रीमद् वाल्मिकीय रामायण कथा का आयोजन



**मनगवां, नि. प्र.।** मनगवां की पावन धरा पर पवित्र चैत्र मास में डॉ एसएस तिवारी परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् वाल्मिकीय रामायण कथा महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु भक्त रामकथा श्रवण कर अध्यात्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राघवाचार्य महाराज के श्रीमुख से विगत सात दिनों से भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण पावन राम कथा का रसास्वादन कराया जा रहा है। आज अष्टम दिवस की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम के दिव्य चरित्र, उनकी महानता, करूणा, औदार्य को महर्षि वाल्मीकि ने देवर्षि नारद जी की प्रेरणा से श्रीमद् रामायण लिखते हैं। इसलिए आदिकवि ब्रह्मा जी को कहा गया है। ब्रह्मा जी ही अपनी सकल सत्ता का निवेश वाल्मीकि जी में करते हैं। ब्रह्मा जी ही महर्षि वाल्मीकि बनकर आते हैं। संपूर्ण प्रजा राम को राजा के रूप में देखना चाहती है। जो गुण भगवान राम में है वह उनके पूर्वजों में भी नहीं था। राम के अंदर वह दिव्यता है वह सामर्थ्य है कि वह त्रैलोक्य का राजा बनने की पात्रता रखते हैं। व्यासजी ने कहा कि कर्म तीन प्रकार के होते हैं - संचित कर्म, प्रारब्ध कर्म और क्रियामान कर्म। और यह तीनों कर्म यज्ञकर्म, शुभकर्म, दानबल, मंत्रबल और योगबल से मिटाये जा सकते हैं।छल, कपट, ईर्ष्या, द्वेष बनकर सरस्वती मंथरा की मति में प्रवेश कर गई। मंथरा के जिह्वा पर माँ सरस्वती विराजित हो गई। मंथरा कैकेयी को राम के विरुद्ध भड़काने लगी। कैकेयी में नाना प्रकार की भ्रांतियाँ पैदा होने लगी।कौशल्या धर्म अनुष्ठान में हैं, सुमित्रा कार्य-व्यवस्था प्रबन्धन में हैं और कैकेयी रूठ कर कोप भवन में बैठी हैं। पहले रूठ कर रानियाँ प्रायः कोप भवन में बैठ जाया करती थीं। लेकिन फिर आज तक कोई कोप भवन नहीं बना। राजा दशरथ कैकेयी को मनाने का भरसक प्रयत्न करने लगे। उन्हें अपने कुल की रीति नीति की दुहाई देने लगे। रघुकुल रीति सदा चली आई। प्राण जाए पर वचन न जाई।। कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने पूर्व के दो वरदान मांगे। कैकेयी राजा दशरथ को गुरु की और धर्म की शपथ देने लगी। राजा दशरथ को वह राम की सौगन्ध देने लगी। लेकिन कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान माँगे। पहला - भरत को राज्य सिंहासन और दूसरा - राम को 14 वर्षों का वनवास। तापस वेश विशेष उदासी। चौदह बरस राम बनवासी । लोक-कल्याण के लिए, धर्म की रक्षा के लिए, आततायियों के वध के लिए चिरकाल से प्रतीक्षित राघव वन को जायें। इसी प्रसंग के साथ कथा को विराम दिया गया। राम कथा महोत्सव के आयोजन समिति एवं डॉ एस एस तिवारी परिवार के द्वारा सभी श्रोता श्रद्धालु का आभार प्रकट करते हुए कल कथा की पूर्णाहुति और चौदह मार्च को हवन एवम् महाप्रसाद भंडारा में सभी भक्तों से सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित कथा महोत्सव में पधारने की विनम्र अपील की गई है।

### इन्होंने किया कथा का रसपान

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वक्ता, श्रोता, यजमान परिवार के साथ-साथ मुरैना से पधारे राजू भारद्वाज मेजा प्रयागराज से पधारे सुनील मिश्रा नागपुर से पधारे श्रीनिवास मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह, शत्रुघ्न सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, महेंद्र सिंह अतरैला,भारत लाल पांडेय, , गिरीश सिंह, डॉ अरुण तिवारी तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, चंद्रमणि शुक्ला, शैलेंद्र श्रीवास्तव, कविता, पांडे विपिन शुक्ला शिवपूजन शुक्ला, रामायण पांडे कमल सिंह, केदार प्रसाद मिश्रा, डॉ विमल कुमार पांडेय, आर्य प्रसाद त्रिपाठी, बद्री प्रसाद मिश्रा,मंगल सोनी, प्रकाश चौरसिया, संतोष तिवारी महेंद्र दुबे, प्रेम शंकर शुक्ला सुनील अग्निहोत्री, कवि राम लखन सिंह महागना, मनोज तिवारी महेंद्र तिवारी, एडवोकेट बालेंद्र तिवारी, शिवबहोर मिश्रा कवि सत्येंद्र शुक्ला डॉक्टर शिव कुमार शुक्ला बंशीधर द्विवेदी, सच्चिदानंद गौतम, पुरजन, परिजन, बंधुजन, संत समाज, साधकगण सहित भारी तादात में श्रोता श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 9 महीने बाद मिली लौर थाना क्षेत्र की गुमशुदा 17 वर्षीय नाबालिग

## पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में नाबालिग बच्चों की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लौर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लगभग 9 महीने से लापता 17 वर्षीय नाबालिग को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले भर में गुमशुदा नाबालिगों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह तथा एसडीओपी मऊगंज सचि पाठक के मार्गदर्शन में थाना लौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुमशुदा किशोरी को खोज निकाला। बताया गया कि 2 जून 2025 को थाना लौर क्षेत्र के ग्राम अमोच निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के अचानक घर से लापता होने की सूचना थाना में दर्ज कराई थी। इस सूचना पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 42/25 दर्ज कर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध क्रमांक 253/25 कायम कर मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही तलाश और तकनीकी सहायता के आधार पर आखिरकार 12 मार्च 2026 को गुमशुदा नाबालिग को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई पूरी कर किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना लौर निरीक्षक राजेश पटेल, सहायक उप निरीक्षक रमेश भारती, आरक्षक वीरेन्द्र शुक्ला, महिला आरक्षक नूतन मिश्रा थाना लौर तथा आरक्षक शशिकांत रजक थाना मऊगंज का विशेष योगदान रहा।

# उप डाकघर गुढ़ के नवीन कार्यालय भवन श्री सदन का आज होगा शुभारंभ

**गुढ़ (नि.प्र)।** उप डाकघर गुढ़ के नवीन कार्यालय भवन श्री सदन में श्री कष्टहरनाथ गेट के पास शुभारंभ आज 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार संवत 2082 चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी को सायं 4 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे और उनके करकमलों से नवीन कार्यालय भवन का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने की है।

# सलैया पन्निहान टोला में देवी पुराण कथा का आयोजन 18 मार्च से

## महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा 28 मार्च को

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सलैया (पन्निहान) टोला में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देवों के देव महादेव एवं पूर्वजों गुरुजनों तथा माता-पिता के पुण्य प्रताप से बुधवार 18 मार्च से शनिवार 28 मार्च तक देवी महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है । इस कथा के आयोजन करता मुख्य रूप से कामता प्रसाद मिश्रा पिता स्वर्गीय मंगलेश्वर प्रसाद मिश्रा सलैया (पन्निहान टोला) के द्वारा कराया जाएगा। कामता प्रसाद मिश्र ने समाचार के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण भक्तों से यह अपील है कि देवी पुराण कथा का श्रवण एवं शनिवार 28 मार्च को महाप्रसाद वितरण एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपील किया गया है।

# गले में फंसीं रस्सी से परेशान गौवंश का गौरक्षा दल ने किया रेस्क्यू

**मनगवां नि. प्र.।** मनगवां सब्जी मंडी में पिछले कई दिनों से गले में फंसी रस्सी की पीड़ा झेल रहे गौवंश को, कड़ी मेहनत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। इस पुनीत कार्य में सहयोग गौरक्षक दल रीवा जिला मंत्री रवि यादव, शिवम दहिया, दुर्लभ तिवारी, शशिधर शुक्ला, सूर्या सोनी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरक्षक रवि यादव ने संवाददाता को बताया कि मनगवां सब्जी मंडी में पिछले कई दिनों से एक नंदी बाबा गले में फंसी रस्सी के कारण असहनीय पीड़ा झेल रहे थे। लगभग 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत और भारी संघर्ष के बाद, नंदी बाबा को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। रस्सी कटते ही उनके चेहरे का सुकून ही हमारी मेहनत का सबसे बड़ा फल था सच्ची भक्ति कर्म में है, और बेजुबान की सेवा ही ईश्वर की असली पूजा है।

# विद्युत उपकेंद्र के लिए वनाधिकार समिति ने दी मंजूरी, बारी चौरा में बनेगा सब-स्टेशन

**मऊगंज, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के बारी चौरा क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत सब-स्टेशन बनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक में बारी चौरा में विद्युत सब-स्टेशन निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। समिति ने परीक्षण में पाया कि इस निर्माण से किसी भी हितग्राही की वन भूमि प्रभावित नहीं हो रही है। उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति हनुमना द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। यह उपकेंद्र आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बनाया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र के लिए कुल 4.392 हेक्टेयर वन भूमि का चयन किया गया है। इसमें वन मंडल रीवा (क्षेत्र मऊगंज) के कक्ष क्रमांक आरएफ-295 (0.978 हे.), आरएफ-314 (0.602 हे.) और आरएफ-315 (2.812 हे.) शामिल हैं। इस विद्युत उपकेंद्र के बन जाने से क्षेत्र की बिजली समस्याओं का समाधान होगा। बैठक में वनाधिकार अधिनियम के तहत सभी तकनीकी पहलुओं की समीक्षा के बाद सर्वसम्मति से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की मंजूरी दी गई। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# पानी की भारी समस्या, उपयंत्री को हटाने की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** वार्ड क्रमांक 11 नवीन थाना से लेकर चकरा टोला गली तक जनमानस को पानी की भारी समस्या कई वर्षों से है। वार्ड के जनप्रतिनिधियों ने कई बार उपयंत्री व अधिकारियों को बताया गया परंतु आज तक निदान नहीं किया गया। वार्ड क्रमांक 10 के निवासी हजारीलाल गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता कल्याण दास गुप्ता रामलाल बहेलिया अंजलि लाल गुप्ता आदि के द्वारा बताया गया कि नरोत्तम चक्की वाले से लेकर सुमेर गुप्ता किराना वाले के घर तक गंदा बदबूदार पानी पाइपलाइन से आता है, जिसकी शिकायत कई बार नगर परिषद एवं अपने वार्ड जन प्रतिनिधि से की गयी पर अभी तक निदान नहीं किया गया। जन प्रतिनिधियों ने बताया कि हम लोग अपने-अपने वार्ड में विकास के लिए बहुत प्रयास करते हैं पर उपयंत्री के मनमानी रवैये कारण हम लोग अपने प्रयास में असफल हो रहे हैं। जिला अधिकारी मऊगंज से मांग है कि हनुमना नगर परिषद में 32 वर्षों से पदस्थ उपयंत्री का स्थानांतरण कराया जाए।

# सरंपच ने लगाया उप सरपंच व सचिव पर राशि आहरण करने के आरोप

**आंचलिक, डेस्क।** जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत देउपाकोठार सरपंच सुत्रामा आदिवासी ने गुरुवार को आयुक्त, कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ को शिकायत कर बताया कि ग्राम पंचायत के उप सरपंच एवं सचिव (वित्तीय प्रभार) दिनेश प्रसाद तिवारी गलत बिल में हस्ताक्षर कराए जाने दबाव बनाकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। शिकायत में सरपंच ने बताया कि वह आदिवासी महिला है और ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं है। उप सरपंच व सचिव उन्हें आए दिन धमकी देकर कहते हैं कि तू हमारे कहने पर काम नहीं करेगी तो सरपंची नहीं कर पाएगी। तुझे बर्बाद कर दूंगा और जेल भी करवा दूंगा। पूर्व में भी इनके द्वारा आरसीसी नाली निर्माण बसंतलाल के घर से नाला तरफ के कार्य में फर्जी तरीके से प्रस्ताव पारित कर सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर मनरेगा में बिल लगाकर करीब 5-6 लाख रुपए राशि आहरित की है। जिसकी शिकायत प्रार्थिया द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर में 29 जुलाई 24 को की गई किन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके पूर्व भी प्रार्थिया की बगैर जानकारी के पेवर ब्लॉक, पीसीसी व चबूतरा निर्माण आदि कार्य फर्जी तरीके से सचिव व उपसरपंच करवा चुके हैं। विरोध करने पर प्रार्थिया को धमकाया जाता है। प्रार्थिया ने उपसरपंच व सचिव के विरुद्ध जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# वाहनों की चेकिंग बंद, बिना हेलमेट चला रहे बाइक

## यातायात थाना प्रभारी पर लापरवाही की शिकायत

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के यातायात थाना प्रभारी मऊगंज के लापरवाही से हजारों की संख्या में बिना हेलमेट व इंश्योरेंस के वाहन सड़क पर धडल्ले से दौड़ रहे हैं। उनके वाहनों की चेकिंग तक नहीं किया जाता है, केवल खाना पूर्ति के लिए एक दो वाहन की रसीद बना देते हैं, फिर चेकिंग के नाम लंबी राशि हफ्ता वसूली की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रीवा से मिर्जापुर, व हनुमना से सीधी मार्ग पर हजारों की संख्या में क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर यात्री ले जा रहे हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, यहां तक की ऑटो व सैकड़ो की संख्या में टैक्सी बिना परमिट चलाई जा रहीं हैं। ड्राइवर का लाइसेंस तक नहीं रहता है, ऐसे वाहन फर्राटा मारते दौड़ रहे हैं, इस तरह लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, यहां तक की रीवा मिर्जापुर मार्ग व बीच बाजार में हनुमना ,बहरी मार्ग सड़क अवरुद्ध रहता है परंतु यातायात के कोई कर्मचारी हनुमना बाजार में दिखाई नहीं देते। घंटों तक सड़क पर अराजक स्थिति देखी जाती है बावजूद इसके शासन एवं प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रमणि द्विवेदी (मुन्ना) झरी ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज से मांग की है कि ऐसे यातायात थाना प्रभारी का स्थानांतरण करके नए थाना प्रभारी की स्थापना करके मोटरसाइकिल, टैम्पो, टैक्सी, जीप व बसों की जांच कराई जाए।

# टमस नदी के जल वाहिनी पुल की मरम्मत कराने उठी मांग

## जीर्ण शीर्ण अवस्था में है जल वाहिनी पुल

**जवा ब्यूरो।** जल संसाधन विभाग तरायी आंचल की जीवन दायिनी त्योथर फ्लो मिनी बाणसागर सिंचाई परियोजना अंतर्गत भड़रा पटहट रूपौली घाट टमस नदी पर करोड़ों रुपए की लागत से बना जल वाहिनी पुल वर्ष 2020-21 में गुणवत्ताहीन एवं अमानक स्तर के निर्माण कार्य के चलते पुल गिर कर ध्वस्त हो गया था, पुल में कार्य करने वाले श्रमिकों तक को जान गंवानी पड़ी थी जिसके दंड स्वरूप निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर दुबारा जल वाहिनी पुल का निर्माण कार्य कराया गया था।लेकिन घटिया एवं



अमानक स्तर के निर्माण कार्य के चलते दो साल के अंदर ही जल वाहिनी पुल जर्जर हो गया है। यदि शीघ्र मरम्मत का कार्य नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में पुल में कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ज्ञात हो कि तरायी आंचल की जीवन दायिनी मिनी बाणसागर सिंचाई परियोजना के लिए भड़रा पटहट रूपौली को जोड़ने वाले जल वाहिनी पुल से ही पानी निकलता है। वर्तमान में सैकड़ों गांवों के हजारों हेक्टेयर खेतों में नहर का पानी मिल रहा है। जल संसाधन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी रवैया के चलते पुल दिनों दिन जर्जर होता जा रहा है पुल के टूटा हुआ है, आरसीसी उखड़ गई है, शरिया दिख रहा है जिनसे लगातार पानी बह रहा है। जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। ज्ञात हो कि जल वाहिनी पुल का निर्माण वर्ष 2020-21 में संविदाकार विजय मिश्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी रीवा के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित किया गया था लेकिन घटिया एवं अमानक स्तर के निर्माण के चलते शुरूआत में ही पुल गिरकर ध्वस्त हो गया था, जिसका निरीक्षण जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव राधेश्याम जुलानिया द्वारा भी किया गया था।

### दर्जनों गांवों को जोड़ता है यह पुल

जल वाहिनी पुल के नीचे से पानी छोड़ा जाता है एवं ऊपर से आसपास के दर्जनों गांवों के हल्के टैक्टर ट्राली जीप कार गुजरते हैं। पुल काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से जल वाहिनी पुल का शीघ्र मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है।

# ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी की दो वेतन वृद्धियाँ रोकी गई

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी हनुमना सतेन्द्र गौतम की दो वेतन वृद्धियाँ असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है। वित्तीय वर्ष में राज्य व केन्द्रीय योजना की लक्ष्य पूर्ति में रूचि नहीं लेने एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर दो वेतन वृद्धियाँ रोकी गयी है।

# मऊगंज जिला 'जल अभावग्रस्त क्षेत्र' घोषित निजी नलकूप खनन पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**मऊगंज जागरण।** मऊगंज जिले में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले को तत्काल प्रभाव से 'जल अभावग्रस्त क्षेत्र' घोषित कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश 15 जुलाई 2026 तक या वर्षा आरंभ की अवधि तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार सिंचाई और अन्य कार्यों के लिए अत्यधिक दोहन के कारण भू-गर्भ जल स्तर में तेजी से गिरावट आई है, जिससे आने वाले समय में पेयजल संकट की स्थिति बन सकती है। आम जनता को पीने का पानी सुलभ कराने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। जिले में अब कोई भी व्यक्ति या निजी ठेकेदार बिना पूर्व अनुमति के नया नलकूप नहीं खोद सकेगा। यह प्रतिबंध निजी खनन पर पूर्णतः लागू है, हालांकि सरकारी नलकूप खनन कार्य इससे मुक्त रहेंगे। नदी, नालों, स्टॉप डैम, सार्वजनिक कुओं और अन्य जल स्रोतों के पानी को केवल पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित किया गया है। किसी भी विशेष परिस्थिति में जल स्रोतों के अन्य उपयोग या खनन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने कहा है कि पेयजल संकट से निपटने के लिए संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# इरादे, नियंत्रण और आक्रामकता से सैमसन के लिए टी-20 विश्व कप सुनहरे सपने जैसा



- पहले चार मैचों में बाहर रहने के बाद संजू सैमसन की शानदार वापसी
- तीन नॉकआउट में लगातार 80+ रन और 190 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| 05 | मैच |
| 321 | रन |
| 27 | चौके |
| 24 | छक्के |
| 97* | बेस्ट |
| एसआर | 199.37 |
| एवरेज | 80.25 |

जेएनएन, नई दिल्ली

संजू सैमसन के लिए यह विश्व कप किसी सुनहरे सपने जैसा रहा। टूर्नामेंट के शुरुआती चार मैचों में प्लेइंग 11 से बाहर रहने के बाद उन्होंने निर्णायक मोड़ पर वापसी की। इसके बाद शुरू हुआ उनके बल्ले का वो तूफान, जिसने बड़े-बड़े गेंदबाजों को घुटनों पर ला दिया। तीन हाई-प्रेशर नॉकआउट मुकाबलों में सैमसन ने लगातार तीन बार 80 से ज्यादा रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 190 के पार रहा। महज पांच पारियां खेलने के बावजूद वह इस टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे और उन्हें निर्विवाद रूप से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। किसी भी फॉर्मेट के नॉकआउट मैचों में लगातार तीन मैच जिताऊ पारियां खेलना बड़ी उपलब्धि है, लेकिन टी-20 जैसे अनिश्चित खेल में यह करिश्मा और भी मुश्किल हो जाता है। यहां लगातार आक्रामक रुख अपनाए रखने की मजबूरी अक्सर विकेट गिरने का जोखिम बढ़ा देती है। यह भी सच है कि सैमसन को थोड़े भाग्य का साथ मिला; इंग्लैंड के खिलाफ वह महज 15 रन पर पवेलियन लौट जाते अगर हैरी ब्रूक ने उनका आसान सा कैच न टपकाया होता। हालांकि उस एक मौके को छोड़ दें तो सैमसन की इस कामयाबी का असली राज उनका आक्रामक इंटेंट और नियंत्रण का बेमिसाल तालमेल रहा, जिसकी गवाही आंकड़े खुद दे रहे हैं। टी-20 बल्लेबाजी का मूल सिद्धांत है कि हर गेंद से अधिकतम रन निकालने की कोशिश की जाए। सैमसन ने टूर्नामेंट की हर पारी में यही इंटेंट दिखाया। नामीबिया के खिलाफ आठ गेंदों पर 22 रन से लेकर फाइनल में 46 गेंदों पर 89 रन तक उनकी मंशा बिल्कुल साफ थी।

## सैमसन का बाउंड्री शॉट्स पर कंट्रोल 79.17 प्रतिशत

- इंटेंट और स्ट्राइक रेट ने रनों की रफ्तार तो तय की, लेकिन रनों का अंबार और निरंतरता, सैमसन के शॉट चयन और नियंत्रण से आई। यह काबिलियत तब और निखरकर सामने आई जब वह बाउंड्री की तलाश में बड़े शॉट खेल रहे थे। बाउंड्री लगाने की कोशिश के दौरान उनका कंट्रोल प्रतिशत 79.17 रहा। इसका मतलब है कि हर पांच आक्रामक शॉट्स में से केवल एक बार ही उनका शॉट गलत हुआ।
- इस विश्व कप में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त देखें, तो केवल रियान रिकल्टन ही नियंत्रण के मामले में उनसे आगे थे, जिनका कंट्रोल प्रतिशत 80 रहा। हालांकि, रिकल्टन का इंटेंट प्रतिशत महज 37.3 था, जो सैमसन के मुकाबले काफी कम है। दूसरी ओर, किशन का इंटेंट 52.44 प्रतिशत रहा जो टूर्नामेंट में सबसे अधिक था, लेकिन बाउंड्री शॉट्स पर उनका कंट्रोल प्रतिशत गिरकर 67.44 पर आ गया।

## इरादा और नियंत्रण

- जब आक्रामक बाउंड्री इंटेंट, ऊंचे कंट्रोल प्रतिशत और बाउंड्री शॉट्स पर जबरदस्त स्ट्राइक रेट का मिलन होता है, तो समझ लीजिए कि बल्लेबाज अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है। बाउंड्री इंटेंट और कंट्रोल प्रतिशत के आधार पर तैयार किया गया स्कैटर प्लॉट साफ दिखाता है कि इस विश्व कप में अलग-अलग धुरंधर इन पैमानों पर कहां टिकते हैं। इसमें सिर्फ उन बल्लेबाजों को रखा गया है, जिन्होंने कम से कम 125 गेंदें खेलीं और जिनका आक्रामक इंटेंट 30 प्रतिशत से ज्यादा रहा।

आमतौर पर टी-20 फॉर्मेट में इस तरह के समझौते को मंजूरी दी जाती है। यानी ज्यादा बाउंड्री की चाहत में ज्यादा गलत शॉट्स का जोखिम। मगर सैमसन की खासियत यह रही कि गेंद की लाइन, लेंथ और रफ्तार को भांपने की उनकी क्षमता इतनी सटीक थी कि वह आक्रामकता के ऊंचे स्तर के बावजूद गेंदबाजों को कोई मौका नहीं देते थे। यही वह बड़ी वजह थी जिसने उनकी निरंतरता को टूटने नहीं दिया। नतीजा यह रहा कि उनके बल्ले से लगातार तीन यादगार पारियां निकलीं। वह विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल और फाइनल, दोनों बड़े मुकाबलों में 80 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

- टिम साइफर्ट और फिन एलन इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक ओपनिंग जोड़ी साबित हुए। इन दोनों ने अपनी सामना की गई गेंदों में से 46 प्रतिशत से अधिक पर बाउंड्री बटोरने की कोशिश की, लेकिन इस चक्कर में उनका कंट्रोल प्रतिशत 70 से नीचे गिर गया। फिन एलन के मामले में तो यह 60 प्रतिशत से भी कम रहा, जो इस सूची के 24 बल्लेबाजों में सबसे कम था।



- आंकड़ों के अनुसार सैमसन ने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें लगभग 45 प्रतिशत पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश की। टूर्नामेंट में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले 25 बल्लेबाजों में केवल तीन खिलाड़ियों ने इससे ज्यादा बार गेंदों को सीमा रेखा के बाहर भेजने की इच्छा जताई। उन तीन खिलाड़ियों में इशान किशन, फिन एलन और टिम साइफर्ट का नाम शामिल है।
- सैमसन ने केवल बाउंड्री लगाने की कोशिश ही नहीं की, बल्कि वह इसमें पूरी तरह सफल भी रहे। जिन 72 गेंदों पर उन्होंने बड़े शॉट खेलने का जोखिम लिया, वहां उनका स्ट्राइक रेट लगभग 357 का रहा। इन गेंदों पर उनके बल्ले से 26 चौके और 24 छक्के निकले। इस विश्व कप में कम से कम 125 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची भी देखें, तो आक्रामक शॉट्स पर सैमसन से बेहतर स्ट्राइक रेट किसी और का नहीं था। तुलना के लिए, इशान का स्ट्राइक रेट इन्हीं गेंदों पर 302 रहा, जो इस लिस्ट के 25 बल्लेबाजों में नौवें नंबर पर था।
- हाई इंटेंट और उन गेंदों पर इतना जबरदस्त स्ट्राइक रेट यह साफ करता है कि बल्लेबाज हर गेंद का पूरा फायदा उठाने में कितना कामयाब रहा है। सैमसन के पूरे टूर्नामेंट का 199.37 का स्ट्राइक रेट भी इसी बात की गवाही देता है। विश्व कप के इतिहास में अगर कम से कम 75 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों के 397 उदाहरणों को देखें, तो सिर्फ एक बार किसी खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट इससे ज्यादा रहा है। यह रिकॉर्ड फिन एलन के नाम है, जिन्होंने इसी 2026 के संस्करण में 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। कम से कम 125 गेंद खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच बना ग्राफ साफ दिखाता है कि सैमसन ने इस टूर्नामेंट में किस कदर अपना दबदबा कायम किया।

## खेल एक नजर


### हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के बाद भारत की नजरें क्वालिफायर जीतने पर



**हैदराबाद, जेएनएन।** विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें अब एफआईएच विश्व कप क्वालिफायर जीतने पर लगी है और इसके लिए शुक्रवार को इटली के खिलाफ सेमीफाइनल जीतना पहला कदम होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पूल-बी में तीन मैचों में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही। स्कॉटलैंड के भी सात अंक थे, लेकिन गोल औसत में पिछड़ने के कारण वह दूसरे स्थान पर है। भारत ने पूल चरण में दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। इटली पूल-ए में दूसरे स्थान पर रही, जिसने एक मैच जीता, एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया। भारत के लिए फॉरवर्ड नवनीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जो अब तक चार गोल कर चुकी हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक लगाई थी। इटली की उम्मीदें फेडरिका कार्टा पर टिकी होंगी, जो अब तक तीन गोल कर चुकी है। कागजों पर भारत का पलड़ा भारी लग रहा है। आमने सामने के मुकाबलों में दोनों टीमें 2012 से अब तक एक दूसरे के खिलाफ सात बार खेली हैं, जिनमें से पांच भारत ने जीते, एक इटली ने और एक मैच ड्रॉ रहा। एफआईएच महिला और पुरुष विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा।

## मैदान से हटकर

### गौरव-कृतिका की शादी में खेल दिग्गज हुए शामिल



टीवी प्रेजेंटर और क्रिकेट कमेंटेटर गौरव कपूर ने बेहद सादगी के साथ मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा से शादी कर ली। यह निजी समारोह मुंबई के बांद्रा स्थित गौरव के घर पर आयोजित किया गया, जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी में क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई जानी-मानी हस्तियां पहुंचीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह अपनी पत्नी हेजल कीच और बच्चों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में समारोह में शामिल हुए। वहीं, पूर्व गेंदबाज आशीष नेहरा भी शादी में पहुंचे। युवराज के बच्चों को देखकर नेहरा काफी खुश नजर आए। इस खास मौके पर पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग भी मौजूद रहे। बॉलीवुड से भी कई सितारों ने शादी में शिरकत की। नेहा धूपिया अपने पति अंगद बेदी के साथ पहुंचीं। इसके अलावा अमृता अरोरा, मलाइका अरोरा भी समारोह में शामिल हुईं। गौरव और कृतिका लंबे समय से अपने रिश्ते को निजी रखते आए हैं। हाल ही में दोनों ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों और ब्रेकफास्ट डेट की कुछ तस्वीरें साझा की थीं। दिसंबर 2025 में कृतिका ने एक प्यारी सी तस्वीर शेयर कर अपने ब्रेकफास्ट डेट की झलक भी दिखाई थी। (जेएनएन)

# इंडियन वेल्सः पांच बार के चैंपियन जोकोविच को हराकर जैक ड्रेपर ने क्वार्टरफाइनल में



**जेएनएन, इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 साल ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा कि मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं, जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था। जोकोविच इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना 11वां खिताब जीतने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हार गए थे।

### पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में भांबरी



**भारत** के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पहला अवसर है, जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे। भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला।

# बुमराह मेसी या रोनाल्डो जैसे, किसी टीम में रख दो, वे चैंपियन बना देंगे

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन सहित दिग्गज क्रिकेटरों ने की जसप्रीत की तारीफ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टी-20 विश्व कप के सुपर स्टार जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाजों को देखा है, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। स्टिक टु क्रिकेट पर वॉन ने स्वीकार किया कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाज देखे हैं, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। वॉन ने कहा, बुमराह को इंग्लैंड की टीम में रख दीजिए, वह इसे जिता देंगे। उनके साथ बैठे इंग्लैंड के क्रिकेटर मार्क बुचर ने भी इस पर सहमति जताई। बुचर ने कहा, हां, आप उन्हें किसी भी टीम रख दीजिए, वह आपको जिता देंगे। इस पर वॉन ने कहा, बिल्कुल। वह शायद लियोनेल मेसी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह के खिलाड़ी हैं। इस दौरान डेविड लॉयड ने वॉन को टोकते हुए पूछा, क्या आप ये कह रहे हैं कि आपने अब तक जितने भी गेंदबाज देखे, उनमें वह बेस्ट है? इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने अपनी बात दोहराते हुए फिर कहा, हां, वह है। मैंने 1985 से क्रिकेट देखना और समझना शुरू किया और तब से मैंने जिनको भी देखा उनमें वह बेस्ट हैं। हालांकि इंग्लैंड के ही एक और पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कूक इस बात पर सहमत नहीं नजर आए कि बुमराह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। कूक ने ये तो माना कि बुमराह हर फॉर्मेट में मौजूदा पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, लेकिन इस पर सवालिया निशान लगाया कि क्या उन्होंने वाकई टेस्ट क्रिकेट में कोई निर्णायक और मैच विजेता स्पेल फेंका है। कूक ने सवाल उठाया, क्या वह टेस्ट क्रिकेट में मैच जिताने वाले स्पेल फेंकने के लिहाज से बेस्ट हैं? बिना किसी शक-सुबहा के वह फिलहाल हर फॉर्मेट के बेस्ट बॉलर हैं, मैं मानता हूं। आप मोटे तौर पर यह कह सकते हैं। लेकिन क्या वह किसी टेस्ट में 15 रन देकर 8 विकेट जैसे स्पेल फेंके हैं या वह उस तरह के गेंदबाज हैं?

## बिम10: भ्रष्टाचार के आरोप में गेंदबाज सर्ल्स और दो शीर्ष अधिकारी निलंबित

**ब्रिजटाउन, जेएनएन।** आईसीसी ने बारबाडोस में 2023-24 बिम10 टूर्नामेंट के दौरान भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के कई उल्लंघनों के कारण तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जावोन सर्ल्स और एक फ्रेंचाइजी से जुड़े दो लोगों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। सर्ल्स के अलावा आईसीसी ने टाइटन्स टीम के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है। बिम10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं, जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं। यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था, जो क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के अंतर्गत आता है। आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज दोनों ने अपने-अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत ये आरोप लगाए हैं। आईसीसी ने कहा कि तीनों को 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है। आरोपों में मैच फिक्सिंग, खिलाड़ियों को भ्रष्ट गतिविधियों के लिए उकसाना और भ्रष्टाचार-रोधी अधिकारियों को संदिग्ध संपर्कों की जानकारी नहीं देना शामिल है। सर्ल्स ने वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

## द हंड्रेडः सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार को 2.34 करोड़ में खरीदा



**लंदन, जेएनएन।** चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को 'द हंड्रेड' खिलाड़ी नीलामी के दौरान स्पिनर अबरार अहमद को खरीदा, जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय के मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा करार किए जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए 190000 पाउंड (लगभग 2.34 करोड़ रुपए) दिए। उनके खरीदे जाने से उन बातों पर भी विराम लग गया कि हंड्रेड में भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगाएंगी, क्योंकि आईपीएल की फ्रेंचाइजी ने 2009 से दोनों पड़ोसी देशों के बीच खराब राजनयिक रिश्तों के कारण उनसे कोई अनुबंध नहीं किया है। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का भी मालिक है। सनराइजर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी काव्या मारन नीलामी में शामिल हुईं। उनकी एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम भी है, लेकिन उनके पास इस टीम में कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है। अबरार नीलामी के दौरान बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। इससे पहले एक और स्पिनर उस्मान तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 140,000 पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपये) में खरीदा था।

## स्विस ओपनः भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बाहर, मन्नेपल्ली दूसरे दौर में

**बासेल, जेएनएन।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज गुरुवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए, जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री-क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली 16-21, 21-16, 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं।

## टी-20: पृथ्वी-रितिक के अर्धशतक से भोपाल ने लगाई जीत की हैट्रिक



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल ने जेएन भाया ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर संभाग को 29 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भोपाल ने कप्तान पृथ्वीराज तोमर (82), रितिक ताडा (52) और कनिष्क दुबे (48) की शानदार पारियों की बदौलत पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 247 रन बनाए। जवाब में जबलपुर 8 विकेट पर 218 रन ही बना सकी। अमर जोशी ने 68 और जफरुद्दीन अनवर ने 42 रन का योगदान दिया। प्लेयर ऑफ द मैच तनिष्क यादव ने 4 विकेट लिए। अन्य मैच में रीवा ने चंबल को 91 रन से हराया। रीवा के 220/3 के जवाब में चंबल 9 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। तीसरे मैच में इंदौर ने 6 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में उज्जैन ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। वहीं ग्वालियर ने सागर को आठ विकेट से शिकस्त दी। सागर ने 8 विकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना सकी। जवाब में ग्वालियर ने 11.3 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल की। नर्मदापुरम ने शहडोल को 7 विकेट से पराजित किया।

# फेडेरिको की हेट्रिक रियाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को हराया

### चैंपियंस लीगः पीएसजी ने चेल्सी को हराकर लिया पिछली हार का बदला



जेएनएन, मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा कि हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें। यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है, तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

- अन्य मैचों में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चेल्सी को 5-2 से हराया। पीएसजी पिछले साल क्लब विश्व कप के फाइनल में चेल्सी से हार गया था और उसने एक तरह से उसका बदला चुकता कर दिया। अब वह तीन गोल की बढ़त के साथ दूसरे चरण का मैच खेलेगा।
- एक कम मशहूर टीम बोडो-ग्लिम्ट भी स्पोर्टिंग लिस्बन पर 3-0 की जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के करीब है। आर्सेनल और बायर लेवरकुसेन के बीच खेला गया पहले चरण का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

## उप मुख्यमंत्री आज शहडोल के प्रवास पर

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 13 मार्च को सुबह 7 बजे रीवा से शहडोल रवाना होंगे। शहडोल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरांत शुक्ल शाम 5.15 बजे रीवा वापस आयेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## सीधी जिले की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद आज 13 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा करेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही कलेक्टर्स, कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस, पेंशन प्रकरण, किये गये।

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
मिलते-जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
अब दर्द भी घुटने टेकेगा...
घुटने दर्द, कंधे दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

## आज खुलेगा ईव्हीएम वेयर हाउस

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार आमचुनाव में मतदान के लिए उपयोग की गई ईव्हीएम सुरक्षित भण्डारित की गई हैं। आयोग के निर्देशों के अनुसार 13 मार्च को शाम 3.30 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस नियमित त्रैमासिक निरीक्षण के लिए खोला जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

## कूटरचित तरीके से खसरे बनाने वाले पटवारी सहित 8 पर दर्ज हुई एफआईआर

### हनुमना पुलिस ने की कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** हनुमना थाना क्षेत्र के सलैया में अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी रूप से आदेश कर खसरे में नाम दर्ज करने के मामले में तहसीलदार के निर्देश के बाद हनुमना पुलिस ने पटवारी सहित 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। बताया गया कि ग्राम उधौपुर्वा में तत्कालीन पटवारी हीरालाल कोल ने फर्जी कूटरचित कर खसरा क्रमांक 331/2, 347/2, 347/4, 358-2 में जालसाजी कर अवैध तरीके से फर्जी कम्प्यूटर खसरे में भू स्वामियों के नाम दर्ज किए गए। मामले की शिकायत राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्रा निवासी सलैया ने हनुमना थाना में की थी। गलत तरीके से खसरे में नाम दर्ज करवाने के मामले में पुलिस ने मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी, धनंजय त्रिपाठी, पंचदेव त्रिपाठी, अमरदीप त्रिपाठी व तत्कालीन पटवारी हीरालाल कोल पर मामला पंजीबद्ध किया है। बताया गया कि उक्त भूमि में मृतका सरोज त्रिपाठी सहखातेदार के रूप में दर्ज नहीं थीं, जबकि उसका मृत्य प्रमाण पत्र लगाकर कूटरचित तरीके से आरोपियों ने खसरे में अपना नाम चढ़वा लिया था, जिसकी जांच व प्रशासन के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

फिर एक टूरिस्ट बस हादसे की शिकार

# रायपुर से लखनऊ जा रही बस सोहागी घाटी में ट्रेलर से टकराई

### एक दर्जन यात्री घायल, 4 गंभीर



जागरण, रीवा

सोहागी घाटी में गुरुवार की अलसुबह एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। यात्रियों से भरी टूरिस्ट बस सोहागी घाटी में सुबह करीब 4 बजे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। बस रायपुर छत्तीसगढ़ से लखनऊ जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर यात्रियों की चीख पुकार शुरू हो गई। सूचना के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक दर्जन यात्री हादसे में घायल हुए है। चार यात्रियों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में सोहागी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मनगवां-चाकघाट नेशनल हाइवे 30 पर लखनऊ जा रही यात्री बस हाइवे पर खड़े गिट्टी से लोड ट्रेलर के पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में करीब दर्जनभर यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सोहागी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि सभी घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर बस के ट्रेलर से पीछे से टकराने को हादसे की वजह बस का चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है। हादसे में बस चालक बृजेंद्र कुमार पाण्डेय निवासी शहडोल व कमला पटेल निवासी पड़रिया छत्तीसगढ़ को गंभीर चोट पहुंची है जिन्हें त्योंथर से रीवा एसजीएमएच रेफर किया गया है।

### खराब ट्रक बना घटना का कारण

सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही वो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। दो घायलों को संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बताया गया कि घाटी में गिट्टी से लोड ट्रेलर में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिससे वह खड़ा था, इसी बीच बस खड़े ट्रेलर से टकरा गई। फिलहाल पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। गनीमत रही कि इस सड़क हादसे में किसी की जान नहीं गई।

## दो बाइकों में आमने की टक्कर, दो घायल

**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र के महावीरपुर गांव के पास गुरुवार की दोपहर दो बाइकों के बीच हुई आमने सामने से जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक रामजतन सोधिया 30 वर्ष निवासी चरैया व व राम बहादुर सोधिया 31 वर्ष बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार महावीरपुर गांव के समीप पहुंचे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक का चालक ने टक्कर मारा और मौके से फरार हो गया। फिलहाल घटना में घायल दोनों युवकों को उपचार नईगढ़ी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

## नवविवाहिता की मौत पर पति सहित 5 गिरफ्तार

### मायके पक्ष के लोगों ने दहेज प्रताड़ना का लगाया था आरोप



**जागरण, रीवा।** शादी के 9 माह बाद नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर मऊगंज पुलिस ने मृतका के पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित परिवार के लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था। मऊगंज पुलिस घटना के बाद मर्ग कायम कर विवेचना कर रही थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई। पति सहित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 9 महीने पहले मृतका कुंती केवट की शादी हुई थी, जिसकी बीते माह 23 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि दहेज की मांग और कथित प्रताड़ना के बीच नवविवाहिता की मौत सामने आने के बाद मऊगंज पुलिस ने कार्रवाई की। कुंती केवट 20 वर्ष निवासी हर्रई मुड़हान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर कुंती के साथ मारपीट की जाती थी और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के अनुसार 23 फरवरी को ससुराल वालों ने कुंती के साथ मारपीट की, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या और प्रताड़ना की धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति कुशल केवट, सुसर रामसजीवन केवट, सास कमलेशवती केवट ,जेठ लवकुश केवट व जेठानी गीता केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

## लूट के मामले में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

### बैकुंठपुर पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** लूट के मामले में फरार इनामी आरोपी को बैकुंठपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। आरोपी की तलाश पुलिस बीते डेढ़ वर्ष से कर रही थी। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा 5000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस पूरे मामले के संबंध में जानकारी देते हुए बैकुंठपुर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने बताया कि आयुष कुशवाहा निवासी बरगांव द्वारा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को ग्राम मझगवां निवासी विष्णु सिंह सहित उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर उन्हें रोक कर मोबाइल और 10 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने वारदात के मास्टरमाइंड विष्णु सिंह को गिरफ्तार कर लिया था जबकि तीन आरोपी फरार थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच 5000 का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद ग्राम मझगवां निवासी शिवम उर्फ लकी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस प्रकरण में शामिल फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश अभी कर रही है।

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 15 मार्च 2026 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001 समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222

TAKSHSHILA INTERNATIONAL HIGH SCHOOL Chorgadi Rewa
Vacancy
Invites applications from qualified and experience candidates for the post of-

| S.No. | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | English | 01 | Graduate/ Post Graduate B.Ed./D.Ed is Mandatory. |
| 2. | Maths | 01 | |
| 3. | Science | 01 | |
| 4. | Social Science | 01 | |
| 5. | Nursery Teacher | 02 | |
| 6. | Sanskrit | 01 | |
| 7. | Music | 01 | |

Salary: PRT- 12000 | TGT- 15000 | Spoken English Is Must
Form Submit- 13.03.2026
Interview will be held on 14.03.2026 Time- 11am
Salary will be decided on the basis of Qualification, Experience and work efficiency.
9203102430, 9685673776 Principal

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

JOB VACANCY ADITYA BIRLA GROUP
Accountant : 02 Position
Must be experience in Tally Prime
Salary : 15,000 to 25,000
Marketing : 04 Position
For Interview 10:00 am to 06:00 pm
9310752623 8318549930

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
REQUIREMENT
PGT - Mathematics - 1 Post, English - 1 Post, Economics - 1 Post, Political Science - 1 Post, Physical Education - 1 Post, Artificial Intelligence - 1 Post
TGT - Computer - 1 Post, Mathematics - 1 Post, English - 1 Post, Sanskrit - 1 Post
PRT - 5 Post
PPRT - 3 Post
Driver- 03 Post •Helper- 04 Post
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

माधव पब्लिक स्कूल
कक्षाएं Nursery to 8th माध्यम English/Hindi Medium
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
विशेषताएं
• योग्य अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
• स्पोकन इंग्लिश की विशेष कक्षाएं।
• म्यूजिक, डान्स, गायन की विशेष कला सिखाई जाती है।
• सुविधा युक्त खेल परिसर।
• सर्वसुविधा युक्त कम्प्यूटर लैब।
पता : कुसुम वाटिका, पोखरी टोला-रीवा (म.प्र.) मो. :9229986302

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स), प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक, पॉलीट्रामा, पल्मोनरी मेडिसिन
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में 15 मार्च, रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनांक को समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला MBBS, M.D., D.M. (Endocrinology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433,9981287311

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ • IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com